सुप्रभात
रांची, रविवार
01.10.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, द्वितीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 81

12 स्वर्ण जयंती क्लब : दिखेगी आदिवासी संस्कृति की झलक

## न्यूज डायरी

### लापुंग में एके 47 से फायरिंग, एक की मौत

**लापुंग।** रांची के लापुंग थाना क्षेत्र के हुलसु गांव में शुक्रवार आधी रात अज्ञात अपराधियों ने दो युवकों राजेश और संदीप पर एके 47 से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। राजेश की मौके पर ही मौत होगयी। दूसरा युवक संदीप गंभीर हालत में रिम्स में इलाजरत है।

### कुपवाड़ा में ढेर हुए दो पाकिस्तानी घुसपैठिये

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में पुलिस और सेना ने उत्तरी कश्मीर में घुसपैठ कर रहे दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को मार गिराया। खुफिया इनपुट के आधार पर मच्छल सेक्टर के कुमकाडिया क्षेत्र में सेना और पुलिस ने संयुक्त अभियान में दोनों को मार गिराया। मुठभेड़ स्थल से दो एके राइफल, चार मैगजीन, 90 राउंड, एक पिस्तौल और एक थैली और पाकिस्तानी 2100 रुपये बरामद किये गये।

### अब सात तक बदल सकेंगे 2,000 के नोट

**नयी दिल्ली।** 2 हजार रुपये के नोट बदलने की तारीख अब 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी गयी है। पहले 30 सितंबर तक थी। जारी सूचना के अनुसार अब 7 अक्टूबर तक 2 हजार के नोट बदले जा सकेंगे या बैंक में जमा किये जा सकते हैं। अबतक 96 प्रतिशत नोट जमा हो चुके हैं। आरबीआइ ने कहा कि 2,000 रुपये के नोट सात अक्टूबर के बाद भी वैध मुद्रा बने रहेंगे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 54,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## तारा शाहदेव लव जिहाद प्रकरण : सजा पर फैसला पांच को

# मुश्ताक के साथ रकीबुल और उसकी मां दोषी करार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** चर्चित नेशनल शूटर तारा शाहदेव लव जिहाद मामले में रांची सीबीआइ की विशेष कोर्ट ने शनिवार को रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन, उसकी मां कौशल रानी और हाइकोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार (विजिलेंस) मुश्ताक अहमद को दोषी करार दिया है। अब पांच अक्टूबर को सजा पर फैसला होगा। धर्म छिपा कर शादी करने, इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव देने, यौन उत्पीड़न और प्रताड़ित करने के मामले में कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ यह फैसला सुनाया। अदालत से बाहर







निकलने के बाद तारा शाहदेव ने कहा कि नौ साल से इसी न्याय की उम्मीद थी। आखिरकार उन्हें कोर्ट से इंसाफ मिला। इससे वह संतुष्ट है। वहीं तीनों दोषियों को पुलिस ने कस्टडी में ले कर होटवार जेल भेज दिया गया।

**क्या था मामला :** 2014 में तारा शाहदेव के धर्म परिवर्तन और यौन उत्पीड़न मामले ने पूरे देश में सुर्खियां बटोरी थीं। इस मामले में 2015 में सीबीआइ ने जांच शुरू की थी। सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई चल रही थी, जिसका फैसला आया। 7 जुलाई 2014 को तारा शाहदेव को रकीबुल ने धोखा देकर शादी की थी।

### इसी न्याय की उम्मीद थी : तारा शाहदेव

कोर्ट से बाहर निकलने के बाद तारा शाहदेव ने कहा कि नौ साल से इसी न्याय की उम्मीद थी। उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा था। आखिरकार उन्हें कोर्ट से इंसाफ मिला और वह इससे वह संतुष्ट है। फैसला सुनने के लिए रांची सिविल कोर्ट में हर कोई बेताब दिख रहा था। कोर्ट परिसर में अलग से रैफ के जवान को तैनात किया गया था।

शादी के कुछ दिनों के बाद तारा शाहदेव को पता चला कि रंजीत सिंह कोहली दरअसल रकीबुल है। पहले पुलिस ने जांच शुरू की थी।

(शेष पेज 11 पर)

## स्क्वैश : भारत ने पाक को हरा जीता 10वां गोल्ड

### रोहन बोपन्ना-रुतुजा भोंसले ने टेनिस में जीता सोना

**हांगझोउ (एजेंसी)।** एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष स्क्वैश टीम ने शनिवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 2-1 से हरा कर स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाल लिया। इससे पहले 7वें दिन का पहला गोल्ड मेडल भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले की जोड़ी ने टेनिस में दिलायी। शूटिंग में भारत को सिल्वर भी मिला था। वहीं पुरुष हॉकी में भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को पाकिस्तान को 10-2 से रौंद दिया। इसी के साथ भारत सेमीफाइनल के



लिए भी क्वालिफाई कर गया। बॉक्सिंग में महिलाओं के 75 किग्रा सेमीफाइनल में ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और मौजूदा विश्व चैंपियन लवलीना बोरगोहेन ने जगह बना कर भारत के लिए एक पदक सुनिश्चित कर दिया। इसके साथ ही भारत के पदकों की संख्या 38 हो गयी। इसमें 10 गोल्ड, 14 सिल्वर और 14 ब्रॉन्ज शामिल है। मिश्रित युगल टेनिस के फाइनल में रोहन बोपन्ना और ऋतुजा भोंसले ने ताइपे को 2-6, 6-3, 10-4 से हरा कर शनिवार को नौवां गोल्ड जीता। वहीं ओलंपिक सेंटर में भारत की पुरुष स्क्वैश सौरव घोषाल, महेश मनगांवकर और अभय सिंह की टीम ने रोमांचक मैच में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

### हॉकी में भारत ने पाक को रिकार्ड 10 गोल से रौंदा

एशियाई खेलों के पुरुष हॉकी में भारत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को पाकिस्तान को 10-2 से रौंद दिया। इसी के साथ भारत ने सेमीफाइनल के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई में टीम इंडिया ने लगातार चौथी जीत हासिल की। अब भारत का आखिरी पूल-ए में बांग्लादेश से सामना होगा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने चार और वरुण ने दो गोल दागे। ललित, शमशेर, मनदीप और सुमित ने एक-एक गोल किया। यह भारत-पाकिस्तान हॉकी मैच में पहली बार है जब दोनों में से किसी एक टीम ने 10 गोल दागे हैं।

## आजसू महाधिवेशन का दूसरा दिन

# खतियान आधारित स्थानीय नीति हम लेकर रहेंगे : सुदेश

- स्थानीय नीति, रोजगार, स्वशासन-सुशासन व युवा नीति प्रमुख एजेंडा
- झारखंड नवनिर्माण संकल्प समागम के अहम विषयों और सवालों पर परिचर्चा में विशेषज्ञों ने रखी बात
- महाधिवेशन के अंतिम दिन आज एक लाख लोगों की होगी भागीदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के महाधिवेशन के दूसरे दिन शनिवार को रांची के मोरहाबादी में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय नीति झारखंड के मूलवासियों एवं आदिवासियों का सिर्फ एक मांग पत्र नहीं, यह हमारे पूर्वजों का सपना भी है। इसके लिए झारखंड की धरती ने कुर्बानियां दी हैं। दिवंगत विनोद बिहारी महतो और शहीद निर्मल महतो के बलिदान को हम व्यर्थ नहीं जाने देंगे। पूर्वजों ने इसके लिए अपनी जानें दी हैं और अब इसे हासिल करना हमारी जिद है। दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़े एवं आदिवासी हमारा साथ दें तो हम खतियान आधारित स्थानीय नीति देंगे। उन्होंने कहा कि यह आज की पीढ़ी का दृढ़ संकल्प भी है।

हम इसके लिए वैधानिक ढांचों के अंतर्गत तब तक ईमानदारी से लड़ते रहेंगे, जब तक इसे हासिल नहीं कर लेते। एक आंदोलनकारी परिवार से आने के कारण झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन हमारे भाई हैं, लेकिन यह बेहद दुखद है कि इन्होंने अपने भ्रष्ट शासन और बेलगाम प्रशासन से राज्य की जनता को शर्मसार किया है। झारखंड आंदोलन के शहीदों को अपमानित किया है। हम सभी झारखंडवासी के रूप में शर्मिंदगी महसूस कर रहे हैं। महाधिवेशन के दूसरे दिन अहम विषयों और सवालों पर आयोजित परिचर्चा में विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी बातें रखी। इसमें विशेषज्ञों ने खनन-उद्योग का राज्य में कृषि विकल्प बने, उसके लिए अपनी बातें रखीं।




### सत्ता में बैठे लोग खुद जमीन लूट में शामिल

उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग खुद जमीन लूट में शामिल हैं। सरकार संरक्षित, बाहरी दलाल एवं माफिया खनिजों के लूट में शामिल हैं। आदिवासी-मूलवासी के नाम पर सत्ता शिखर पर पहुंची पार्टी को आजसू यह इजाजत कतई नहीं देगी कि वह आज पूरे झारखंड को लूटे और बाहर के लोगों को भी लूटने के लिए कर दे। आज झारखंड आंदोलनकारी पार्टी के सत्ता में बैठे उत्तराधिकारी को राज्य के मूलवासी और आदिवासी को यह बताना बताना चाहिए कि लूट राज्य के मुख्य किरदारों, दलालों एवं बिचौलियों के रूप में जिन लोगों एवं नौकरशाहों के नाम आ रहे हैं कौन है? कहां से आये हैं? और लूटकर माल किसको दे रहे हैं? राज्य की जनता को अपनी संपत्ति बैंक में नहीं रखने तथा उसे जमीन में गाड़ने की सलाह देते देते इन लोगों ने खुद इतनी लूट ली है कि उसे गाड़ने के लिए जमीन कम पड़ गयी।

(शेष पेज 11 पर)



स्पीड न्यूज

## जन सेवा संघ ट्रस्ट के रक्तदान शिविर में 265 युनीट रक्त संग्रह



जमशेदपुर। जन सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वावधान मे एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले, समाजसेवी शिव शंकर सिंह, जंबू अखाड़ा के संरक्षक बंटी सिंह, युवा समाजसेवी बंटी सिंह, हर हर महादेव सेवा संघ के महामंत्री अखिलेश पाण्डे अर्पण संस्था के जूगुन पांडे, महेश मिश्रा, कल्याणी पाठक, रितिका श्रीवास्तव, अमृत कौर, सपना थापा, अनीशा सिन्हा, रीना सिंह ने शामिल होकर रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। संस्था की ओर से 265 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस मौके पर संस्था की ओर से आशुतोष तिवारी, कुणाल शर्मा, सागर खत्री, बी. अंतरजीता राव, रुद्र प्रताप उदरक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया एवं सिदगोड़ा थाना प्रभारी भूषण कुमार को भी सम्मानित किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में विशाल कुमार, सूरज, बादल शर्मा, मिठू कुमार, प्रशांत सिन्हा, अमन सिंह, हेमंत माईती, कृष्ण मोहन, कुणाल शर्मा, सुरज सिंह राजपूत, विजय चौहान सुनील गुप्ता, विक्की नायडू, राघव शर्मा, सागर खत्री, आशीष घोष, अभिषेक पांडे, रोहित पांडे, सौरव पोद्दार, अभिषेक सिंह, राहुल, अभिजीत घोष, रोशन झा एवं अन्य का योगदान रहा।

## डीजीएम राकेश कुमार ने संभाला यूसील कार्मिक विभाग का प्रभार



जमशेदपुर/जादूगोड़ा। (यूसील के निवर्तमान महाप्रबंधक एस के शर्मा (कार्मिक) की जिम्मेदारी संभालेंगे राकेश कुमार। शर्मा के शनिवार को सेवानिवृत होने के बाद उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) को लिखित तौर पर अपने कार्यालय में प्रभार सौप दिया। इधर नई जिम्मेदारी मिलने के बाद यूनियन नेताओं समेत कई लोग उन्हें कार्यालय पहुंच कर या कई फोन पर बधाई देने वालो का ताता लग गया है।

# बारीडीह में अस्था ग्रुप बना रहा 43 मंजिला हाई राइज ट्वीन टावर

सत्येन्द्र कुमार/विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के पूर्वी छोर बारीडीह हुरलुंग स्थित आस्था ट्वीन सिटी सैटेलाइट टाउनशिप में झारखंड, बिहार, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ का सबसे ऊंचा हाई राइज बिल्डिंग ट्वीन टावर एटीसी अल्टिमा आस्था विकसित की जा रही है जो जी प्लस 43 मंजिला होगी। रविवार को इस हाई राइज ट्वीन टावर की बुकिंग शाम पांच बजे से ओपन हो रही है। यह हाई राइज ट्वीन टावर 110 करोड़ रुपये की लागत से बन रही है जिसका निर्माण एरिया 4.5 लाख वर्गफुट है। यहां सिर्फ तीन बेडरुम वाले 300 फ्लैट होंगे जो क्रमशः 1500 और 1800 वर्गफीट बिल्ड अप एरिया वाले होंगे। आपको बता दें कि आस्था बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स के निदेशक जमशेदपुर के नामी समाजसेवी कौशल कुमार सिंह, कामिनी कौशल सिंह और पुत्र व युवा उद्यमी सुंदर सिंह हैं। सुंदर सिंह ने खबर मन्त्र से विशेष बातचीत में कहा, हम एटीसी अल्टिमा आस्था के जरिए जमशेदपुरवासियों को पूर्वी भारत में गर्व का अहसास कराना चाहते हैं। यह भी कि हमारे शहर के लोग अब हाई राइज बिल्डिंग में रहने की योग्यता रखते हैं और उन्हें इंटरनेशनल लेवल का आवासीय सुविधा देने का समय आ गया है। इस हाई राइज बिल्डिंग का निर्माण आस्था ट्विन सिटी बरेली में तीन एकड़ भूमि पर किया जाएगा। एटीसी अल्टिमा आस्था नामक इस हाई राइज बिल्डिंग डायरेक्टर कौशल कुमार सिंह का यह सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। निदेशक सुंदर सिंह बताते हैं, इस हाई राइज बिल्डिंग को 2028 तक कंप्लीट कर लिया जाएगा। इसमें पहले 4 फ्लोर मल्टी स्टोरी कार पार्किंग का होगा जबकि पांचवें फ्लोर पर बैंक्विट, स्विमिंग पूल, गार्डन, और पार्टी प्लेस के अलावा खेल का मैदान भी डेवलप किया जाएगा। इस हाई राइज बिल्डिंग में जी+ 43 ट्विन टावर होंगे जिनकी ऊंचाई 137 मीटर होगी।



ऐसी होगी एटीसी अल्टिमा आस्था हाई राइज ट्वीन टावर।



आस्था के निदेशक कौशल कुमार सिंह।



निदेशक कामिनी कौशल सिंह।



आस्था के युवा निदेशक सुंदर सिंह।

### प्रति सेकेंड 3.5 मीटर की गति से चलने वाले हाई स्पीड लिफ्ट लगेंगे

हाई राइज बिल्डिंग में हर फ्लोर पर एक सर्विस लिफ्ट और दो अन्य लिफ्ट लगे होंगे जो प्रति सेकंड 3.50 मीटर की गति से चलेंगे। एटीसी अल्टिमा में बिजली की आपूर्ति जेवीएनएल की होगी किंतु 100% पावर बैकअप की भी व्यवस्था रहेगी। सुंदर सिंह बताते हैं की पावर काटने की स्थिति में ऑटोमेटिक पावर बहाल हो सकेगा। सुंदर सिंह का कहना है कि हमारी कंपनी जमशेदपुर में रहने वालों को दलमा पहाड़ी श्रृंखला व स्वर्ण रेखा नदी नदी की नैसर्गिक सुंदरता और बादलों के बीच रिश्ता स्थापित करने के लिए यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट लेकर आ रही है।

### फायर सेफ्टी और इमर्जेंसी एग्जिस्ट का फूल प्रूफ इंतजाम

डायरेक्टर सुंदर सिंह बताते हैं कि हाई राइज ट्वीन टावर एटीसी अल्टिमा में फायर सेफ्टी और इमरजेंसी एक्जिस्ट के तमाम इंतजार अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप होंगे। हर फ्लोर की हर रूम में फायर स्ट्रींगर लगा होगा। एटीसी अल्टिमा के रूफटॉप पर 3.5 लाख लीटर रिजर्व पानी टैंक होगा और इतनी ही क्षमता का रिजर्व वॉटर टैंक अंडरग्राउंड भी रहेगा। इसके अलावा हर फ्लोर एवं अपार्टमेंट में स्मोक एग्जॉस्ट फैन लगे होंगे ताकि धुआं अंदर इकट्ठा नहीं हो इसके अलावा हर फ्लोर पर फायर एक्जिस्ट की व्यवस्था रहेगी।

### पूर्वी भारत में कोलकाता में मात्र तीन ऐसी हाई राइज बिल्डिंग

आपको बता दे एटीसी अल्टिमा अल्टिमा से पहले कोलकाता के मात्र तीन हाई राइज बिल्डिंग ऐसे हैं जो 40 फ्लोर से ऊंचे हैं। कोलकाता में इन बिल्डिंगों के नाम हैं : द 42, 88 ईस्ट और द अर्बन। इन तीनों हाई राइज बिल्डिंग को छोड़ दें तो एटीसी अल्टिमा सबसे ऊंची हाई राइज बिल्डिंग होगी।

# देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है एलआइसी : श्रीकांत मिश्रा

## बीमा कर्मचारी संघ जमशेदपुर मण्डल का स्वर्ण जयन्ती वर्ष सम्मेलन

### मोदी सरकार एलआइसी को कमजोर करने में लगी है, विरोध करेगा संघ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शनिवार को बीमा कर्मचारी संघ जमशेदपुर मण्डल के 50वें अधिवेशन का खुला सत्र माईकल जॉन ऑडिटोरियम, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में हुआ। इस सम्मेलन का शुभारम्भ एक भव्य रैली के साथ हुआ, जो ऑडिटोरियम से निकलकर बिष्टुपुर मेन रोड होते हुये पुनः ऑडिटोरियम में समाप्त हुआ। इसके पश्चात आईईएजेडी की अध्यक्षा कॉ० पुरबी घोष ने आईईएजेडी का झण्डा फहराया। तत्पश्चात शहीद बेदी पर माल्यार्पण किया गया एवं आईईएजेडी के पचास वर्षों के इतिहास को समेटे हुये एक फोटो गैलरी का उदघाटन किया गया। इसके बाद खुले सत्र का आगाज हुआ। इस सत्र में बीमा कर्मियों के अलावा विभिन्न बिरादराना संगठनों यथा सीआईटीयू, बैंक, रेलवे आदि के प्रतिनिधियों एवं सदस्यों ने भी भाग लिया। आईईएजेडी के महासचिव अमित माईति ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।



आइइएजेडी के 50 वें अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते का. श्रीकांत मिश्रा।

आज के इस खुले सत्र के उद्घाटनकर्ता और मुख्य अतिथि कॉ० श्रीकांत मिश्रा ने अपने सम्बोधन में एलआईसी और बीमा कर्मचारी संगठन एआईआईईए की उपलब्धियों का जिक्र करते हुये कहा कि एलआईसी ने 5 करोड़ रुपए से अपनी शुरूआत की और आज यह 46 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति का प्रबंधन करती है। जब कभी भी भारत की अर्थव्यवस्था डगमगाती है या किसी संस्थान पर कोई संकट आता है तो, एलआईसी ही आगे बढ़कर उसकी मदद करती है। उन्होने कहा कि एलआईसी की इन बेमिसाल उपलब्धियों के बाबजूद भी सरकार इसको कमजोर करने की कोशिश कर रही है। एआईआईईए का जिक्र करते हुये उन्होने कहा कि वह एआईआईईए ही था जिसने 80 के दशक में एलआईसी को 5 भागों में विभक्त करने की सरकार की कोशिशों को नाकाम किया। उन्होने कहा कि एआईआईईए सिर्फ बीमा कर्मचारियों के लिए नहीं लड़ती है , बल्कि वह समाज के सभी वर्गों के लिए आवाज उठाती है। इस अवसर पर एआईआईईए के महान नेता और पूर्व महासचिव कॉ० सरोज चौधरी की मूर्ति का अनावरण भी किया गया। सभा को ईसीजेडआईईए के अध्यक्ष कॉ० प्रदीप मुखर्जी एवं ईसीजेडआईईए के महामंत्री कॉ० त्रिनाथ डोरा समेत विभिन्न ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। सभी ने वर्तमान समय में एकजुट होकर चुनौतियों से लड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। सम्मेलन का प्रतिनिधि सत्र कल 1 अक्तूबर और 2 अक्तूबर को चलेगा।

## गोपाल मैदान में विशाल करम महोत्सव आज



जमशेदपुर। कुड़मी सेना की ओर से आगामी 1 अक्टूबर को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में भव्य रूप से करम महोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान पारंपरिक रूप से करम डाल की पूजा की जाएगी, उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। उक्त जानकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विशाल महतो ने दी। इस दौरान सम्मान कार्यक्रम का भी आयोजन होगा जिसमें समाज के तीन विभूतियों को कुड़मी रत्न से सम्मानित किया जाएगा। पश्चिम बंगाल की कुड़मी न्यायाधीश में नूपुर महतो, सुजाता महतो, और ओड़िसा की न्यायदीश मन्दिरा मोहंता होंगी सम्मानित।

## पूजा के दौरान महिला सुरक्षा पर हो विशेष ध्यान : दुलाल भुइयां

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम सेंट्रल दुर्गा पूजा समिति जिला में शांति और सौहार्द्रपूर्ण ढंग से पूजा की पक्षधर है। पूजा कमेटियों के साथ ही श्रद्धालुओं, खासकर महिलाओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इस दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर आज समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाली आगामी दुर्गा पूजा के मद्देनजर एसएसपी से मुलाकात की। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां ने समिति की ओर से दुर्गा पूजा के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की पूजा समितियों को होनेवाली समस्याओं से अवगत करवाते हुए एक मांग-पत्र सौंपा। भुइयां ने कहा कि कई ऐसी दुर्गा पूजा समितियां हैं, जिनका अनुज्ञप्ति आवेदन लंबित है। उन्होंने ऐसी सभी कमेटियों का थानावार विवरण एकत्र कर उन्हें अनुज्ञप्ति निर्गत करने की जरुरत बताई।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 1100 लोगों की हुई जांच

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देशव्यापी 'सेवा पखवाड़ा' के तहत शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं अपोलो अस्पताल, भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। सिदगोड़ा स्थित सोन मंडप परिसर में आयोजित जांच शिविर का विधिवत शुभारंभ कोल्हान प्रमंडल के आयुक्त मनोज कुमार, जुस्को के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा, अपोलो अस्पताल के निदेशक आलोक श्रीवास्तव समेत संस्था के संस्थापक सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। सुबह 9 बजे से संध्या 5 बजे तक चले शिविर में जांच हेतु आसपास के बस्ती क्षेत्रों के लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर में जहां लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, वहीं उन्हें आवश्यकतानुसार जरूरी दवाएं भी प्रदान की गईं। शिविर में अपोलो अस्पताल के मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी रोग, नेत्र विशेषज्ञ, चर्म रोग, स्त्री एवं प्रसूति, ह्रदय रोग आदि के विशेषज्ञ डॉक्टर ने लोगों की जांच की। इससे पहले, सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं नाम्या की किट भेंटकर स्वागत किया गया।







सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड

संदेश



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

वन्यप्राणियों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु जनमानस को जागरुक करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखण्ड राज्य में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2023 तक वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है एवं इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वन्यप्राणी पारिस्थितिकी संतुलन के लिये महत्वपूर्ण कड़ी हैं। हमारे आस-पास एवं वनों में पाये जाने वाले वन्यजीव यथा बाघ, भालू, हाथी, तेन्दुआ, मोर, गिलहरी, खरगोश व विभिन्न प्रकार के पक्षी, मधुमक्खी, रेशम के कीट, लाह, तितली इत्यादि मानव जीवन को रोमांचक एवं सुखद बनाते हैं। वन, वन्यप्राणी एवं मनुष्य, सबका अस्तित्व एक-दूसरे पर आश्रित है।

झारखण्ड राज्य का लगभग एक तिहाई भू-भाग सखुआ, करम एवं अन्य प्रकार के वनों से आच्छादित है। ये वन, वन्यप्राणियों के प्राकृतिक वास स्थल हैं। आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु मनुष्य की विभिन्न गतिविधियों के कारण वनों पर दबाव बढ़ा है जिसके कारण वन्यप्राणियों के वास स्थल प्रभावित हुए हैं। फलस्वरुप यदा-कदा वन्यजीव मानव द्वंद्व जैसी स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है।

वन एवं वन्यजीव, अनादिकाल से मानव के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक चेतना के केन्द्र रहे हैं। वन एवं वन्यजीवों में कमी नहीं हो, यह राज्यवासियों का कर्तव्य है। वन विस्तार एवं वन्यप्राणियों के संरक्षण के लिए सरकार के स्तर से अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

राज्यवासियों से मेरी अपील है कि हम सब वन्यप्राणियों के संरक्षण का संकल्प लें तथा वन एवं वन्यजीव की सुरक्षा हेतु अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करें।

वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राज्य में 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर, 2023 तक वन्यप्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। वन एवं वन्यजीव हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। झारखण्ड राज्य को प्रकृति ने जंगलों से धनी बनाया है। ये जंगल वन्यप्राणियों के वास स्थान हैं। प्रकृति ने अनेक जीव-जंतुओं से इन वनों को सुशोभित किया है। हमारे वनों में बाघ, हाथी, तेन्दुआ, बंदर, भालू, मोर, सांप, खरगोश, गिलहरी अनेक प्रकार के पक्षी इत्यादि जीव-जंतु पाये जाते हैं। जीव-जगत में वन, वन में निवास करने वाले वन्यप्राणी, मनुष्य तथा अन्य सभी प्राणियों के जीवन एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं। प्राणियों के सह-अस्तित्व के लिये जैव-विविधता प्रकृति की व्यवस्था है। वन्यप्राणियों की संख्या में कमी होने से पारिस्थितिकी असंतुलन का खतरा उत्पन्न हो जाता।

विकास की दौड़ में वन्यप्राणियों का पर्यावास अर्थात हमारे वन प्रभावित हुए हैं। जिसके फलस्वरूप यदा-कदा वन्यजीवों का मानवों से टकराव भी हो जाता है। वन्यप्राणियों से जान-माल की हुई क्षति की पूर्ति सरकार के द्वारा की जाती है।

हमारी धरती, अहिंसा की धरती है। हमारे पर्व-त्योहार, रीति-रिवाज, संस्कृति एवं धर्म-अध्यात्म में वन्यप्राणियों एवं वन-वृक्षों का बहुत महत्व है। इन वन्यप्राणियों का संरक्षण हमारा परम कर्तव्य एवं दायित्व है। सरकार द्वारा वन्यप्राणियों के संरक्षण के उद्देश्य से राष्ट्रीय उद्यान, गज परियोजना, व्याघ्र आरक्ष्य, वन्यप्राणी आश्रयणी तथा प्राकृतिक वनों का प्रबंधन किया जाता है। वन्यप्राणियों के पर्यावास उन्नयन के लिये सरकार वनों के विस्तार की योजनायें लागू करती है।

वन्यप्राणी सप्ताह के अवसर पर हम सभी झारखण्डवासी वन्यप्राणी की सुरक्षा एवं संरक्षण में सहभागी बनें तथा वन्यजीवों के साथ-साथ अपनें जीवन को सुरक्षित बनायें।

PRNO 307926 ( Forest, Environment and Climate Changes ) IPRD 23-24

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

## स्पीड न्यूज

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा आयुष्मान मेला, लोगों की हुई जांच



नीलांबर पितांबरपुर पलामू। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस मेले का उदघाटन प्रखंड प्रमुख सुनिल पासवान, चिकित्सा प्रभारी राजीव कुमार, बीपीएम राजकुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेले आए लोगों की ब्लड शुगर, बीपी, मलेरिया, टीबी आंख,कान गला आदि की जांच की गई तथा जांचोपरांत मरीजों को जरूरी दवा नि:शुल्क वितरण किया गया। प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार ने बताया कि मेला प्रखंड के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में भी लगाया गया। मरीजों को जांचों उपरांत जरूरी दवाएं दी गई। स्वास्थ्य मेले में जेनरल फिजिशियन डॉ मधुसूदन प्रसाद, डॉ अमित कुमार डॉ विक्रम कुमार डॉ इरशाद अंसारी शिरीन डॉ संदीप सेवैया, डॉ गौतम सिद्धार्थ द्वारा सैकड़ो मरीजों को जांच किया गया इस मौके पर स्वास्थ्य केंद्र के मोहम्मद शाकिर निलेश पांडे तथा पारा मेडिकल एएनएम व स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

### मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन



पाटन पलामू। अजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर मेरा मीटी मेरा देश कार्यक्रम पाटन के कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिटायर्ड एसआइ कामता प्रसाद सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम में विद्यालय के वार्डेन अर्चिता कुमारी, सह वार्डेन लक्ष्मी कुमारी, एकाउंटेंट अमित कालिया, शिक्षिका आराधना सिंह, सरिता कुमारी, रुपा सिंह, रीना कुमारी, रीना श्रीवास्तव, चन्दा कुमारी, ज्योति कुमारी, श्वेता कुमारी, प्रीति सिंह, पुजा कुमारी सहित विद्यालय के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों को माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में मेरे मिट्टी में मिल जावां कार्यक्रम के तहत मै रहुं या ना रहुं पर मेरा भारत देश रहना चाहिए इस पर छात्राओं ने नृत्य कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन छात्रा मीरा कुमारी, अनुप्रिया के द्वारा देशभक्ति गीत गाकर किया गया।

### 10 अक्तूबर तक आवास पूरा करने के लिए प्रतिनिधि भागीदारी सुनिश्चित करें : प्रमुख



पाटन पलामू। प्रमुख शोभा देवी ने अपने कक्ष में पीएम आवास समेत कई विभागों की समीक्षा को लेकर पंचायत समिति सदस्यों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक का संचालन पन्द्रहवीं वित्त कोडिनेटर चितरांगद कुमार ने किया। बैठक में जेपीएस कामेश्वर मेहता, आपूर्ति पदाधिकारी सखी चन्द दास उपस्थित थे। बैठक में प्रमुख ने आपूर्ति विभाग, बाल विकास विभाग, आवास, आंगनबाड़ी, सहित अन्य विभागों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। बैठक में प्रमुख ने कहा कि दस अक्टूबर तक आवास पुरा करने हेतु जन प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करें और आवास पुरा करायें। आंगनबाड़ी के द्वारा बताया गया कि कन्यादान योजना के तहत जिनका का शादी हो गई है वह एक वर्ष के अन्दर रजिस्ट्रेशन कर आवेदन दे सकते है। आपूर्ति पदाधिकारी सखी चन्द दास ने बैठक में बताया कि माह अगस्त एवं सितम्बर का राशन पीडीएस डीलर के द्वारा लाभुकों के बीच वितरण किया जा रहा है।

### अवैध खनन की रोकथाम को लेकर हरिहरगंज पहुंचे जिला खनन पदाधिकारी

मेदिनीनगर/हरिहरगंज। उपायुक्त शशि रंजन द्वारा अवैध खनन भंडारण परिवहन के रोकथाम को लेकर दिए गए निर्देश के आलोक में जिले में खनन पदाधिकारी की ओर से कार्रवाई लगातार जारी है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार शुक्रवार देर शाम हरिहरगंज पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्रशासन द्वारा बनाए गए चेक नाका पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ वाहनों की जांच कीवाहन चेकिंग के दौरान वाहन संख्या–बीआर 24 जीबी–6740 को पत्थर ले जाते पाया गया। इसके बाद चालक द्वारा उपलब्ध कराए गए कागजतो की जांच की गयी। जांच पर पूरी तरह से संतुष्ट नहीं होने पर वाहन को पत्थर समेत जप्त कर लिया एवं पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि वाहन में 540 सीएफटी पत्थर लोड है कागजात की जांच के बाद कुछ त्रुटियां पाई गई है, जांच के उपरांत पत्थर का अवैध परिवहन पाया गया तो चालक,वाहन मालिक समेत इसमें संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आनंद कुमार प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी के साथ बनाए गए चेकनेका पर शाम 7 :30 बजे से वाहन चेकिंग अभियान आरंभ कर दिया लगभग 3 घंटे तक वाहन चेकिंग चलाया एवं 100 से भी अधिक वाहनों की जांच की।

### अभियान के तहत सभी बूथ को सशक्त बनाया जायेगा : अविनाश वर्मा



पाटन पलामू। सशक्तिकरण अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल कार्य समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने की। बैठक में बुथ सशक्तिकरण अभियान के प्रभारी के रूप में अविनाश कुमार वर्मा थे। मौके पर वर्मा ने कहा कि बुथ सशक्तिकरण अभियान के तहत सभी बुथ को सशक्त बनाया जायेगा। कार्यकर्ता अपने जिम्मेवारी का निर्वहन करें। कार्यक्रम में उदय शुक्ला, भोला सिंह, निरंजन पासवान, वशिष्ठ पांडे, अर्जुन तिवारी ,धीरेंद्र सिंह, राकेश पांडेय, अशोक तिवारी, आनंद सिंह, पशुपति शर्मा ,गोपाल पासवान, जोगिंदर सिंह, जितेंद्र सोनी ,पूनम देवी, जितेंद्र सिंह, प्रदीप चंद्रवंशी ,प्रिंस कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, राधेश्याम मेहता, जमुना सिंह, रामाधार साव ,तुलसी सिंह, अभिषेक सिंह, उमाशंकर सिंह उपस्थित थे।

### पाटन : पीडीएस दुकान की हुई जांच



पाटन पलामू। एमओ सखी चन्द दास ने पाटन थाना अन्तर्गत ग्राम ईमली में पीडीएस डीलर रचनात्मक स्वयं सहायता समूह के दुकान का जांच किया। मौके पर एमओ दास ने बताया कि ग्राम ईमली के ग्रामीणों ने डीलर के विरुद्ध अगस्त माह का राशन नहीं देने तथा लाभुकों के अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया था जिसके विरुद्ध दुकान का जांच किया गया। दुकानदार का राशन स्टॉक सही पाया गया। इस पर एमओ ने कार्रवाई करते हुए राशन वितरण नहीं करने के आरोप में रचनात्मक स्वयं सहायता समूह के डीलर को निलंबित करने का अनुशंसा किया है। मौके पर जहांसी पंचायत के मुखिया पिंकी देवी, मुकेश सिंह सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### जिला स्तर पर होगी ग्रामीण एवं स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता

मेदिनीनगर। आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल का विकास योजना अंतर्गत ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता 2023 का आयोजन जिला स्तर पर 5 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2023 के बीच किया जाएगा। प्रतियोगिता में पलामू के कमजोर आदिम जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति के बालक एवं बालिका खिलाडी जिनकी उम्र 14 से 40 वर्ष के बीच हो, वे भाग ले सकते हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। खिलाड़ी जानकारी के लिए जिला खेल कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### डीलरो से पैसा की उगाही करतें हैं सदर उप प्रमुख, डीएसओ से शिकायत

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया पंचायत के डीलरो ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी से मिलकर मुलाकात कर सदर उप प्रमुख के खिलाफ लिखित शिकायत किया है। डीलरों ने कहा कि सदर उप प्रमुख शीतल सिंह ने डीलरो को डरवा धमका कर हर महीने पैसा का उगाही करते हैं। साथ ही पैसा नहीं देने पर परेशान किया जाता है। उप प्रमुख का कहना है कि उप प्रमुख बनने में पैसा खर्च हुआ है इसका खर्चा कहां से निकलेगा जिसका ताजा उदाहरण 29 सितंबर का भूख हड़ताल है।

## झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से मरीज की मौत के मामले में जांच का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। झोलाछाप डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन दिये जाने के बाद दो दिन पूर्व छतरपुर अनुमंडल के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव के एक व्यक्ति के इलाज के बाद निधन की घटना को आयुक्त मनोज जायसवाल ने संज्ञान में लेते हुए जांच का आदेश दिया है।

आयुक्त ने पलामू सिविल सर्जन को जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि इस तरह के इलाज करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों को चिन्हित कर सूची तैयार करें और उनके खिलाफ कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, ताकि आमजनों को जान-माल की क्षति से बचाव किया जा सके। आयुक्त ने कहा है कि आमजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर सरकार, स्वास्थ्य विभाग एवं स्थानीय प्रशासन तत्पर है।

विदित हो कि एक दिन पूर्व ही आयुक्त ने अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम एवं क्लिनिकों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## पथ निर्माण से क्षेत्र का विकास और आवागमन होगा सुलभ : बीडी राम

### सांसद ने नावाबाजार में किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता



नावाबाजार पलामू। नावाबाजार, विश्रामपुर व पांडू प्रखण्ड को जोड़ने वाला पथ नावाबाजार से जमारी होते हुए मुशीखाप तक जाने वाले पथ का शिलान्यास सांसद बीडी राम ने किया। इस पथ का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 19 करोड़ पचास लाख रुपए की लागत से 17.46 किमी बनेगा। सांसद बीडी राम ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा इस पथ को बनाने की मांग वर्षों से की जा रही थी। इस पथ के बन जाने से नावाबाजार, विश्रामपुर व पांडू प्रखण्ड के दर्जनों गांवों के लोगों इसका लाभ मिलेगा। सांसद बीडी राम ने कहा कि पथ निर्माण से क्षेत्र का विकास और आवागमन सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण होने के बाद नावाबाजार प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्र में व्यवसाय भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी गांवों व कस्बों को क्षेत्र के मुख्यालय से जोड़ा जा रहा है। ताकि लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। पहले जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही थी। चुनाव के दौरान ग्रामीणों ने इस पथ को बनाने की मांग किया था, जिसे आज पूरा किया गया। भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चन्द्रवंशी ने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में नंबर वन बने इसके लिए विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के द्वारा निरंतर सक्रियता के साथ काम किया जा रहा। जिस गति से केन्द्र सरकार गांवों के विकास के लिए काम करना चाहती है उस गति में राज्य सरकार के लापरवाही के कारण नहीं हो पा रहा है। जब से राज्य में हेमंत सरकार बनी है तब से विकास की गति रुक सी गई है। इस मौके पर भाजपा के वरीय नेता विभाकर नारायण पांडेय, रामचन्द्र यादव, धर्मदेव सिंह यादव, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, कृष्णा गुप्ता, जिला परिषद सदस्य विजय रविदास, राजबली महरा, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, शंकर यादव, बीडीओ अमीर हमजा, कार्यपालक अभियंता विशाल खलको, सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी, अनुज पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष महादेव यादव, सफीर आलम, सोहदाग मुखिया कमला देवी, घासीदाग मुखिया अंजू कुमारी, दामोदर चौधरी, अनुज पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष महादेव यादव, मुखिया पति इटको सफीर आलम, रामरेखा चन्द्रवंशी, रविन्द्र पासवान, लीलावती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## शौर्य जागरण रथ यात्रा पहुंचा विश्रामपुर

हिंदूवादी संगठनों ने किया भव्य स्वागत
ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में लगा धर्म सभा, शामिल हुए सैकड़ों लोग

खबर मन्त्र संवाददाता





बिश्रामपुर (पलामू)। आरएसएस और बजरंग दल द्वारा निकाला गया शौर्य जागरण रथ यात्रा शनिवार को विश्रामपुर पहुंचा। जहां हिंदूवादी संगठनों ने जगह जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया। बिश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में धर्म सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमें साधु-संतों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। धर्म सभा में अयोध्या से आए साधु संतों ने लोगों को सनातन धर्म के बारे में बताया। मुख्य वक्ता आरएसएस के राजीव कुमार सिंह ने अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के बारे में कई जानकारी लोगों के साथ साझा किया। धर्म सभा में बजरंग दल के दिवंगत कार्यकर्ता अजीत नायक को श्रद्धांजलि भी दी गई। इसके अलावा बिश्रामपुर के एक मुहल्ले का नाम अजीत नगर किया गया। इससे पहले रेहला में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। रेहला महावीर मंदिर में विशेष पूजा अर्चना और महाआरती का भी आयोजन किया गया। यहां बताते चले कि अयोध्या राम मंदिर में राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शौर्य जागरण रथ यात्रा झारखंड भ्रमण पर निकला है। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, राजन पांडेय, पंकज कुमार लाल, किशोर पांडेय, संतोष चौबे, शिवबंश मिश्रा, संजय ठाकुर, संतोष राम, अमितेश्वर दयाल, संजय पांडेय, अजय बक्सराय उर्फ बड़कू सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा,अर्चना देवी, सुनील चौधरी, विजय कुमार रवि, मनीष गुप्ता, विक्रमादित्य बक्सराय उर्फ मुनु, राजकुमार मेहता, संतोष गुप्ता, मोनू बक्सराय, विकास गुप्ता, रौशन सोनी, शशि कांत ठाकुर, सिंकू चंद्रवंशी, राजेश मार्शल, संजय ठाकुर, रामप्रवेश मेहता, अंश सोनी, अभिषेक झा, किरण देवी, दामोदर यादव सहित विहिप, आरएसएस व बजरंग दल के कई कार्यकर्ता व धर्मप्रेमी शामिल थे।

**संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने शौर्य रथ यात्रा का किया स्वागत**

विश्रामपुर संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने नगर परिषद क्षेत्र मे रथ का जोरदार स्वागत किया। स्कूली बच्चे शौर्य यात्रा में झांकी के साथ शामिल भी हुए। मौके पर स्कूल के निदेशक एन के तिवारी, प्राचार्य आर के सिंह, पूनम तिवारी, शिक्षक विकास कुमार शिक्षिका नीधी राय, रिंकी कुमारी, रितू कुमारी, संध्या कुमारी, लक्ष्मी कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## आधुनिक सुख सुविधाओं के लिए हुई वनों की अंधाधुंध कटाई से बढ़ा प्रदूषण : कौशल

पर्यावरणविद ने 70 वां जन्मदिन रांची के जेएन कालेज में पौधारोपण कर मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर/रांची। रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ नगर महाविद्यालय के प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण को लेकर आयोजित सेमिनार का उदघाटन मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने राष्ट्रीय गान व पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर किया। विद्यार्थियों को पर्यावरणविद ने पर्यावरण धर्म की पाठ पढ़ाते हुए कहा कि आधुनिकता की इस दौर में सुख सुविधाओं के उपभोग के लिए बढ़ी वाहनों की संख्या एवं अप्रत्याशित हुई जनसंख्या विस्फोट से ही प्रदूषण बेतहाशा बढ़ी है। जिसका खामियाजा समाज के सभी लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कौशल ने कहा कि वे अपनी निजी खर्चों पर निःशुल्क पौधा वितरण व रोपण के 57 वां वर्ष तथा पर्यावरण धर्म व वन राखी मूवमेंट (वृक्षों पर रक्षाबंधन) के 47 वां वर्ष पर विश्व के पांच देशों एवं देश के 10 राज्यों के 30 जिलों में 2 लाख पौधों का निशुल्क वितरण व रोपण वृक्षों पर रक्षाबंधन व पर्यावरण धर्म पर गोष्ठी आयोजन का निर्णय लिया है। कौशल अपने जीवन के 70 वां जन्मदिन रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार के मार्गदर्शन में 70 पौधे लगाए व वितरित किया। इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ अबरार अहमद, डॉ विद्यानंद चौधरी, नगर निगम के सौरभ केसरी, राजकुमार, सईद आलम, प्रभात तिवारी, डीसी मिश्रा, रानी मिंस, देवंती केरकेट्टा, केके दत्ता, नवीन शर्मा, मधुमिता विश्वास, शीला कुमारी, उषा मिश्रा सहित काफी संख्या में कालेज के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

## नप अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक 1 घंटा सामूहिक श्रमदान करने का निर्णय



बिश्रामपुर (पलामू)। बिश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय के सभागार में अधिकारियों कर्मचारियों की एक संयुक्त बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन व संचालन सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह ने किया। बैठक में स्वय सहायता समूह की महिलाओं ने भी भाग लिया। बैठक में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आयोजित कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। बैठक में यह निर्णय हुआ कि एक अगस्त को सामूहिक रूप से श्रमदान कर नगर परिषद क्षेत्र को स्वच्छ किया जायेगा। जिसकी शुरूआत गांधी चौक से की जायेगी। श्रमदान कर महात्मा गांधी को स्वच्छता श्रद्धांजलि दी जायेगी। इसके अलावा नगर परिषद क्षेत्र में 16 जगहों पर एक साथ विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया जायेगा। बैठक में नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, जेई मुकेश कुमार, अजीत टुडू, महिला समूह में कार्यरत सीआरपी इंदु देवी,ज्योति देवी,नीरा देवी, ज्ञानती कुमारी, रेखा देवी, वंदना देवी, रुखसार प्रवीन, सुमित कुमार सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

## नियमानुसार राशन वितरण करें डीलर, अन्यथा कार्रवाई के लिये रहें तैयार : डीएसओ

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। जिले में सभी राशन कार्डधारियों को संपूर्ण राशि मिले, इसे लेकर उपायुक्त शशि रंजन गंभीर हैं। इसी के तहत उन्होंने जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु को जिले में पीडीएस सिस्टम को दुरुस्त करने व अनियमितता बरतने वाले राशन डीलरों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया था। जिसके बाद प्रीति किस्कु सक्रिय है। जिले में वैसे जन वितरण प्रणाली विक्रेता जो कम अनाज दे रहें हैं या अंगूठा लगवाकर राशन ही नहीं दे रहें हैं या तय मानक के विरुद्ध राशन नहीं दे रहें हैं उन सभी के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों का जांच के पश्चात उन सभी पर कार्रवाई तेज कर दी गयी है। डीएसओ ने एक साथ चार राशन डीलरों का लाइसेंस निलंबित कर दिया है। संबंध में डीएसओ ने बताया कि नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के पूणार्डीह के जन वितरण प्रणाली विक्रेता अनिल कुमार सिंह के विरुद्ध शिकायत था। वहीं पांकी के नौडीहा-2 पंचायत के गायत्री आजीविका सखी मंडल के विक्रेता, तरहसी के उदयपुरा-1 अंतर्गत डीलर जीवनंदन यादव के विरुद्ध शिकायत था। प्रीति किस्कु ने बताया कि ये सभी शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधि, कई कार्डधारी या अन्य माध्यमों से विभाग को किया गया था जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने भविष्य में जिले के सभी राशन डीलरों को नियमानुसार राशन वितरण करने की बात कही है अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहने की भी चेतावनी दी है।

### स्वास्थ्य मेला में दो सौ लोगों का हुआ ईलाज



पाटन पलामू। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन पाटन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन बीडीओ मनोज तिवारी, पाटन स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमेश कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिं विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह, पाटन प्रमुख शोभा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर में दो सौ लोगों का नि:शुल्क ईलाज किया गया। शिविर में डॉ आनंद महतो, रामाश्रय यादव, सोमनाथ चक्रधर, कृष्ण कुमार, बीटीएम शशिकांत कुमार, बीटीटी गनौरी पासवान, एमटीएस उदय चौधरी, सतौआ पंचायत के पंचायत समिति मंजु देवी, पंचायत समिति राजकुमारी देवी, सुषमा देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे। शिविर में पोषण परामर्श, दवा वितरण, टीवी नियंत्रण ,त्वचा जांच इत्यादि विभागों का स्टॉल लगाकर लोगों का ईलाज तथा दवा वितरण किया गया। शिविर में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। कैंप में पाटन बीडीओ मनोज तिवारी, जिप सदस्य संग्राम सिंह, विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह ने एक एक युनिट ब्लड डोनेट किया। शिविर में बीडीओ मनोज तिवारी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड शिविर में निशुल्क बनाया जा रहा है। यह योजना सरकार द्वारा चलाई जा रही है इसका भरपूर लाभ उठायें। वहीं विधायक प्रतिनिधि संजय सिंह ने कहा कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही इस योजना में कैम्प लगाकर गरीबों का नि:शुल्क ईलाज किया जायेगा। पाटन प्रमुख एवं जिप सदस्य संग्राम सिंह ने भी लोगों को इस योजना के तहत शिविर में उपस्थित होकर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

### शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं : शैलेंद्र



पांडू पलामू। पांडू प्रखंड के ग्राम झरना कलां राजकीय मध्य विद्यालय के प्रांगण में सेवानिवृत्त शिक्षक रघुबीर राम को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। समारोह का संचालन शिक्षक संदीप कुमार सिंह ने किया। बिदाई समारोह में पांडू प्रखंड के काफी संख्या में शिक्षक सहित डाला कलां संकुल के सभी शिक्षको ने भाग लिया। विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत विदाई गीत प्रस्तुत किया गया। शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि गुरु कभी सेवा से मुक्त नही होते गुरु तो परायण हैं। सदैव जीवन प्रयन्त शिक्षा देने का काम करते है। रघुबीर राम ने कहा कि यह एक सरकारी कर्मचारी का प्रक्रिया हैं। स्कूल कर्मियों व विद्यार्थियों द्वारा दिये गये स्नेह को आजीवन भूल नहीं पाउंगा। मौके पर सीआरपी महबूब अली, राजकुमार चंद्रा, वीरेंद्र राम, अरबिंद विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, सतीश, संजय मेहता, विकास शामिल थे।

### अभिकर्ता संघ ने चलाया जागरूकता अभियान



मेदिनीनगर। प्रधान डाकघर के पलामू राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ ने जागकता अभियान चलाया। संघ के जिला सचिव प्रमोद पांडेय व संघ के सदस्यों ने जागरूकता अभियान चलाया। दो अक्तूबर से छह अक्तूबर तक विनियोग बंद करने को कहा गया। मौके पर अभिकर्ता राम वकील सिंह, अनंत तिवारी, प्रदीप सोनी, रूक्मिनी, किरण, ताहिर समेत कई अभिकर्ता शामिल थे।

## पलामू जिला में अवैध क्लीनिक चलाने वाले पर होगी कार्रवाई : सिविल सर्जन

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। पलामू जिला मुख्यालय समेत प्रखंड, पंचायत स्तर पर अवैध नर्सिंग होम का गोरखधंधा काफी फल फूल रहा है। इसके आड़ में अनुभवहीन चिकित्सक के चक्कर में पड़कर लोगों की जानें जा रही है। पलामू जिला में नर्सिंग होम खोलने की होड़ लगी हुई है इसे लेकर नर्सिंग होम संचालक किसी मान्यता प्राप्त चिकित्सक से लाईसेंस लेकर धड़ल्ले से निर्भिक होकर नर्सिंग होम का संचालन कर रहे हैं। जिसके आड़ में वे अपना गोरखधंधा अपनाते हुए गांव घर के गरीब लोगों का सिर्फ ईलाज ही नहीं बल्कि रोगियों का ऑपरेशन भी करते हैं जिस कारण उनकी जान चली जाती है। प्रमंडलीय आयुक्त के कड़े निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग सकते में आ गया है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह ने कहा कि यदि किसी भी प्रखंड में अवैध नर्सिंग होम का संचालन किया जाता है तो उस प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के उपर कार्रवाई की जायेगी। सीएस ने कहा कि जिले के सभी प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों से वैद्य एवं अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम का सूची जिला मुख्यालय को एक सप्ताह के अंदर समर्पित करें।

## एसबीएस इंटर कॉलेज जपला के सेवानिवृत्त प्राचार्य को दी गयी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद, पलामू। शाहिद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला में शनिवार सेवा निवृत्त प्राचार्य सचितानंद तिवारी को विदाई सह नवपस्थापित प्राचार्य संजय कुमार सिंह को स्वागत एवं बधाई दिया गया। विदित हो कि इस अनुमण्डल में जैक से मान्यता प्राप्त मात्र एक इंटर कॉलेज हैं जहां पर शाषी प्रबंधक के द्वारा हमेशा विवादों के सुर्खियों में रहता है। प्रबंधन समिति व जैक के निर्देश पर वरिष्ट व्याख्याता संजय कुमार सिंह को प्राचार्य नियुक्त किया। सेवानिवृत्त तिवारी जी को शॉल ओढ़ाकर शिक्षकों ने सम्मानित किया एवं संजय सिंह को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके सेवा निवृत्त प्राचार्य तिवारी ने कहा कि मैं पूरी समर्पण व निष्ठा से इस कॉलेज में अपना जीवन बहुमूल्य समय दिया और सभी जिमेदारियो को निर्वहन किया मुझे सबका बेहतर मार्गदर्शन मिला इसलिए सबको धन्यवाद।

## केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति की कमिटी का विस्तार

दुर्गा पूजा में मांस व शराब बिक्री पर सरकार व जिला प्रशासन रोक लगाये : दुर्गा जौहरी

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति, पलामू का मुख्य संरक्षक स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया व मार्गदर्शक मंडल में सतबीर सिंह राजा,जीवन प्रसाद सिंह,मनोज सिंह, अनील सिंह, सोनू सिंह नामधारी, दीपक सिंघानिया, बसंत जौहरी, शिव प्रसाद गुप्ता, संजीव तिवारी, अविनाश देव, मिथलेश सिंह, सत्येन्द्र तिवारी, नीलेन्द्र कुमार, बबलू गुप्ता व अनील साहू को मनोनीत किया गया। स्थानीय जय भवानी संघ चौक स्थित रिलेक्स इन होटल में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि ललन सिन्हा को महासमिति का महासचिव व कल्याण वर्मा, वीएम पाण्डेय, नवीन तिवारी, अनील दूबे, राकेश पाण्डेय, हरिशंकर सिंह, उदय शुक्ला, कमल गुप्ता, महेश तिवारी, अजीत सिन्हा, सुमीत भट्टाचार्य, सुधीर सौंडिक, मंजू गुप्ता, मीना गुप्ता, मंजुलता दूबे, अशोक गुप्ता, प्रवीण कुमार तिवारी, प्रभात गुप्ता, श्याम चौधरी, राजेन्द्र राम, बृजेश शुक्ला, रुपा सिंह,रचिता शरण को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जबकि प्रेम शंकर गुप्ता, जितेन्द्र सोनी,सतीश तिवारी, अभय वर्मा,सोनू गुप्ता, श्वेतांग गर्ग, पप्पू गुप्ता, सौरभ तिवारी, अभिषेक सिंह, मनीष कुमार, सुनील गुप्ता, छोटू त्रिपाठी, नीरज सिंह, संदीप दास, सुनील ठाकुर,रंजीत कुमार, राहुल अग्रवाल, लीलावती देवी, रमेश शुक्ला, रेखा गुप्ता, ज्योति अग्रवाल, रुबी सिंह, विकास विश्वकर्मा, नीरु सिंह, प्रभा देवी, विशाल सिन्हा, व शुभम कुमार को मंत्री मनोनीत किया गया है वहीं संजय पासवान, राजकुमार वर्मन, अमिताभ मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, किशन माखड़िया,मनीष ओझा, मनीष भिवानियां व विजय कुमार को संगठन मंत्री बनाया गया है। संजय राज को मिडिया प्रभारी व गुडडू वर्मन राहूल सोनी व रंजीत चंद्रवंशी को सोशल मिडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। श्री केंद्रीय दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी, महासचिव ललन सिन्हा ने कहा कि नवरात्रि के पवित्र काल में मांस व शराब की बिक्री पर सरकार व जिला प्रशासन रोक लगाये। वहीं जिले में आनलाईन बिक्री के जरिए करोड़ों की कमाई करने वाले संस्थानों को पूजोत्सव में सहयोग राशि देना चाहिए। प्रेस वार्ता में नवीन तिवारी, उदय शुक्ला, बृजेश शुक्ला, हरिशंकर सिंह समेत कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एनपीयू कर्मियों ने सेवानिवृत सहायक को दी विदाई

खबर मन्त्र संवाददाता



मेदिनीनगर। नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के सहायक संतोष कुमार के सेवानिवृत्ति होने के अवसर पर विवि में स्थापना काल से कार्यरत अस्थाई कर्मियों के द्वारा विदाई-सह-सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मंच संचालन करते हुए अनुप्रास वर्मा ने बताया कि संतोष कुमार की नियुक्ति 29 मई 1990 को जीएलए कॉलेज में सहायक के पद पर हुई थी। जनवरी 2009 में नीलांबर-पीतांबर विवि की स्थापना के साथ ही वह अपनी सेवाएं विवि में कुल सचिव कार्यालय के सहायक के रूप में दे रहे थे। 60 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरांत शनिवार को सेवानिवृत हुए। मौके पर विश्वविद्यालय कर्मी सचिन कुमार ने कहा कि संतोष जी ने कभी भी अपने लेखनी से किसी का अहित नहीं किया। वहीं रवि कुमार ने बताया कि संतोष जी से काफी कुछ सीखने को मिला और आगे भी इनका मार्गदर्शन हमारे लिए आवश्यक होगा।

नवनीत सिंह ने कहा कि संतोष जी अपने कार्य के प्रति सदैव ईमानदार रहे और व्यवहार कुशल रहे। अविनाश कुमार ने कहा कि संतोष का व्यवहार सदा ही सहयोगात्मक रहा है। सभी कर्मियों ने संतोष के सुखद एवं स्वस्थ भावी जीवन की कामनाएं की। इस अवसर पर शंकर राम और उदय उपाध्याय के द्वारा पुष्पगुच्छ देकर जब की शशि कुमार प्रजापति और सुनील मांझी के द्वारा शॉल ओढ़ाकर संतोष कुमार को सम्मानित किया गया। सभी कर्मियों के द्वारा संतोष कुमार को एक स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया।

विदाई सह सम्मान समारोह में दिनेश कुमार पांडे, आदित्य कुमार, सौरभ सेन, मनोज विश्वकर्मा, संजय साव, ऋषि कुमार, विवेक कुमार, उदय कुमार मेहता शुभम तिवारी आदि उपस्थित थे। मंच संचालन अनुप्रास वर्मा ने किया।

स्पीड न्यूज

## यातायात विभाग के परिसर में पौधरोपण



**बोकारो।** बीएसएल के यातायात विभाग में स्वच्छ बोकारो हरा भरा बोकारो के तहत ईडी संकाय बीके तिवारी के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों के सीजीएम अनिल कुमार अनिमेष झा वीके सिंह धनञ्जय कुमार एमपी सिंह अरविन्द कुमार शालिग्राम सिंह व जीएम एनपी श्रीवास्तव एवं संयंत्र के वरीय अधिकारियों ने पौधरोपण कर अभियान को कार्यान्वित करने के लिए एक महत्वपूर्ण शुरूआत की। फोटो क्रमांकरूदमू.130

## राष्ट्रीय स्कूल खेल के लिए चार खिलाड़ियों का चयन



धनबाद। झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल के तत्वावधान मे रांची के खेल गांव स्थित गणपत राय इंडोर स्टेडियम मे आयोजित राज्य स्तरीय एसजीएफआई जूडो ट्रायल मे राजकमल स.वि.मंदिर के चार जूडोकओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य की ओर से राष्ट्रीय स्कूल खेलों मे भाग लेने की पात्रता लगभग हासिल कर ली है। चयनित खिलाड़ी 21 दिनों के शिविर मे भाग लेकर अपना दमखम दिखायेंगे। चयनित खिलाड़ियों में विकास कुमार, मोहन कुमार पांडेय, यश राज और सम्भवी कुमारी हैं।

## असहाय जन सेवा फाउंडेशन का भोजन वितरण कार्यक्रम



**धनबाद।** शनिवार असहाय जन सेवा फाउंडेशन ने एसएन एमएमसीएच परिसर में भोजन वितरण कर अपने मानव सेवा अभियान का शुरूआत किया। इस मौके पर युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संस्थापक दिलीप सिंह उपस्थित होकर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किए। दिलीप सिंह ने कहा मानव सेवा से जुड़े सभी संगठनो का युवा संघर्ष मोर्चा हार्दिक अभिनंदन, स्वागत एवं समर्थन करता है। भोजन वितरण कार्यक्रम में ज्ञानचंद यादव, टिंकू साहू, सिकंदर समेत अन्य कार्यकर्ता सक्रिय थे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**पूर्वी टुंडी।** गोविंदपुर साहिबगंज मुख्य मार्ग पगला मोड के पास सड़क दुर्घटना में एक सवार बाइक सवार घायल हो गया। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन गोविंदपुर से जामताड़ा की ओर जा रही थी। पीछे से आ रहा बाइक सवार ओवरटेक कर रहा था कि पिकअप वाहन ने ब्रेक लगा दिया और बाइक सवार को धक्का मारते हुए झाड़ियां में जा पलटी। स्थानीय लोगों के सहयोग से वाहन को बाहर निकाला गया। वाहन चालक कूद कर अपनी जान बचाया।

# धनबाद : प्रज्ञा केंद्र का शटर तोड़ कर 90 हजार की संपत्ति की चोरी

**रणधीर वर्मा चौक के समीप है प्रज्ञा केंद्र**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में शुक्रवार देर रात चोरों ने प्रज्ञा केंद्र को अपना निशाना बनाया। प्रज्ञा केंद्र का शटर तोड़कर चोरों ने करीब 90000 रुपए की संपत्ति पर हाथ साफ किया। प्रज्ञा केंद्र के संचालक को शनिवार सुबह घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। चोरी की घटना सदर थाना क्षेत्र के रणधीर वर्मा चौक के समीप पुराना कृषि बाजार स्थित एक प्रज्ञा केंद्र में हुआ है। प्रज्ञा केंद्र के संचालक प्रदीप राम को सुबह एक चाय बेचने वाले ने फोन कर घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रदीप राम प्रज्ञा केंद्र पहुंच गए दुकान पहुंचने के बाद उन्होंने देखा की प्रज्ञा केंद्र का शटर टूटा हुआ है। साथ ही प्रज्ञा केंद्र के अंदर सारे सामान बिखरे पड़े हैं। प्रज्ञा केंद्र से बैटरी इन्वर्टर कंप्यूटर और प्रिंटर समेत कई अन्य सामान गायब थे। इसके अलावा लिफाफा में रखा 5000 रुपया भी नहीं था। चोरी हुए सामान की कीमत 90000 रुपए आंकी गई हैं। प्रज्ञा केंद्र का संचालक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है । पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुड़ गई है।

## जीटी रोड पर ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, घायल



**धनबाद।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में किसान चौक के समीप जीटी रोड पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार बुरी तरह जख्मी हो गया। ट्रक ने उसका दोनों पांव कुचल दिया। ट्रक और बाइक सवार दोनों किसान चौक से लोहार बरवा की ओर जा रहा थे। अचानक ट्रक से बाइक में धक्का लग गया। आननफानन में स्थानीय लोगों ने बरवाअड्डा थाना पुलिस को घटना की सूचना दी। खबर पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल को एसएनएमएमसीएच भेज दिया। पुलिस ट्रक और दुर्घटनाग्रस्त बाइक जब्त कर थाना ले आई। घायल के नाम और ठिकाने का पता नहीं चला है।

## बोकारो : रोटरी क्लब करायेगा बच्चों का नि:शुल्क ऑपरेशन

**बोकारो।** रोटरी क्लब दिल में छेद वाले बच्चों का कोचीन के हॉस्पिटल अमृता में गिफ्ट ऑफ लाइफ अभियान के तहत नि:शुल्क ऑपरेशन कराएगा। एक माह से 18 वर्ष तक के ऐसे बच्चे जिनके दिल में जन्मजात छेद है या वाल्व में सिकुड़न है का इलाज एम्स कोचीन के प्रसिद्ध डॉक्टर बृजेश पी कोटाईल 3 और 4 अक्टूबर को रांची के राज हॉस्पिटल में उनकी स्क्रीनिंग करेंगे। इसके लिए बच्चों के अभिभावकों को कागजात जांच रिपोर्ट एक्स.रे रिपोर्ट देना होगा।

## कृत्रिम पैर और कैलिपर्स शिविर का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**चिरकुंडा।** प्रेरणामय महिला समिति चिरकुंडा द्वारा सोनारडंगाल स्थित रेलवे क्रोसिंग के पास प्रकृति फार्म (एफसीआई गीदाम) में आयोजित नौ दिवसीय नि:शुल्क कृत्रिम पैर एवं कैलिपर्स शिविर का उद्घाटन शनिवार को कुल्टी विधायक अजय पोद्दार द्वारा किया गया। उसके बाद समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न क्षेत्र से आए 138 दिव्यांगों का रजिस्ट्रेशन किया गया। उसके बाद महाबीर सेवा सदन कोलकता द्वारा आयोजित वर्कशाप में दिव्यांगों के कृत्रिम पैर बनाने का काम शुरू किया गया। इस काम मे लगे सभी लोग भी दिव्यांग थे। मौके पर मुख्य अतिथि कुल्टी विधायक अजय पोद्दार ने कहा कि प्रेरणामय महिला समिति अपने नाम के अनुरूप कार्य कर रही है। समिति की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। कैंप में पहुंचे दिव्यांग काफी खुश दिखे सभी ने संस्था के कार्य की सराहना की। शिविर में महावीर सेवा सदन कोलकता के डॉ आनंद प्रकाश तिवारी व मुकेश कुमार पाण्डेय टेक्निशियन एण्ड टीम मौजूद हैं।

## महाराणा प्रताप विचार मंच ने मनोज झा का फूंका पुतला

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** महाराणा प्रताप विचार मंच के द्वारा राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा द्वारा राज्यसभा में ठाकुर समुदाय पर की गई टिप्पणी के खिलाफ मंच द्वारा स्थानीय नया मोड़ में पुतला दहन किया गया। मंच के अध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने कहा कि त्याग बलिदान की पृष्ठभूमि वाले ठाकुर समुदाय पर भारतीय लोकतंत्र की सर्वोच्च संस्था के बड़े सदन के सदस्य द्वारा बिना किसी समुचित संदर्भ के इस प्रकार की ओछी व अमर्यादित बात सदन में कहे जाने से ठाकुर समुदाय को गहरी ठेस पहुंची है। क्षत्रिय समाज इसकी कटु भर्त्सना करता है। मौके पर गौतम सिंह नीरज सिसोदिया मुकेश परमार मनीष सिंह राजा जनक शैलेश सिंह विद्या सिंह अमित सिंह नीरज कुमार मनोज कुमार सिंह रंजेश सिंह शशि भूषण सिंह पप्पू जी चंदू सिंह चुन्नू सिंह बंटी सिंह अजय गुप्ता उमेश कुमार रजनीश सिंह सुमित सिंह जीतू सिंह राजीव सिंह सुमित सिंह आदि उपस्थित थे।

## 76 विद्यार्थियों को मिली पोशाक

**कुमारधुबी।** एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत अवस्थित मध्य विद्यालय एगयारकुंड निरसा 3 में कक्षा 1 एवं कक्षा 2 मे अध्यनरत 76 छात्र छात्राओं के बीच स्थानीय मुखिया अजय कुमार राम के द्वारा शनिवार को दो सेट पोशाक जूता, मौजा, स्वेटर वितरित किया गया। वही इस पोशाक वितरण समारोह को संबोधित करते हुए मुखिया अजय कुमार राम ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा स्कूल पोशाक का क्रय कर बच्चों के बीच यूनिफॉर्म वितरित की जा रही है।

# झारखंड सरकार में है लूट की खुली छूट : बाबूलाल

**संकल्प यात्रा**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/गोमिया।** झारखंड के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा संकल्प यात्रा के छठे चरण में शनिवार को गोमिया के बैंक मोड़ स्थित टैक्सी स्टैंड मैदान में जनसभा को संबोधित किया।वहीं उन्होंने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार आकंठ भ्रष्टाचार मे डुबी हुई है।इस सरकार में कानून नाम की चीज नहीं है।रोजाना कानून तोड़ने का काम किया जाता है।राज्य में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। वर्तमान सरकार में जनता के अनाज को बाजार में खुले आम बेचा जाता हैएऔर सरकार के अधिकारी मूकदर्शक बने हुए रहते है। इस सरकार में बालू लोहा कोयला पत्थर आदि की लूट की खुली छूट मची हुई है। इन सभी चीजों पर लगाम लगाना है तो आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता में काबिज करना होगा। भाजपा के सत्ता में आते ही सभी स्कूलों में शिक्षकएअभी अस्पतालों में डॉक्टर एवं जीवनरक्षक दवाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने उपस्थित जन समूह में मौजूद महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की मातृ शक्ति को पहचानने का काम किया। यही कारण है की लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसदी महिलाओं को आरक्षण देने के लिए कानून बनाने का काम किया है। इस कानून के तहत महिला आरक्षण का सीधा लाभ महिलाओं को मिलने वाला है। पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण नायक ने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने यह संकल्प लिया है कि इस सरकार को हम चैन से बैठने नहीं देंगे।

## वेदांता ईएसएल की कम्युनिकेशंस टीम का वॉकाथॉन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** वेदांता ईएसएल की सीएसआर टीम और कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस टीम ने सीएसआर वॉकाथॉन आयोजित किया जिसमें वेदांता आर्चरी अकादमी और ईएसएल स्किल स्कूल के बच्चे प्रोजेक्ट जीविका की महिलाएँ और ईएसएल के कर्मचारियों ने भी भाग लिया।यह कार्यक्रम दिल्ली में होने वाले वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन के समर्थन में था जो जागरूकता बढ़ाने का उद्देश्य से आयोजित किया गया है। भूखमरी को मिटाने के समर्थन में आयोजित इस सीएसआर वाल्कथॉन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने ना केवल वॉकाथॉन में हिस्सा लिया। राकेश मिश्रा ने भूखमरी को मिटाने को समर्पित इस उद्देश्य और कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी लाभार्थियों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया।

## तुपकाडीह में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

**बोकारो।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने तुपकाडीह मानगो चौक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंतोष सोरेन द्वारा बनाये गए भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। श्री मरांडी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि यह कार्यालय पार्टी कार्यकर्ता व जनता के बीच सेतु का कार्य करेगा। मौके पर मंतोष सोरेन जेडी सिंह बैजनाथ केवट प्रफुल साव पीयूष आचार्य जगदीश केवट दयानंद मिश्रा गोपाल सुन्दर काशी मौजूद थे।

# मेरी माटी मेरा देश : स्कूली बच्चे और शिक्षकों ने निकाली प्रभातफेरी

खबर मन्त्र संवाददाता




**कुमारधुबी।** शैक्षणिक अंचल निरसा 3 अंतर्गत मध्य विद्यालय एगयाकुंड में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार झा के नेतृत्व में प्रभात फेरी विद्यालय के पोषक क्षेत्र में शनिवार को निकाली गई। वही प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा की प्रार्थना सभा में सभी छात्र एवं समुदाय द्वारा पंचप्रण प्रतिज्ञा को दोहराया गया। उसके उपरांत पाथरचाली, लकड़ा कनाली ,सियार कनाली, कोडाकुली में प्रभात फेरी निकाली गई।प्रभात फेरी के दौरान प्रतिभागी छात्र ढोल, नगाड़े, राष्ट्रीय ध्वज, स्थानीय वीरों के पोस्टर ,पंच प्रणप्रतिज्ञा का प्रिंट आदि कार्यक्रम आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत विद्यालय में निबंध लेखन, चित्रांकन ,रंगोली निर्माण, देश प्रेम संबंधी गीत गायन प्रतियोगिता ,नाटक कहानी वाचन आदि देशभक्ति आधारित एवं स्थानीय वीरों पर आधारित प्रतियोगिताएं कराई गई। वही कार्यक्रम में शिक्षक प्रमोद राव, विदान मंडल, कुमारी सोना दास, पंपी खान, विधान दास ,अर्पणा बाउरी,चंदना बाउरी,मारुति बाउरी दुलाली बाउरी आदि लोग उपस्थित थे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं॰ 05/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 16.10.2023 कार्यालय अवधि तक।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.10.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 17.10.2023 को 3.30 बजे अपराह्न तक।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1 **मुख्य अभियंता या.**पथ निर्माण विभाग अभियंत्रण छात्रावास सं. 2, धुर्वा, रॉची। 2 **अधीक्षण अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ अंचल, हजारीबाग। 3 **कार्यपालक अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1 **मुख्य अभियंता या.**पथ निर्माण विभाग अभियंत्रण छात्रावास सं. 2, धुर्वा, रॉची। 2 **अधीक्षण अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ अंचल, हजारीबाग। 3**कार्यपालक अभियंता** पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल हजारीबाग।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | प्रमण्डल का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पुरा करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हजारीबाग | हजारीबाग | वित्तीय वर्ष 2023–24 में गैर योजना मद अन्तर्गत जुलु पार्क लकड़ा गोदाम के उत्तर में अवस्थित नवनिर्मित सी टाईप आवास में Deep Boring एवं अन्य कार्य। | 5,00,000.00 | 10,000.00 | 750.00 | एक माह |
| 2. | | | वित्तीय वर्ष 2023–24 में गैर योजना मद अन्तर्गत कार्यपालक अभियंता आवास में चाहरदिवारी एवं सर्वेन्ट आवास निर्माण कार्य । | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 3. | | | वित्तीय वर्ष 2023–24 गैर योजना मद अन्तर्गत प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर में स्थित गुण नियंत्रण कार्यालय भवन में जलापूर्ति एवं साधारण मरम्मति कार्य। | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | दो माह |
| 4. | | | वित्तीय वर्ष 2023–24 में गैर योजना मद अन्तर्गत बड़कागाँव निरीक्षण भवन में साधारण मरम्मति, विद्युतिकरण एवं अन्य कार्य। | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | दो माह |
| 5 | | | वित्तीय वर्ष 2023–24 में गैर योजना मद् अन्तर्गत अंचल कार्यालय, हजारीबाग के हॉल में Partition, Plinth Protection, शौचालय की मरम्मति एवं अन्य कार्य। | 15,00,000.00 | 30,000.00 | 2,500.00 | दो माह |
| 6 | | | वित्तीय वर्ष 2023–24 में गैर योजना मद अन्तर्गत अंचल कार्यालय परिसर स्थित कर्मचारी आवास संख्या 7 एवं 8 का जिर्णोद्धार कार्य।। | 20,00,000.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | तीन माह |
| 7 | | | वित्तीय वर्ष 2023–24 में गैर योजना मद अन्तर्गत प्रमण्डलीय कार्यालय में Repair, Partition, Furniture, विद्युत उपकरण आदि कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | तीन माह |
| 8 | | | वित्तीय वर्ष 2023–24 में गैर योजना मद अन्तर्गत अधीक्षण अभियंता, आवास में छत मरम्मति एवं अन्य कार्य। | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | दो माह |

निविदा की शर्तें :– www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।
E-mail ID – eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता
प. नि. वि., पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 308104Road(23-24)#D



## जिला नीलाम पत्र शाखा, चतरा
## आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि जिला नीलाम पत्र शाखा, चतरा द्वारा निम्नलिखित बकायेदारों को नोटिस दिये जाने के बावजूद निर्धारित तिथि को न ही अपना पक्ष रखा गया और न ही बकाया राशि जमा किया गया। आदेश दिया जाता है कि वे अपने बकाया की सन्निहित राशि 30 दिनों के अंदर जमा करना सुनिश्चित करे, अन्यथा उनके विरूद्ध राशि वसूली की "धारा 38" के तहत् नियमानुसार वारंट निर्गत किया जायेगा। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी बकायेदारों की होगी। इस हेतु बकायेदारों का नाम एवं सन्निहित बकाया राशि निम्नांकित हैं।

| क्र0 सं0 | नाम/पता | बैंक/कार्यालय | वाद संख्या | राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **रजनीकांत कुमार सिंह,** पिता–सतेन्द नाथ सिंह झीकरिया, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 92/17–18 | 11,53,588 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 2 | **सुरेश सिंह,** पिता– चन्द पासवान डुमरीकला,हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 370/17–18 | 10,00,180 | नोटिस (अनुपस्थित) |
| 3 | **श्री निवास,** जयशंकर स्टोन केशर झरझरी,घघरी हंटरगंज, चतरा। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 180/17–18 | 28,55,912 | नोटिस (अनुपस्थित) |
| 4 | **सरयु कुमार भोक्ता,** पिता–प्रभु सिंह भोक्ता, कासडावर, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 125/17–18 | 7,38,309 | नोटिस (अनुपस्थित) |
| 5 | **सियाराम सिंह,** पिता– अर्जुन सिंह, बहेरा, हंटरगंज,चतरा। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 115/17–18 | 5,83,965 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 6 | **अनिल कुमार सिंह** पिता–बृजनन्दन सिंह गोखना, हंटरगंज,चतरा | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 114/17–18 | 33,98,061 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 7 | **संतोष कुमार सिंह** पिता– राजमोहन सिंह डुमरिया, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 135/17–18 | 6,39,813 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 8 | **राम रंजन व श्याम सुंदर वर्मा, श्री राम ट्रैक्टर,** पिता– वृदा सिंह एवं बिन्देश्वरी सिंह, बेहरा, हंटरगंज, चतरा। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 124/17–18 | 7,19,127 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 9 | **शैलेश कुमार,** पिता– सच्चिदानन्द सिंह डाटम, हंटरगंज | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 129/17–18 | 7,08,038 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 10 | **राजीव रौशन सिन्हा,** पिता–बलराम सिन्हा, सोहद, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 109/18–19 | 8,21,878 | नोटिस लेने से इनकार किया। |
| 11 | **चन्दन कुमार सिंह,** पिता–रामनरेश सिंह, बहेरा, हंटरगंज, चतरा। | बैंक ऑफ इंडिया,हंटरगंज | 137/17–18 | 13,23,587 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 12 | **श्री निवास** जयशंकर कंस्ट्रकशन हंटरगंज, चतरा। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 320/17–18 | 30,86,335 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 13 | **अरविंद कुमार** सिंह,पिता–चितेश्वर सिंह,सोहद,हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, हंटरगंज | 333/17–18 | 8,31,786 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 14 | **उदय कुमार सिंह,** पिता– बृजनन्दन सिंह,गोखना, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, गोसाईडिह | 75/17–18 | 9,40,020 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 15 | **उदय कुमार सिंह,** पिता– बृजनन्दन सिंह,गोखना, हंटरगंज। | बैंक ऑफ इंडिया, गोसाईडिह | 228/18–19 | 9,55,205 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 16 | **अभय कुमार सिंह,** पिता–रामविजय सिंह, नागर, हंटरगंज | बैंक ऑफ इंडिया, गोसाईडिह | 376/17–18 | 9,58,736 | नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 17 | **मो0 अयाज,** नूर नगर, बंगाल टेन्ट, चतरा। | एस0बी0आई, बाजार शाखा, चतरा। | 1911/21–22 | 8,27,935 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 18 | **मो0 दानिश अनवर,** पिता– अनवर, नूर नगर, चतरा। | एस0बी0आई, बाजार शाखा, चतरा। | 1912/21–22 | 4,05,444 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 19 | **अमित कुमार,** पिता– अवधेश सिंह, अवल महल्ला चतरा। | एस0बी0आई, बाजार शाखा, चतरा। | 1907/21–22 | 2,91,843 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 20 | **नरेश कुमार केशरी,** पिता– शंकर प्रसाद केशरी, गुदरी बाजार चतरा। | एस0बी0आई, बाजार शाखा, चतरा। | 1913/21–22 | 1,95,527 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 21 | **मो0 मासूम,** पिता– अब्दुल समद, लाईन महल्ला, चतरा। | एस0बी0आई, बाजार शाखा, चतरा। | 1910/21–22 | 4,37,303 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 22 | **प्रेमनाथ दांगी,** पिता– बधु महतो, गिद्धौर, चतरा। | झारखंड ग्रामीण बैंक, गिद्धौर। | 07/17–18 | 9,81,913 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 23 | **मो0 वजीर,** पिता– मो0 अजर, लाइन महल्ला, चतरा। | केनरा बैंक, चतरा। | 2002/23–24 | 12,66,778 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 24 | **श्रीमति रेणु देवी(अध्यक्ष)**पति–शैलेश कुमार सिंह, पता– जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **प्रियंका सिंह(सचिव)** पति–संदीप कुमार सिंह पता–जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **शोभा सिंह(कोषाध्यक्ष)** पति–विनोद सिंह, पता–पुरैनिया तालाब। **शिवम कुमार सिंह(नोडल पदाधिकारी)**पिता– श्री कौशल सिंह, पता– धुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा। | अखण्ड ज्योति सरस्वती स्वंय सहायता समूह।वाद सं0–1931/21-22 | 33,60,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 25 | **श्रीमति रेणु देवी(अध्यक्ष)** पति–शैलेश कुमार सिंह, पता– जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **प्रियंका सिंह(सचिव)** पति–संदीप कुमार सिंह पता–जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **शोभा सिंह(कोषाध्यक्ष)** पति–विनोद सिंह, पता–पुरैनिया तालाब। **शिवम कुमार सिंह(नोडल पदाधिकारी)** पिता– श्री कौशल सिंह, पता– धुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा। | अखंड ज्योति सरस्वती स्वंय सहायता समूह। वाद सं0–1937/21–22 | 18,48,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 26 | **श्रीमति रेणु देवी(अध्यक्ष)**पति–शैलेश कुमार सिंह, पता– जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **प्रियंका सिंह(सचिव)** पति–संदीप कुमार सिंह पता–जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **शोभा सिंह(कोषाध्यक्ष)** पति–विनोद सिंह, पता–पुरैनिया तालाब। **शिवम कुमार सिंह(नोडल पदाधिकारी)**पिता– श्री कौशल सिंह, पता– धुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। | अखंड ज्योति सरस्वती स्वंय सहायता समूह।वाद सं0–1943/21–22 | 41,40,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 27 | **श्रीमति रेणु देवी(अध्यक्ष)** पति–शैलेश कुमार सिंह, पता– जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **प्रियंका सिंह(सचिव)** पति–संदीप कुमार सिंह पता–जतराहीबाग चौक सदर थाना के पास। **शोभा सिंह(कोषाध्यक्ष)** पति–विनोद सिंह, पता–पुरैनिया तालाब। **शिवम कुमार सिंह(नोडल पदाधिकारी)** पिता– श्री कौशल सिंह, पता– धुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा। | अखंड ज्योति सरस्वती स्वंय सहायता समूह। वाद सं0–1972/21–22 | 26,52,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 28 | **उषा कुमारी (अध्यक्ष)**पति–शंकर साव **माधुरी कुमारी(सचिव)** पति–रंजीत कुमार **सुमन देवी(कोषाध्यक्ष)** पति–श्रीकांत कुमार **शिवम कुमार सिंह(नोडल पदाधिकारी)**पिता– श्री कौशल सिंह, पता– धुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा। | अखण्ड ज्योति निक्की स्वंय सहायता समूह।वाद सं0–1948/21–22 | 24,36,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |
| 29 | **सुचिता देवी (अध्यक्ष)** पति–महेन्द कुमार **बसंती देवी (सचिव)** पति–श्री संतन भारती। **बबीता देवी, (कोषाध्यक्ष)** पति–राजेश महतो। **शिवम कुमार सिंह (नोडल पदाधिकारी)** पिता– श्री कौशल सिंह, पता– धुरनाडीह,पो0–बरैनी, ब्रहमणा, चतरा। | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा। | अखंड ज्योति सरस्वती स्वंय सहायता समूह। वाद सं0–1950/21–22 | 24,84,000 | सामान्य नोटिस तामिल (अनुपस्थित) |

PR 308055 District(23-24)D

उपायुक्त, चतरा।

समय संवाद

लेकिन क्या यह संभव है? यह तभी संभव है जब हमारे मन-मस्तिष्क में स्वच्छता का वास हो जाए। सफाई हमारे देश की संस्कृति का अभिन्न अंग रही है। फिर भी अफसोस की बात है कि हम महापुरुषों को तो मानते हैं, लेकिन उनकी बातों और आदर्शों का सम्मान अपने बर्ताव में नहीं करते। अक्सर हमारा स्वार्थ आड़े आने लगता है। इससे ऊपर उठकर हमें समझना होगा कि स्वच्छता से ही सबका स्वास्थ्य जुड़ा हुआ है। इसके बिना स्वस्थ समाज और स्वस्थ परिवेश की कल्पना भी नहीं की जा सकती। देखने में आता है कि हम सब अपना घर तो चमकाना चाहते हैं, लेकिन उस मानसिकता का क्या करें जो बेहद निम्न स्तर तक पहुंच चुकी है।

# मानसिक विकारों की स्वच्छता भी जरूरी

**संदीप सिन्हा**



**कल** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती है। स्कूलों, कॉलेजों, प्रशिक्षण संस्थानों सहित अन्य जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाए जाने का संकल्प लिया जा रहा है। लेकिन सिर्फ संकल्प लेने भर से भारत स्वच्छ हो पाएगा। हालांकि इससे पहले मन की स्वच्छता ज्यादा जरूरी है। बहरहाल स्वच्छता व साफ-सफाई में बराबरी की हिस्सेदारी की वकालत करने वाले राष्ट्रपिता ने साफ-सुथरे भारत का ख्वाब संजोया था। बापू ने ही पहला 'स्वच्छाग्रह' छेड़ा था। उन्होंने 'क्विट इंडिया और क्लीन इंडिया' का संदेश दिया था। देश में चल रहे स्वच्छता अभियान एक सराहनीय कदम है। शायद ही कोई व्यक्ति होगा जो गंदगी में रहना चाहता हो। मानव की प्रवृत्ति है कि वह किसी बात से तत्काल प्रभावित होकर कुछ अच्छे कार्य कर दिखाता है, लेकिन फिर अपनी पुरानी स्थिति में लौट जाता है। आज जरूरत है अपने जीवन में साफ-सफाई को सहजता से स्वीकार कर इसे अपना स्वभाव बना लेने की। ताकि भविष्य में गंदगी को हमारे आसपास फैलने का मौका ही न मिले। लेकिन क्या यह संभव है? यह तभी संभव है जब हमारे मन-मस्तिष्क में स्वच्छता का वास हो जाए। सफाई हमारे देश की संस्कृति का अभिन्न अंग रही है। फिर भी अफसोस की बात है कि हम महापुरुषों को तो मानते हैं, लेकिन उनकी बातों और आदर्शों का सम्मान अपने बर्ताव में नहीं करते। अक्सर हमारा स्वार्थ आड़े आने लगता है। इससे ऊपर उठकर हमें समझना होगा कि स्वच्छता से ही सबका स्वास्थ्य जुड़ा हुआ है। इसके बिना स्वस्थ समाज और स्वस्थ परिवेश की कल्पना भी नहीं की जा सकती। देखने में आता है कि हम सब अपना घर तो चमकाना चाहते हैं, लेकिन उस मानसिकता का क्या करें जो बेहद निम्न स्तर तक पहुंच चुकी है। महज औपचारिकता दिखाने से न तो सफाई होनी है और न स्वस्थ समाज बन सकता है।

मानसिक विकृति को साफ किए बिना किसी भी तरह का सफाई अभियान अधूरा ही रहेगा। आज स्वच्छ समाज का, स्वच्छ वातावरण का विचार लाना एक कल्पना की तरह ही लगता है, क्योंकि गंदगी अब हमारे दिमाग में बैठ चुकी है। इसीलिए धर्म-जाति के नाम पर वैमनस्य फैलाना, संपत्ति विवाद में भाई-भाई की हत्या कर देना, चोरी, डकैती, हत्या, लूटमार, भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, मिलावटखोरी आदि वे स्थितियां हैं जिनका संबंध सीधे-सीधे हमारी मानसिकता से है। इनसे मुक्त हुए बगैर किसी भी तरह की सफाई संभव नहीं है।

हम अगर स्वस्थ सामाजिक मूल्यों से दूर हो जाएंगे तो एक निष्ठुर, संवेदन शून्य समाज को ही बढ़ावा देंगे। लेकिन स्वस्थ मूल्य अपना अर्थ सहेजे रहेंगे। वे कभी अर्थहीन नहीं हो सकते। आज अगर हम अपने स्वार्थों को त्याग दें तो भारत आर्थिक विकास के साथ-साथ अपने सुंदर मानवीय रूप में भी निखर सकता है।

इसके लिए एक ऐसे जन आंदोलन की जरूरत है जो आध्यात्मिकता से भरपूर हो। आध्यात्मिकता के अभाव में आदमी भौतिक क्षेत्र में तो विकास कर सकता है, लेकिन मानवता का दम घुटता जाएगा। आज हमारे समाज की वही स्थिति हो गई है जहां हर मनुष्य एक दूसरे से डर रहा है। हर कोई स्वयं को अकेला महसूस कर रहा है। इसके लिए जरूरत है मन की भी सफाई की जाए। बाहरी गंदगी तभी साफ होगी जब मानसिक विकारों पर भी झाड़ू चलाई जाए।

(खबर मन्त्र हजारीबाग ब्यूरो से जुडें हैं।)

# कामना पर नियंत्रण

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**किसी** भी कष्ट के पीछे कामना ही उसका कारण बनती है। बसारगढ़ स्थित ब्रंहाविद्यालय और आश्रम में स्वामी सत्यानंद ने कहा कि कष्ट इसलिए ज्यादा है क्योंकि हमलोगों ने अपनी कामना बढ़ा ली है। समाज में ज्यादा से ज्यादा सांसारिक वस्तुओं की इच्छा करने से कष्ट बढ़ रहा है। हमें उतने ही पैर पैसारने चाहिए जितने लंबे सौर हो। हमारे पूर्वजों ने हर चीज में अपनी कामना पर नियंत्रण रखते थे। यही नहीं वे अपने दिनचर्या और खान-पान को भी सीमा में रखते थे। आज हम अपनी कामनाओं को नियंत्रित करने में असफल हो रहे हैं यह सबसे बड़ा दुख का कारण बन रहा है। कष्ट कामना से होता है और कामना के नियंत्रण के लिए भक्ति का संग होना अनिवार्य है। भक्ति गुरु के माध्यम से ही स्थापित होती है। सबकी कामना एक अच्छे जीवन की होती है जिसमें प्रसन्न्ता हो लेकिन क्या वह प्रसन्नता जीवन के तीसरे या चौथे चरण में महसूस की जाती है। परिवार, समाज सहित वस्तुओं की चाह में आदमी उलझा रहता है। एक राजा की कथा सुनाते हुये उन्होंने कहा कि राजा ने बड़े शौक से नदी के किनारे एक भव्य महल बनाया और उसमें यह सोचकर रहने गये कि राजकाम की परेशानी से वहां सकून मिल सकेगा। लेकिन जैसे ही राजा सोते उन्हें स्वप्न आत कि वे पानी में डूब रहे हैं। और डूब भी रहे है उसी नदी में जहां उन्होंने भव्य महल बनाया है। वे परेशान रहने लगे और नदी में उन्होंने कई नाविकों को लगाया और कहा कि मैं जैसे डूबने लगू तुम बचा लेना। क्या सपना में जो हम देखते हैं जब तक कोई जगा हुआ व्यक्ति जगा न दे हम बैचेनी से बच पाते हैं। राजा के नाविकों को लगा देने के बाद भी सपने में डूबने की बैचेनी होती रही। इससे वहीं बचा सकता है जो इनसे बच चुका है। जो भय, कामना हमारे जीवन में प्रभावी रूप लेती है वहीं सपने में बैचेन करती है। यही कामना हमारे जन्म जन्मातंर में हमारी पीछा करती है। सपने की बैचेनी और जीवन में सांसारिक वस्तुओं को पाने की बैचेनी में इंसान का हाल बेहाल हो जाता है। सांसारिक वस्तुओं के बीच रहकर भी कामना रहित होने की क्षमता होनी चाहिए। इसके लिए विश्वास अटूट हो परमात्मा पर, सदगुरु पर। अगर आपका विश्वास कमजोर हे तो आपकी आस्था टूटती है तो आपकी कामना मुक्ति की कैसे हो सकती है। कृष्ण पर अर्जुन की अटूट आस्था थी। यही कारण था कि गीता का उपदेश कृष्ण ने अर्जुन को दिया। अन्य चारों पांडव भी वीर थे लेकिन अर्जुन ने महाभारत की लड़ाई में कृष्ण की सेना और कृष्ण में से एक चुनने की बात आई तो कृष्ण को चुना। आपका विश्वास भक्ति में जितना मजबूत होगा आपका जीवन उतना ही सुदंर कामना रहित हो जाएगा।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर, शाखा कुटी रांची)**

# गांधी विश्व सभ्यता के विरल नायक

**हृदयनारायण दीक्षित**



**देश** गांधी जयंती के उत्सवों में है। गांधी विश्व सभ्यता के विरल नायक थे। बहुआयामी व्यक्ति थे। वैसे भारत का प्रत्येक व्यक्ति बहुआयामी है। यूरोप में विशेषज्ञों की भरमार है लेकिन जीवन के सभी क्षेत्रों का ज्ञान रखने वाले जनसामान्य भारत में होते हैं। भारत का प्रत्येक व्यक्ति थोड़ा थोड़ा दार्शनिक है। कामचलाऊ नास्तिक है। यथार्थवादी आस्तिक है। वह धार्मिक है, वह तार्किक है, वह साहित्यिक है, वह घरेलू वैद्य या डाक्टर है। वह संगीत पारखी/प्रेमी है। वह परिवर्तनकामी है। लेकिन उसके व्यक्तित्व का सर्वोत्तम किसी एक या दो आयामों में ही प्रकट होता है। मनुष्य की सर्वोत्तम उर्जा प्रेम या युद्ध में चरम पर पहुंचती है। गांधी जी का सर्वोत्तम जीवन के सभी आयामों में प्रकट होता है। कदाचित इसका मूलकारण विश्व मानवता के प्रति उनका प्रेम है। संगीत भारतीय ज्ञान परम्परा का प्रतिष्ठित अनुशासन है। गांधी जी ने लिखा, 'हम पर संगीत का बहुत असर होता है। वेद मंत्रों की रचना संगीत के आधार पर हुई जान पड़ती है। मधुर संगीत आत्मा के ताप को शान्त कर सकता है। अगर संगीत की शुद्ध शिक्षा मिले तो नाटक के गीत गाने में और बेसुरा राग अलापने में उनका (बच्चों) समय नष्ट न हो।' आश्चर्यजनक है कि एक सत्याग्रही संयमी महात्मा संगीत के बारीक तत्वों और उसके आत्यंतिक प्रभावों से भी सुपरिचित था।

गांधी जी का सौन्दर्य बोध अप्रतिम था। अनुभूतियां गहरी थीं। उन्होंने ब्रह्मपुत्र नदी के वर्णन में लिखा, 'नदी समुद्र की तरह विशाल जान पड़ती है। नदी की भव्य शान्ति मनोहर प्रतीत होती है। बादलों में छिपा हुआ चन्द्रमा पानी पर अपनी हल्की रोशनी बिखेरे है। फिर भी मेरे मन को चैन कहां?' यह राजनेता या पत्रकार की भाषा नहीं है। यहां गहन सौन्दर्यबोध की भावाभिव्यक्ति है। 1920 में वे काशी में थे, लिखा है 'आकाश में जैसे जैसे प्रकाश बढ़ता जाता, वैसे वैसे गंगा के पानी पर स्वर्णिम प्रकाश बिखरता जाता है और अंत में जब सूर्य पूर्णतया दृष्टिगोचर होता, उस समय ऐसा प्रतीत होता मानो पानी में एक वृहदाकार स्वर्ण स्तंभ प्रतिष्ठापित कर दिया गया है। उस भव्य दृश्य को देखने के बाद सूर्य की उपासना, नदियों की महिमा और गायत्री मंत्र के अर्थ को मैं अच्छी तरह समझ सका।' इन शब्दों में प्राणवान काव्यरस का प्रवाह है। वेद नदियों की स्तुतियों से भरे पूरे हैं। यही अनुभूति गांधी जी को भी हुई थी। इसका मूल उनका सौन्दर्य बोध था।

सौन्दर्यबोध काव्य सृजन का मूल है लेकिन गांधी जी के सौन्दर्यबोध में सुन्दरतम् के साथ सत्य और शिवत्म भी हैं। मनुष्य जन्मजात सौन्दर्यप्रेमी है। प्रकृति विविध रूपों से भरी पूरी है। यहां रूप रूप प्रतिरूप सौन्दर्य की छटा है। सौन्दर्यबोध मनुष्य को सुकुमार, सुकोमल और निरहंकारी बनाता है। जिसमें जितना गहन सौन्दर्यबोध वह उतना ही सुकोमल भावनिष्ठ। वैदिक ऋषि कवि भी सौन्दर्यबोध से लबालब परिपूर्ण थे। दुनिया की सभी सभ्यताओं का विकास सौन्दर्यबोध से हुआ। चार्ल्स डारविन ने लिखा है कि, 'प्रकृति के रूपों को देखकर भावोत्तेजन होते हैं।' भावोत्तेजन के संकेत मस्तिष्क में जाते हैं। मनुष्य की बुद्धि इन भावोत्तेजनों का विवेचन करती है। विवेचन से आया निष्कर्ष बोध सम्बंधित व्यक्ति का 'सौन्दर्यबोध' होता है। आधुनिक काल में रवीन्द्रनाथ टैगोर का सौन्दर्यबोध याद किये जाने योग्य है। गांधी जी का सौन्दर्यबोध वैदिक ऋषियों की याद दिलाता है।

रवीन्द्रनाथ टैगोर का सौन्दर्यबोध परिधिगत है। बेशक उसमें सत्यम्, शिवम् ओर सुन्दरतम् की त्रयी है लेकिन उसमें रूप की सत्ता है। गांधी जी का सौन्दर्यबोध रूप से परे जाता है। यजुर्वेद के 40वें अध्याय (ईशावास्योपनिषद्) में सत्य का मुख हिरण्यपात्र से ढका हुआ बताया गया है - हिरण्यमय पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्। प्रार्थना है कि यह हिरण्यपात्र हटाओ, ऋषि सत्य का दर्शनाभिलाषी है। यहां हिरण्य सौन्दर्य से ढका हुआ सत्य देखने का आग्रह है। गांधी जी का सौन्दर्य बोध भी ऐसा ही है बिल्कुल सीधा, सरल और निश्च्छल। रवीन्द्रनाथ का सौन्दर्यबोध विशिष्ट है, गांधी जी का सौन्दर्य बोध ऋजु है, सरल और सामान्य है। 1980 के दशक में एक अर्थशास्त्री ई0एफ0 सूमाखर ने अर्थशास्त्र की अपनी किताब का नाम रखा था 'स्माल इज ब्यूटीफुल'। यहां लघुता ही सुन्दरता है कि छोटे उद्योग, छोटी कारीगरी, घरेलू उत्पादन सुन्दर है। सुन्दरता में आकर्षण होते हैं। क्रान्तियां सुन्दर नहीं होती। उनके परिणाम सुन्दरता ला सकते हैं। जय प्रकाश नारायण ने देश की स्वतंत्रता के बाद समग्र क्रान्ति की बात की थी। उनके एक लेख आह्वान का शीर्षक था 'दि रिवूल्यूशन ब्यूटीफुल'। प्रख्यात गांधीवादी चिन्तक धर्मपाल जी ने अंग्रेजों के पहले के भारत को 'ब्यूटीफुल ट्री' की संज्ञा दी थी।

रवीन्द्रनाथ और गांधी जी समकालीन थे। एक विश्वकवि और दूसरा विश्वमानव। विश्व कवि रवीन्द्र के सौन्दर्य बोध में मादकता थी। विश्वमानव गांधी के सौन्दर्य बोध में सम्मोहन था। विश्व कवि के सौन्दर्य बोध में भाव-दृश्य थे। यहां हृदय और रूप का वितान था। इसलिए उनका सौन्दर्य बोध चाक्षुष था, इन्द्रियबोध की परिधि में था। गांधी जी का सौन्दर्य बोध चाक्षुष ही नहीं था, उसमें मानवीय अनुभूति का अमृत था, संगधा पृथ्वी की सुगंध थी। गांधी जी का सत्याग्रह इसी मानवीय सौन्दर्यबोध का रूपांतरण था। संस्कृत के महाकवि माघ ने सुन्दरता की परिभाषा दी थी 'क्षणे क्षणे यन्नवता मुपैति, तदैव रूपं रमणीयतायाः - सुन्दर - रमणीय वह है जो प्रतिक्षण नया हो, आकर्षित करता रहे।' सौन्दर्य की ऐसी परिभाषा फिर दूसरी नहीं हुई। माघ की यह परिभाषा वैदिक ऋषियों की 'सत्य' की परिभाषा से मिलती जुलती है - जो त्रिकाल अबाधित है, वही सत्य है। सत्य पर समय की सत्ता का प्रभाव नहीं पड़ता। वह तीनों कालों में सत्य रहता है। इसी तरह जो बोध प्रतिक्षण नया और आकर्षक हो वही सौन्दर्य है। गांधी जी के सौन्दर्यबोध में प्रकृति की सनातन सरलता है।

प्रकृति का सौन्दर्य स्वयं बोलता है। सौन्दर्य प्रेमी आंखों से भी सुन लेते हैं। कलांए प्रकृति की अनुकृति होती है। कला में व्यक्त सौन्दर्य को भी स्वयं बोलना चाहिए। गांधी जी सौन्दर्यबोध से युक्त थे। उन्होंने कहा, 'चित्र ऐसे होने चाहिए जो मुझसे बोलें मेरे आगे नाचें, ऐसे चित्र दुनिया में बहुत थोड़े हैं।' गांधी जी की दृष्टि में आत्मबल से युक्त स्वस्थ शरीर ही सुन्दर होता है और जो स्वस्थ व सुन्दर होता है वह हथियारबंद यूरोपीय का सामना भी कर सकता है। उन्होंने लिखा, 'भारत का ग्वाला भीमसेनी शरीर और बहुत अच्छे गठन वाला होता है। अपनी मोटी मजबूत लाठी से वह किसी भी तलवार वाले साधारण यूरोपीय का सामना कर सकता है। यहां गांधी का ध्यान स्वस्थ शरीर पर है, शरीर के सुन्दर गठन पर है पर इससे भी ज्यादा हथियारबंद यूरोपीय से टक्कर लेने पर है। गांधी जी अंग्रेजों से लड़ते समय उन्हें हराने की बात कभी नहीं भूले। यूरोपीय सभ्यता को पराजित करने की शक्ति से लैस व्यक्ति को ही स्वस्थ और सुन्दर कहा जाना चाहिए। गांधी जी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नेता थे। वे भारत को संस्कृति आधारित राष्ट्र मानते थे। उन्होंने 'हिन्द स्वराज' में लिखा है कि, 'आपको अंग्रेजों ने बताया है कि भारत को अंग्रेजों ने राष्ट्र बनाया है।

यह बात गलत है। भारत अंग्रेजों के पहले भी राष्ट्र था।' गांधी ने सत्याग्रह के बल पर विश्व को प्रभावित किया। भारतीय राष्ट्रवाद को जन जन तक पहुंचाया। वे ब्रिटिश सत्ता से टकराए। मैंने स्वयं देखा है कि उसी सत्ता के इंग्लैंड स्थित संसद भवन के सामने गांधी जी की प्रतिमा है। उनकी स्मृति प्रेरक है।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

# हनुमान चालीसा की रचनाकार कौन थे?

**सुधांशु कुमार**



बात 1600 ईस्वी की है यह काल अकबर और तुलसीदास जी के समय का काल था। एक बार तुलसीदास जी मथुरा जा रहे थे, रात होने से पहले उन्होंने अपना पड़ाव आगरा में डाला, लोगों को पता लगा कि तुलसीदास जी आगरा में पधारे हैं। बीरबल ने अकबर को बताया, इन्होंने ही रामचरितमानस की रचना की है, यह रामभक्त तुलसीदास जी है, मैं भी इनके दर्शन करके आया हूं। अकबर ने भी उनके दर्शन की इच्छा व्यक्त की और कहा मैं भी उनके दर्शन करना चाहता हूँ।

बादशाह अकबर ने अपने सिपाहियों की एक टुकड़ी को तुलसीदास जी के पास भेजा और तुलसीदास जी को बादशाह का पैगाम सुनाया कि आप लालकिले में हाजिर हों। यह पैगाम सुन कर तुलसीदास जी ने कहा कि मैं भगवान श्रीराम का भक्त हूँ, मुझे बादशाह और लालकिले से मुझे क्या लेना-देना और लालकिले जाने के लिए साफ मना कर दिया।

जब यह बात बादशाह अकबर तक पहुँची तो बहुत बुरी लगी और बादशाह अकबर गुस्से में लालताल हो गया, और उन्होंने तुलसीदास जी को जंजीरों से जकड़बा कर लाल किला लाने का आदेश दिया। जब तुलसीदास जी जंजीरों से जकड़े लाल किला पहुंचे तो अकबर ने कहा की आप कोई करिश्माई व्यक्ति लगते हो, कोई करिश्मा करके दिखाओ। तुलसी दास ने कहा मैं तो सिर्फ भगवान श्रीराम जी का भक्त हूँ कोई जादूगर नही हूँ जो आपको कोई करिश्मा दिखा सकूँ। अकबर गुस्सा कर उन्हें कारावास में डाल दिया। दूसरे दिन इसी आगरा के लालकिले पर लाखों बंदरों ने एक साथ हमला बोल दिया, पूरा किला तहस नहस कर डाला। लालकिले में त्राहि-त्राहि मच गई, तब अकबर ने बीरबल को बुला कर पूछा कि बीरबल यह क्या हो रहा है, तब बीरबल ने कहा हुजूर आप करिश्मा देखना चाहते थे तो देखिये। अकबर ने तुरंत तुलसीदास जी को कल कोठरी से निकलवाया। और जंजीरे खोल दी गई। तुलसीदास रोते-रोते कुछ लिख रहे थे। यह 40 चौपाई, हनुमान जी की प्रेरणा से लिखी गई हैं।

अकबर बहुत लज्जित हुए और तुलसीदास जी से माफी मांगी और पूरी इज्जत और पूरी हिफाजत, लाव-लश्कर से मथुरा भिजवाया।आज हनुमान चालीसा का पाठ सभी लोग कर रहे हैं। और हनुमान जी की कृपा उन सभी पर हो रही है। और सभी के संकट दूर हो रहे हैं। हनुमान जी को इसीलिए संकट मोचन भी कहा जाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# भारत,पाकिस्तान,श्री लंका और बांग्ला देश में है शक्ति पीठ



यह माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने देवी आदि शक्ति और भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए यज्ञ किया था। देवी आदि शक्ति प्रकट हुईं और शिव से अलग होकर ब्रह्मा को ब्रह्मांड के निर्माण में मदद की। ब्रह्मा बहुत प्रसन्न हुए और देवी आदि शक्ति को शिव को पुनः सौपने का निर्णय किया। इसलिए उनके पुत्र दक्ष ने माता सती को अपनी बेटी के रूप में प्राप्त करने के लिए यज्ञ किया था। भगवान शिव से विवाह करने के संकल्प से माता सती को इस ब्रह्मांड में लाया गया था, और दक्ष का यह यज्ञ सफल रहा।

भगवान शिव के अभिशाप में भगवान ब्रह्मा ने अपने पांचवें सिर को शिव के सामने अपने झूठ के कारण खो दिया था। दक्ष को इसी वजह से भगवान शिव से द्वेष था और भगवान शिव और माता सती की शादी नहीं कराने का निर्णय लिया था। हालांकि, माता सती भगवान शिव की ओर आकर्षित हो गईं और कठोर तपस्या कर अंत में एक दिन, शिव और माता सती का विवाह हुआ।

भगवान शिव पर प्रतिशोध लेने की इच्छा के साथ दक्ष ने यज्ञ किया। दक्ष ने भगवान शिव और अपनी पुत्री माता सती को छोड़कर सभी देवताओं को आमंत्रित किया। माता सती ने यज्ञ में उपस्थित होने की अपनी इच्छा शिव के सामने व्यक्त की। उन्होंने माता को रोकने के लिए अपनी पूरी कोशिश की परंतु माता सती यज्ञ में चली गईं। यज्ञ में पहुँचने के पश्चात माता सती का स्वागत नहीं किया गया। इसके अलावा, दक्ष ने शिव का अपमान किया। माता सती अपने पिता द्वारा अपमान को झेलने में असमर्थ थी, इसलिए उन्होंने अपने शरीर का बलिदान दे दिया।

अपमान और चोट से क्रोधित भगवान शिव ने तांडव किया और शिव के वीरभद्र अवतार ने दक्ष के यज्ञ को नष्ट कर दिया और उसका सिर काट दिया। सभी मौजूद देवताओं से अनुरोध के बाद दक्ष को वापस जीवित किया गया और मनुष्य के सर की जगह एक बकरी का सिर लगाया। दुख में डूबे शिव ने माता सती के शरीर को उठाकर, विनाश का दिव्य नृत्य किया। अन्य देवताओं ने विष्णु को इस विनाश को रोकने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। जिस पर विष्णु ने सुदर्शन चक्र का इस्तेमाल करते हुए माता सती के देह के 51 टुकड़े कर दिए। शरीर के विभिन्न हिस्से भारतीय उपमहाद्वीप के कई स्थानों पर गिरे और वह शक्ति पीठों के रूप में स्थापित हुए। गुरुदेव से किसी ने पूछा कि यदि शिव एक व्यक्ति नहीं हैं और केवल एक तत्त्व हैं तो माता सती के शरीर के हिस्सों से इतने शक्ति पीठ (ऊर्जा के स्थान) क्यों बने हैं?

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी ने कहा कि शक्ति पीठ का अर्थ है - ऊर्जा की एक सीट।

शक्ति पीठ वह जगह है जहां लोगों ने लंबे समय तक ध्यान किया है और वहां ऊर्जा पाई गई है। जब आप ध्यान करते और गाते हैं तो उस स्थान पर ऊर्जा इकट्ठा हो जाती है। जब आप सकारात्मक स्थिति में होते हैं, न केवल आप, यहां तक कि खंभे, पेड़ और पत्थर सकारात्मक कंपनों को अवशोषित करते हैं। इसी प्रकार शक्ति पीठ का निर्माण हुआ।शक्तिपीठ सिर्फ कोई एक स्थान नहीं है, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के अनुसार, यह दैवीय शक्ति से ओत-प्रोत एक जगह है जहां पर ध्यान किया जा सकता है।देवी पुराण के अनुसार 51 शक्तिपीठों की स्थापना की गयी है और यह सभी शक्तिपीठ बहुत पावन तीर्थ माने जाते हैं। वर्तमान में यह 51 शक्तिपीठ पाकिस्तान, भारत, श्रीलंका,और बांग्लादेश, के कई हिस्सों में स्थित हैं।

**रूस से पड़ोसी देश भाग रहे रूसी**




साभार कॉटूनमूवमेंट

स्पीड न्यूज

## नये अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने किया पदभार ग्रहण



पदभार ग्रहण करते नये अंचलाधिकारी

**बड़कागांव।** बड़कागांव के नए अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे से प्रभार लेते हुए पदभार ग्रहण किया। श्री राम चौथे बैच के अधिकारी हैं। अब तक कोडरमा जिले के जयनगर, हजारीबाग जिला के सदर एवं जमशेदपुर जिला के पोटका अंचल में चंचल अधिकारी के रूप में अपनी सेवा दे चुके हैं। ज्ञात हो कि लगभग 2 वर्ष से बड़कागांव अंचल में अंचलाधिकारी का पद प्रभार में चल रहा था। नए अंचलाधिकारी श्री राम ने कहा कि बहुत जल्द ही कार्य को प्रगति पर लाया जाएगा। प्रभार के दौरान अंचल निरीक्षक अनोज कुमार, विधायक प्रशासनिक प्रतिनिधि जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, रघुवीर राम, अंचल के प्रधान लिपिक रामकुमार सहित राजस्व कर्मचारी तथा अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## राजकीय बुनियादी विद्यालय में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

**बरही।** प्रखण्ड अंतर्गत पंचमाधव स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं शिक्षकों के साथ जिला परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, जीएसएलपीएस जेंडर सीआरपी प्रियंका देवी, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार दुबे, शिक्षक मनोज घोष, सतीश यादव, गायत्री सिंह, दामोदर साव, सरफराज खान सहित विद्यालय के सभी बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल कर गांव के चारों ओर गल्ली मुहल्ला में घूम-घूमकर स्वच्छ भारत बनाना है, यह भारत का सपना है, हम सबने ठाना है, पंचमाधव को स्वच्छ बनाना है नारो के साथ प्रभात फेरी निकाली।कार्यक्रम में प्रीति कुमारी ने कहा कि भारत को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वछता का पालन हर नागरिक को करना होगा।यदि महिलाओं की बात करें तो इस मामले में उनकी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है क्योंकि वे पूरे परिवार का आधार होती हैं। कहा कि गांव को स्वच्छ रखने पर ही लोग स्वस्थ व खुशहाल रहेंगे।प्रधानाध्यापक संजय दुबे ने कहा कि पंचमाधव पंचायत अंतर्गत पंचमाधव गांव को हम सब शिक्षक और छात्रों ने मिलकर स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया है। कहा कि अगर गांव स्वच्छ रहेगा तभी गाँव में रहने वाले लोग स्वस्थ रह पाएंगे। कहा कि गांव को स्वच्छ रखने के प्रति दृढ़ संकल्पित है।

## श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल ने विद्यार्थियों के बीच मिट्टी को नमन



प्रतियोगिता में शामिल बच्चे

**बरही।** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत पेटिंग व निबंध प्रतियोगिता एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि मेरी माटी, मेरा देश अभियान भारत की भूमि और वीरता का जशन मनाने का एक अभियान है। यह अभियान आजादी का अमृत महोत्सव का अंतिम भाग है, जो 12 मार्च 2021 को शुरू हुआ और इसमें जनता की काफी भागीदारी रही है। मेरी माटी मेरा देश अभियान का लक्ष्य चल रही गतिविधियों में भाग लेकर सभी को देशभक्ति और अपने देश के प्रति प्रेम की भावना जागृत करना है। विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एक साथ लाने और आपसी समझ को बढ़ावा देने के लिए गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। यह अभियान उन नायकों का सम्मान करता है जिन पर आजादी की लड़ाई के दौरान ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। इस अभियान के तहत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वीर शहीदो, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरांगनाओं के सम्मान में श्रद्धांजलि दी गई जो हमारे देश की रक्षा करते हैं। सेनानियों के प्रति सम्मान जगाएगा और देश के युवाओं के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करेगा।

# गुरुकुल कोचिंग के संचालक जेपी जैन व उनकी पत्नी शिप्रा के विरुद्ध वारंट जारी

खबर मन्त्र संवाददाता



जेपी जैन एवं उनकी पत्नी शिप्रा जैन (फाइल फोटो)

**हजारीबाग।** गुरुकुल कोचिंग के संचालक जयप्रकाश जैन एवं उनकी पत्नी शिप्रा जैन के विरुद्ध चतरा न्यायालय के एसीजीएम कोर्ट से आईपीसी की दफा 323 420 406 506 एवं 120 बी के तहत जमानतिय वारंट जारी किया गया है। वारंट 9 अगस्त 2023 को जारी किया गया है। इसके विरुद्ध में जेपी जैन ने अग्रिम जमानत याचिका दाखिल किया तो जमानत याचिका रद्द करते हुए कोर्ट ने दो सप्ताह के अंदर उन्हें सरेंडर करने का आदेश दिया है। यह आदेश 11 सितंबर 2023 को दी गई है। वारंट की कॉपी हजारीबाग सदर थाना भी पहुंच चुका है। इस संबंध में सदर थाना इंस्पेक्टर अमित कुमार लकड़ा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि चतरा न्यायालय से जमानतिय वारंट की कॉपी आया है न्यायालय के आदेश का पालन किया जाएगा।

**क्या है मामला :** उपरोक्त मामला परिवाद पत्र संख्या 1059/ 2022 से संबंधित है इसमें याचिकाकर्ता रामप्रवेश सोनी पीतीज चतरा निवासी ने जेपी जैन पर आरोप लगाया है कि हजारीबाग से सटे जलमा में भूमि दिखाकर जेपी जैन एवं इसकी पत्नी शिप्रा जैन ने 19 लाख 51 हजार रुपया का ठगी कर लिया। इस संबंध में एक इकरारनामा भी बना था जिसमें जमीन देने की बात कही गई थी बाद में पता चला कि उक्त जमीन 2020 में ही किसी और को बेच दिया गया है।

## भाजपा जिला सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन



कार्यक्रम में शामिल जयंत सिन्हा व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** पैराइज रिसोर्ट में 30 सितम्बर को शंखनाद अभियान के तहत भाजपा की जिला स्तरीय सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने की।

इसमें भाजपा, झारखण्ड सोशल मीडिया संयोजक राहुल अवस्थी प्रमुख अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का संचालन आईटी सेल जिला प्रभारी मनीष पांडे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन सोशल मीडिया प्रभारी शिवू महतो ने दिया। इस कार्यशाला में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्त्ता शामिल हुए।

इस दौरान जनता से सीधा जुड़ने और विकास कार्यों को सोशल मीडिया के माध्यम से उन तक पहुँचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। सोशल मीडिया की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इस विषय पर भी युवा कार्यकताओं को विस्तार से जानकारी दी गयी।

## एनएसएस कार्यकर्ताओं ने ली स्वच्छ भारत निर्माण की शपथ



एनएसएस कार्यकताओं ने ली शपथ

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में शनिवार को एनएसएस इकाई की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा-स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार के नेतृत्व में कार्यकताओं सह प्रशिक्षुओं ने शपथ ग्रहण किया।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रशिक्षुओं ने खुद घर-संस्थान और आसपास साफ-सफाई रखने और पड़ोसियों को भी स्वच्छ रहने के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। इस मौके पर प्राचार्य ने बापू के कथन का स्मरण कराते हुए साफ-स्वच्छ वातावरण में रहने की शपथ दिलाई. उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान देकर ही हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार बना सकते हैं।

बाद में प्रशिक्षुओं ने मुकुंदगंज, तुंबा, बकसपुरा आदि गांवों में रैली निकाल स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि स्वच्छ वातावरण से ही हम स्वस्थ रह सकते हैं। आसपास की गंदगी को हर दिन हटाकर ही बीमारी से बचे रह सकते हैं।

मौके पर सहायक प्राध्यापिका डॉ बसुंधरा कुमारी, डॉ पुष्पा कुमारी, महेश प्रसाद, कुमारी अंजलि, पुष्पा कुमारी, एसएस माइटी, जगेश्वर रजक, गुलशन कुमार, संदीप खलखो, अनिल कुमार, रचना कुमारी, दशरथ कुमार, कश्यप कुणाल, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार सिन्हा आदि मौजूद थे।

## समाजसेवियों ने रामगढ़ डीसी से की मुलाकात, सौंपा ज्ञापन

### पीसीसी पथ, पुल-पुलिया, गार्डवाल, डीप बोरिंग, सोलर आधारित मास्क लाईट व जलमीनार निर्माण कराने की रखी मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़ डीसी से मुलाकात करते समाजसेवी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अपने-अपने ग्राम पंचायत सहित क्षेत्र के विभिन्न मूलभूत विकास कार्यों के लिए झारखंड प्रदेश राजद उपाध्यक्ष संतोष कुमार यादव, झामुमो नेता सह झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बरका-सयाल के क्षेत्रीय सह सचिव लव कुमार महतो एवं समाजसेवी सत्येंद्र यादव ने शनिवार को रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मौके पर उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा उक्त सभी कार्यों को रामगढ़ जिला खनन फाउंडेशन (न्यास) निधि एवं अन्य फंड से तत्काल कराने की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया।

इस संदर्भ में तीनो नेताओ ने बताया की पतरातू प्रखंड अंतर्गत खनन क्षेत्र के प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित ग्राम पंचायतो में आज भी मूलभूत सुविधाओं, पहुंच पथ, प्राथमिक चिकित्सालय, पेयजल आदि का घोर अभाव है। जबकि डीएमएफटी मद का लगभग 1100 करोड रुपए खर्च किए जा चुके हैं।

## सांस्कृतिक व शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा विद्यालय: बिजयंत

खबर मन्त्र संवाददाता



कलश यात्रा में प्राचार्य बिजयंत कुमार के साथ शामिल विद्यालय परिवार

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित ए ला एंग्लाइज सीनियर सकेंडरी विद्यालय ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित आजादी के 75वीं अमृत महोत्सव के समापन कार्यक्रम को लेकर शनिवार को मेरी माटी मेरा देश के तहत सांस्कृतिक कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा दूसरी से लेकर के 12वीं तक के बच्चे भारतीय परंपरा के अनुसार वेशभूषा धारण कर एवं कलश को रंग-बिरंगे रंगों एवं फूल पत्तों से सजाकर कलश यात्रा में शामिल हुए। बच्चों द्वारा स्वच्छ भारत पर विभिन्न प्रकार के स्लोगन लिखी तख्तियां भी लाई गई। इसके माध्यम से लोगों को इस यात्रा के बारे में विभिन्न जानकारियां भी दी गई। विद्यालय के प्राचार्य बिजयंत कुमार ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव में यह समापन कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश के तहत भारत के प्रत्येक कोने में आयोजित किया जा रहे है। इसी के तहत विद्यालय द्वारा कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

## केरेडारी थाना ने फरार अभियुक्त के विरुद्ध इश्तेहार चिपकाया

**केरेडारी।** केरेडारी थाना कांड संख्या-16/18 दिनांक- 18/03/18 धारा-366/34 भा०द०वी० के फरार अभियुक्त (1) महफूज आलम पिता- मकसूद आलम (2) दाऊद अंसारी पिता ताहिर अंसारी(3) असलम अंसारी पिता रसीद अंसारी तीनो सा० बेलतु, थाना- केरेडारी, जिला- हजारीबाग एवं (4) क्यारी ज्ञान मोहम्मद सहार पिता अब्दुल करीम सा० मनीटोला, थाना- डोरंडा, जिला- राँची के घर अनुसंधानकर्ता पु०अ०नि० नवीन किशोर पांडेय के द्वारा माननीय न्यायालय में आत्मसमर्पण करने हेतु विधिवत इश्तेहार तामिला किया गया।

## दामोदर-भैरवी नदी के संगम पर भव्य गंगा आरती आयोजित



**रामगढ़।** नमामि गंगे योजना के तहत 2 अक्टूबर तक मनाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान को ले शनिवार को चितरपुर प्रखंड अंतर्गत रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र में रामगढ़ के डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में दामोदर एवं भैरवी नदी के संगम पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं रामगढ़ जिले के लोग शामिल थे। डीसी, एसपी पीयूष पांडे, वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन, राज्य समन्वयक नमामि गंगे योजना की अंजना भारती सहित अन्य का संगम स्थल पर स्वागत किया गया। गंगा आरती के पूर्व बनारस से आयी टीम ने शिव तांडव स्त्रोत सहित अन्य मनमोहक नृत्यों के माध्यम से सभी का मनोरंजन किया। फिर बनारस के ही पंडितों के द्वारा संस्कृत श्लोकों भजनों व मंत्रों के साथ गंगा आरती संपन्न हुई। नमामि गंगे योजना के तहत पूर्व में भी रजरप्पा मंदिर परिक्षेत्र में गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्तके निर्देश पर भव्य तरीके से गंगा आरती का आयोजन कराया गया। उनके वीडियो संदेश के कारण बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा आरती में हिस्सा लिया। डीसी ने थाना चौक के समीप स्थित गांधी घाट को भी पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने का निर्णय लिया है।

## एसटी/एससी और ओबीसी महिलाओं का 33 प्रतिशत कोटो लागू करें केन्द्र सरकार

**मांग** ओबीसी मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की प्रति जलायी

खबर मन्त्र संवाददाता






**हजारीबाग।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 मैं ओबीसी महिलाओं को आरक्षण नहीं देने कारण राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत हजारीबाग में वृंदावन पैलेस प्रांगण में जलाया गया। हजारों राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के हजारों कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से महिला आरक्षण बिल के प्रति को जलाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि मेरा एक सवाल है? देश में किन वर्ग के महिलाओं के साथ दुराचार, शोषण, हत्या, अपहरण, शील हरण होता है। देश के एनसीआरबी आंकड़े बताते हैं कि सबसे ज्यादा एससी, एसटी और ओबीसी महिलाओं को हिंसक, अपमानजनक मामले का शिकार होना पड़ता है। श्री गुप्ता ने कहा की संविधान कहता है कि जो कमजोर सेक्शन है उसे मजबूत बनाना है, जिन्हें शोषण का शिकार होना पड़ता है। उस वर्ग को सशक्त और सुदृढ़ करना होता है। फिर महिला शक्ति वंदन अधिनियम में अलग से इन वर्गों की महिलाओं का आरक्षण कोटा क्यों नहीं निर्धारित की जा रहा है? सामाजिक न्याय मंच के अध्यक्ष डॉ ललन भगत ने कहा क्या शहरी और पढ़ी-लिखी सशक्त अगड़ी जाति की महिलाएं एससी, एसटी , ओबीसी वर्ग की महिलाओं के मुकाबले निर्बल और अ:शक्त हैं, जिन्हें सशक्तिकरण की आवश्यकता है? माननीय मोदी सरकार पुनः इस पर पुनर्विचार करें और एसटी, एससी, महिलाओं के लिए 33% कोटा में जनसंख्या के अनुपात में पृथक कोटा लागू की जाए। कार्यक्रम का उद्घाटन वाईबीएन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष रामजी यादव, संजय चौरसिया शिवलाल महतो, शैलेन्द्र कुमार यादव, सुधीर प्रसाद जितेश्वर मेहता, नरेश ठाकुर,सुरेश ठाकुर प्रियंका कुमारी,राजेंद्र यादव सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## नारी ऊर्जा प्रोड्यूसर कंपनी का छठवां वार्षिक अधिवेशन का आयोजन

**चरही।** शुक्रवार को चरही स्थित पटेल मैदान में चुरचू नारी ऊर्जा प्रोड्यूसर कंपनी का छठा वार्षिक अधिवेशन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि मांडू विधायक जेपी पटेल थे। विधायक समेत पंचायत प्रतिनिधियों और जेएसएलपीएस,सपोर्ट संस्था,टाटा सीनी से जुड़े पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। चुरचू नारी ऊर्जा प्रोड्यूसर कंपनी की शुरूआत वर्ष 2018 में हुई। अपने छह वर्षों के कार्यकाल में यह महिला समूह 7500 से अधिक शेयर धारक बन कर विनिन्न क्षेत्र में कार्य कर रही है। कंपनी के अध्यक्ष सुमित्रा देवी और सचिव लाल मुनि मरांडी द्वारा छह वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धि का ब्योरा प्रस्तुत किए। अपनी कंपनी से जुड़ी समूह की महिलाओं को किस तरह से विश्वास में लाकर लखपति किसान के रूप में तैयार किया है,जानकारी दी गई। बतौर मुख्य अतिथि जेपी पटेल ने चुरचू नारी ऊर्जा प्रोड्यूसर कंपनी के बारे में जानकारी लिए तो उन्हें भी अचंभित होना पड़ गया। संबोधित करते हुए कहा कि हमारे गांव की महिलाएं घर से निकलकर स्व रोजगार से जुड़कर स्वावलंबी हो रही हैं। इसी महीने इस एफपीओ को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त है। मौके पर जिप सदस्य बासुदेव करमाली, पंसस आशा राय,पूर्व उप प्रमुख आशा राय, बहेरा मुखिया देवकी महतो, चरही उप मुखिया अभिजीत सिंह,सपोर्ट संस्था से रविंद्र सिंह,आरिफ अंसारी,चुरचू बाड़ी फल सब्जी प्रोड्यूसर कंपनी के अध्यक्ष फुलेश्वर महतो,कंपनी के सीईओ अभिजीत जेना समेत ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक और जेएसएलपीएस से जुड़े कर्मी उपस्थित थे।

## शहीद जयबीर महतो स्मृति फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही बिरसा मैदान में प्रखंड के पूर्व प्रमुख शहीद जयबीर महतो के स्मृति पर 30 वां फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया।इस टूनार्मेंट में क्षेत्र के 16 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया है।इस टीम के मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू और विशिष्ट अतिथि कुर्बान अंसारी,नीलकंठ महतो,अकल उरांव,परमेश्वर सिंह भोक्ता,अनवर अहमद, मनु टुडू,धीरज मांझी और बिनोद हेम्ब्रोम थे।मुख्य अतिथि औ? विशिष्ट अतिथियों ने टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।उसके बाद मैच को फीता काटकर और किक मारकर शुभारंभ किया गया। पहला मैच फुटबॉल क्लब चरही बनाम कमार्बेडा के साथ खेला गया।जिसमें कमार्बेडा पेनाल्टी में 1-0 से विजयी रहा।वहीं दूसरी मैच ललपनिया बनाम कसियाडीह के बीच खेला गया।जिसमें कसियाडीह 2-0 से विजयी रहा। मैच का आयोजन हजारीबाग झामुमो जिला समिति के द्वारा किया गया है। इसका व्यवस्थापक आनंद मरांडी,गोविंद कुमा,प्रेम कुमार,तारकेश्वर महतो, और गुड्डू महतो हैं। मौके पर मोहन, ठाकुर, नरेश ठाकुर ,वीरेंद्र पासवान, दिनेश भुइयां, अमीन अंसारी सहित झामुमो के कई लोग उपस्थित थे।

## स्कूल की भूमि पर जबरन चाहरदीवरी निर्माण पर भड़के ग्रामीण

**चरही।** चुरचू अंचल व आंगो थाना क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय आंगो की दान की हुई भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। स्कूल की दान की गई रैयती जमीन खाता नंबर 03 प्लॉट नंबर 1027 पर किसी सीसीएल ठेकदार द्वारा जबरन चाहरदीवरी निर्माण किए जाने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई है। इस संबंध में पंचास्त के प्रतिनिधियों से लेकर ग्रामीण जनता द्वारा लिखित आवेदन शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों से लेकर पुलिस प्रशासन को दी है। आवेदन में लिखा है कि स्कूल का निर्माण वर्ष 1960 -61 में गैरमजुरुआ जमीन पर हुआ था। सामने की जमीन रैयती भूमि स्व खेलो महतो पिता स्व गांगो महतो ने ग्रामीणों की आग्रह पर स्वेच्छा से स्कूल के नाम पर इकरार किए थे। उक्त भूमि को स्कूल परिसर में संयोजित कर कई निर्माण कार्य कराए गए। 2007 -8 में विधायक मद से चारहदीवारी,पुलिस अधीक्षक मद से तार से घेराबंदी, नव भारत जागृति केंद्र द्वारा बच्चों के खेलने हेतु झूला आदि लगाया गया है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से पौधा रोपण आदि किया गया है। अब उसी दान किए गए जमीन पर दानकर्ता स्व खेलो महतो के वंशज उक्त भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है।

## ग्रामीणों ने बिजली समस्या के निदान को लेकर सहायक विद्युत अभियंता को सौपा ज्ञापन

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत चतरो गांव के दर्जनों की संख्या में ग्रामीण अपना हस्ताक्षर कर विद्युत सहायक अभियंता को लिखित ज्ञापन सौपा है। वहीं मुखिया संघ के अध्यक्ष सह मलकोको मुखिया विजय यादव ने आवेदन को अनुशंसा किया है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बरियठ्ठा से चतरो श्मशान घाट तक 11000 बिजली का तार जलकर खराब हो गया है एवं लगभग पांच बिजली का पोल टूट गया है। जिससे ग्राम चतरो में बिजली समस्या उत्पन्न हो गई है, इसे जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। मौके पर जिला उपाध्यक्ष किसुन यादव,उमेश यादव, संतोष कुमार, संजय यादव, कैलाश यादव, सनी कुमार यादव, राहुल कुमार यादव, गोविंद कुमार, बासुदेव यादव, बासुदेव पंडित, बधन महतो, संतोष पासवान, किशुन पासवान, बिरेन्दर पासवान, विकाश पासवान, ज्योतिष कुमार यादव, टिंकू कुमार यादव, महादेव पासवान, सीताराम यादव, राममेश्वर यादव, राहुल कुमार यादव, किशोर कुमार यादव, विकाश कुमार, नरेश यादव, रवि यादव, अजीत कुमार यादव, राजू यादव, मुकेश कुमार, शंकर पासवान, मंटू कुमार, पवन यादव, योगेश्वर यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने ज्ञापन में अपना अपना हस्ताक्षर बनाया है। इस दौरान स्थानीय मुखिया सह मुख्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार यादव ने ग्रामीणों के मांग को सही बताते हुए बिजली विभाग से अपील किया है कि ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता पूर्वक लेते हुए समस्या का निदान किया जाए।

## भगवान भरोसे चल रहा है दारू प्रखंड व अंचल मुख्यालय

**दारू।** दारू प्रखंड व अंचल मुख्यालय पिछले कुछ दिनों से भगवान भरोसे चल रहा है। दारू की पूर्व अंचल अधिकारी नीतू कुमारी का तबादला एक माह पुर्व भू बंदोबस्त पदाधिकारी के रूप में गिरिडीह जिले में कर दिया गया और तात्कलिन प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय को प्रखंड के साथ साथ अंचल का प्रभार दिया गया । इस बीच सुशील का भी प्रोन्नति के साथ तबादला निर्वाचन पदाधिकारी गुमला में कर दिया गया ।इस बीच अंचलाधिकारी व बीडीओ के पद पर किसी भी अधिकारी का नियुक्ति यहां नहीं किया गया जिससे काफी असमंजस की स्तिथि बनी रही।यहाँ शुक्रवार को जिले की कार्यपालक दंडाधिकारी अदिति गुप्ता को दारू प्रखंड के बीडीओ के साथ-साथ अंचल का भी तत्कालीन प्रभार दिया गया है प उन्होने अंचल के काम में ज्यादा रुचि नहीं लिया जिस कारण जमीन के संबंधित कई आवेदन लंबित पड़े रहे।इस बीच करीब 1 महीने से दारू प्रखंड व अंचल का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पा रहा है।अदिति गुप्ता का कहना है की अभी उन्हे कुछ दिनों के लिए प्रभार दिया गया है जल्द ही प्रखंड व अंचल मे नये बीडीओ और सीओ की नियुक्ति की जा सकती है । प्रखंड व अंचल का कार्य स्वरूप से नहीं चल पाने के कारण 125 से अधिक दाखिल खारिज के आवेदन लंबित है जबकी एक महीने से अभी अधिक समय से जमीन की एलपीसी निर्गत नहीं हो रहा है,साथ ही जाति, आय, आवासीय के भी दर्जनों आवेदन लंबित पड़े हुए हैं जिनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है दारू प्रखंड व अंचल के ग्रामीणों के मामें भारी असमंजस है वह अपने काम के सिलसिले में आते तो है पर उनका काम सुचारू रूप से नहीं हो पा रहा है प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है की जल्द ही यहां के नए वीडियो को की नियुक्ति की जाए जिसे काम फिर सुचारू रूप से चल सके।

# लालच और लापरवाही ने ले ली एक और गर्भवती की जान

- निजी एंबुलेंस चालक की लालच और निजी अस्पताल की लापरवाही से गर्भवती महिला की मौत
- मिशन बदलाव सदस्यों ने कहा कि जब महिला के शरीर में ब्लड की कमी थी तो क्यों किया गया ऑपरेशन
- मामले को लेकर उपायुक्त व सिविल सर्जन से शिकायत करेगी मिशन बदलाव

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव गुमला के सदस्यों ने निजी एम्बुलेंस चालक के लालच व अनिता सेवा सदन गुमला की लापरवाही से एक गर्भवती महिला की मौत होने व गर्भ में पल रहे बच्चे का जीवन भी खतरे में होने की बात कही है। मिशन बदलाव के विनय गोप ने बताया कि सोलगा शैलीपुर कोलेबिरा निवासी गर्भवती महिला गुड़िया देवी को इलाज के लिए परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां गर्भवती महिला की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया।

गर्भवती महिला के परिजन उसे रिम्स ले जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी निजी एम्बुलेंस के चालक ने परिजनों को अनिता सेवा सदन अपने कमीशन के फेर में पहुंचा दिया। जहां अनिता सेवा सदन ने बेहतर इलाज के नाम पर गर्भवती मरीज को दिन व रात भर्ती रखा और बताया कि बच्चा पेट के अन्दर मर चुका है और ऑपरेशन करना होगा। लेकिन जब ऑपरेशन किया गया तो बच्चा जिंदा था। उसके बाद आनन फानन में बच्चे को सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। आधा घंटा के बाद बच्चे को रांची रिम्स इमरजेंसी के नाम पर रेफर कर दिया गया है। अभी भी बच्चा जिंदगी और मौत के बीच रिम्स में लड़ रहा है। गर्भवती महिला को मिशन बदलाव के बिनय गोप और जनक कुमार ने ब्लड से लेकर हर प्रकार की मदद सदर अस्पताल में की। जब विनय गोप ने महिला की मृत्यु का कारण अनिता सेवा सदन अस्पताल प्रबंधन से पूछा तो बताया गया कि महिला की मौत खून की कमी से हुआ।



घटना की जानकारी देते मिशन बदलाव के सदस्य व परिजन।

इस पर बिनय गोप ने कहा कि जब महिला मरीज की स्थिति गंभीर था तो ऑपरेशन क्यों किया गया। इधर मिशन बदलाव के विनय गोप ने कहा कि वे मामले को लेकर उपायुक्त व सिविल सर्जन से शिकायत करेंगे। उन्होंने कहा कि अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से महिला की जान चली गयी। ऐसा ही चलता रहा तो कई गर्भवती महिला की मौत की खबर सामने आयेगी।

### नाजुक स्थिति में महिला को अस्पताल में कराया गया था भर्ती : राजकुमार

- परिजनों ने दबाव डालकर कराया था महिला का ऑपरेशन

अस्पताल प्रबंधन के राजकुमार सिंह का कहना है कि बहुत ही नाजुक स्थिति में गर्भवती महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला को ब्लड भी चढ़ाया गया और ब्लड की महिला को आवश्यकता थी। लेकिन महिला के परिजन दबाव डालकर उसका ऑपरेशन कराया। ऑपरेशन के बाद मां बच्चा दोनों ठीक थे। परंतु महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई थी। जिसको लेकर रांची रेफर किया गया। रांची ले जाने के क्रम में महिला की मौत हो गई। मिशन बदलाव के लोग इस पर राजनीति कर रहे हैं।

## स्पीड न्यूज

### बालू लदे तीन हाइवा जब्त, चालक अरेस्ट



**गुमला।** जिला खनन पदाधिकारी रामनाथ राय ने बालू के अवैध उत्खनन के खिलाफ पुलिस बल के साथ शुक्रवार की रात सिसई थाना क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया। इसी दौरान नगर लालमाटी के ओकबा की ओर से कई वाहन आते दिखे। इस दौरान तीन हाइवा को रोका गया। सभी हाइवा में सात सौ सीएफटी बालू लदा था। हाइवा चालक सिसई थाना क्षेत्र के करकरी निवासी मिन्हाज अंसारी, लापुंग के अरमा लठदाग निवासी गोपाल कच्छप व पिस्का नगड़ी के इमरान अंसारी से बालू परिवहन से संबंधित कागजात की मांग की गयी तो तीनों चालक कोई कागजात नहीं दिखा सके और बालू के संबंध में कोई जानकारी नहीं दे सके। जिला खनन पदाधिकारी ने जब्त तीनों हाईवा को सिसई थाना लाया और झारखंड खनिज संपदा एक्ट के तहत सिसई थाना में तीनों वाहन चालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

### लोक अदालत में नौ मामले निष्पादित



**गुमला।** व्यवहार न्यायालय परिसर गुमला में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मासिक लोक अदालत लगायी। जिसमें कुल 09 मामले निष्पादित किये गये। साथ ही 30,38,000 रुपये के राजस्व आये। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मासिक लोक अदालत हर सुलहनीय मामलों के निष्पादन का यह सुनहरा अवसर है। इस क्रम में बैंक लोन, कर्ज माफी, बिजली भुगतान, इत्यादि, से संबंधित, दीवानी एवं फौजदारी के सुलहनीय मामलों का निष्पादन मासिक लोक अदालत के दिन ही हो जाता है। मौके पर डालसा सचिव, पार्थ सारथी घोष , श्री शंभू सिंह स्थाई लोक अदालत के सदस्य, अधिवक्ता बुंदेश्वर गोप, विद्या निधि शर्मा, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, राकेश किरण, सहायक प्रकाश कुमार, आशा पूनम, मनीष कुमार समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**गुमला।** झारखंड राज्य आजीविका संबर्धन सोसाइटी गुमला ने शनिवार को स्थानीय बहुद्देश्यीय सामुदायिक भवन सिलम में पोषण माह के अंतर्गत जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अजय श्रीवास्तव कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस ने पोषण माह एवं इसके महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। मौके पर प्रभारी सिविल सर्जन, जिला सदर अस्पताल, निदेशक आरसेटी ने भी पोषण माह एवं इसकी आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किये। इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के सभी जिला कर्मी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, सेतु दीदी एवं कैडर सहित कुल 70 से अधिक लोग उपस्थित थे।

### काकरगढ़ पूर्व मुखिया पर जानलेवा हमला करनेवाला आरोपी गिरफ्तार

**कुडू, लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के काकरगढ पंचायत के पूर्व मुखिया स्व एतवा उरांव के पुत्र फूलचंद उरांव पर बीते देर रात्रि जानलेवा हमला हुआ। हमले में धारदार तलवार से उनके सर पर हमला हुआ। मामला बीते रात्रि 10 बजे के करीब का मामला है जब फूलचंद उरांव अपने घर के बाहर बरामदे पर बैठ कर अपने मोबाइल से बात कर रहे थे तभी काकारगढ़ महुगांव के बिफई उरांव के पुत्र रमेश उरांव ने उन पर पीछे से उनके सर पर तलवार से हमला कर दिया। फूलचंद की चीख सुन कर घर के लोग बाहर आये और फूलचंद को ग्रामीणों की मदद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू लाया जहा से उन्हें रिम्स रेफर किया गया। आरोपी रमेश उरांव को पुलिस ने गिरफ्तार कर कांड संख्या 112/23 धारा 341/324/307 भादवि के तहत जेल भेज दिया।

### खो-खो में मवि नवाडीपाड़ा जिला चैंपियन



**लोहरदगा।** खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2023 के खो-खो अंडर 14 बालक वर्ग में राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवाडीपाड़ा लोहरदगा ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में कैरो प्रखंड को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब रा मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा के प्रतिभागी बच्चे राज्य स्तर पर लोहरदगा जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण राम ने प्रार्थना सभा में सभी बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस उपलब्धि पर कबड्डी संघ के राज्य उपाध्यक्ष मदन मोहन पांडे, जिला सचिव रामस्वरूप प्रसाद, प्रशिक्षक सतीश रंजन उरांव, खेल शिक्षक राहुल कुमार, अजय कुमार, नेमहंती मिंज, सुमित्रा टोप्पो, मनीष कुमार, एसएमसी अध्यक्ष मीला लकड़ा, वार्ड पार्षद गीता देवी, माता समिति के सदस्य सुमन देवी, पुष्पा देवी तथा किरण देवी ने बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

### सेमिनार में मिली योजनाओं की जानकारी



**लोहरदगा।** सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा ( सूचना भवन) के प्रथम तल स्थित सभागार में राज्य सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हेतु सेमिनार लगाया गया। इस कार्यक्रम में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने नुक्कड़-नाटक कला दल के कलाकारों को सर्वजन पेंशन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस योजना, मरांग गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना एवं फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान की विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में उक्त योजनाओं से संबंधित योजनाओं की शॉर्ट फिल्म भी दिखायी गयी। कार्यक्रम में जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, लोहरदगा के सभी कर्मी, विभिन्न नुक्कड़-नाटक कला दल के कर्मी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता के चैंपियन का सुखदेव भगत ने बढ़ाया हौसला, कहा

# अनुशासन-प्रतिबद्धता के साथ खेलने से लक्ष्य जरूर मिलेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में अंदर 17 बालिका वर्ग में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाली संत पात्रिक स्कूल गुमला के टीम ने हरियाणा को 3-0 से हराकर चैंपियन बनकर कल गुमला लौटी। जानकारी मिलते ही झारखंड प्रदेश कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रभारी सह लोहरदगा जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखदेव भगत इनडोर स्टेडियम आवासीय सेंटर गुमला पहुंचकर विजेता फुटबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बुके देकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। मौके पर सुखदेव भगत ने खिलाड़ियों से उनके अनुभव के बारे में पूछा। इस दौरान श्री भगत ने खिलाड़ियों को आगे भी और मेहनत से खेलने की बात कही।



खिलाड़ियों के साथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व अन्य।

**खास बातें :** संत पात्रिक स्कूल गुमला के बच्चियों ने गुमला ही नहीं पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है। यहां की बच्चियां पूरे राज्य के लिए आदर्श बने हैं। उनके चैंपियन होने से पूरे राज्य के खिलाड़ियों में उत्साह का संचार हुआ है ।श्री भगत ने खिलाड़ियों को टिप्स देते हुए कहा कि आत्मबल को हमेशा ऊंचा रखें और यह महसूस करें कि वह किसी से काम नहीं है। श्री भगत ने खिलाड़ियों से कहा कि अपने जीवन में तीन डी डिसिप्लिन (अनुशासन), डिटरमिनेशन (दृढ़ निश्चय), डेडीकेशन (समर्पण) का पालन करेंगे तो हमेशा आपको अपने लक्ष्य की प्राप्ति होगी। मौके पर कोच बीणा, रिजवान अली ने श्री भगत से खिलाड़ियों को पूरी सुविधा नहीं मिलने की बात कही।

# अवैध कब्जा पर कुडु अंचल प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडु।** प्रखंड के मौजा हेंजला में अंचल प्रशासन द्वारा अवैध रूप से जितिया मेला स्थल में जमीन कब्जा कर मकान बनाने वाले पर कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाकर तोड़ा गया। अवैध कब्जा से संबंधित आवेदन प्राप्त होने पर सीओ द्वारा अंचल अमीन, कुडू के मापी प्रतिवेदन के आधार पर मौजा हेजला के खाता संख्या 200 प्लॉट संख्या 642, 643 रकबा क्रमशः 0.83 ए0 एवं 0.18 ए0 भूमि में से कई व्यक्तियों के द्वारा अतिक्रमण कर अवैध रूप से मकान निर्माण किया गया था जिसमें बबलु महतो पिता राम लाल महतो, ग्राम-हेजला, अमरदीप तिवारी पिता श्यामसुंदर तिवारी, ग्राम-हेजला, अनिरुद्ध महतो पिता मुरारी महतो, ग्राम-हेजला, राम कुमार साहू पिता राम सिंहासन साहु, ग्राम-हेजला द्वारा अवैध रूप से कब्जा किए जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने की करवाई की गई। हालांकि कार्रवाई से पूर्व अतिक्रमणकर्ता को कागजात प्रस्तुत करने के लिए नोटिस निर्गत किया गया। नोटिस के आलोक में सभी अतिक्रमणकर्ता अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित हुए। परन्तु उनके द्वारा अपने बचाव / पक्ष में किसी प्रकार का राजस्व दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद सीओ प्रवीन कुमार सिंह द्वारा कब्जा मुक्त करने के लिए आदेश निकालते हुए बुलडोजर की कार्रवाई शनिवार को गयी।



बुलडोजर की चलती कार्रवाई।

## एमबी डीएवी में गांधी-शास्त्री के जीवन पर होगी खुली प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक द्वारा पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्रार्थना सभा के दौरान किया गया। यह प्रतियोगिता सभी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। जिसमें निम्न स्तर से लेकर उच्च स्तर तक के प्रश्न समाहित थे। हमारे स्वतंत्रता सेनानी लाल बहादुर शास्त्री व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अभिषेक कुमार झा ने सबसे ज्यादा प्रश्नों के उत्तर देते हुए प्रथम स्थान अर्जित किया। इसके अतिरिक्त रोशन कुमार, रिद्धिमा सिंह, व मोहम्मद अरशद ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से पूछे गये प्रश्नों का उत्तर देकर प्रियांशु कुंवर विजेता हुए।

## राइट टू एजुकेशन का पालन नहीं करने वाले स्कूलों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

- प्रेस वार्ता कर उपायुक्त ने विभागवार उपलब्धियों का आंकड़ा किया प्रस्तुत, समस्याओं के जल्द समाधान की बात

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने प्रेस वार्ता का आयोजन कर जिले के विभिन्न विभागों के उपलब्धियों पर आंकड़ेवार परिचर्चा की। इस दौरान राइट टु एजुकेशन के तहत प्राइवेट विद्यालयों में 25 प्रतिशत रिजर्व सीट में स्कॉलरशिप व आर्थिक रूप से असमर्थ विद्यार्थियों के एडमिशन न लेने के मामले में उपायुक्त ने कहा कि ऐसे सभी विद्यालयों की सूची की मांग की गई है जहां यह रूल लागू है। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा प्राइवेट विद्यालयों की सूची जारी की गयी है। जहां उक्त नियम लागू है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट विद्यालयों द्वारा यदि शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए नियमों का पालन नहीं करते हुए पाया गया तो विद्यालयों पर कार्रवाई भी की जायेगी।



### चर्म-कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 8 को गुमला में

**गुमला।** चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप कुमार 8 अक्टूबर को पालकोट रोड के नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### पुत्र ने थाने में की मां की गुमशुदगी की शिकायत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के दोदांग निवासी पुत्र सीताराम लोहरा ने शनिवार को घाघरा थाना में अपनी मां फिरनी देवी की गुमशुदगी की शिकायत की। सीताराम लोहरा ने बताया कि 22 सितंबर की सुबह 7 बजे घर से घाघरा बैंक जाने उसकी मां निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। रिश्तेदारों व आसपास के काफी लोगों से संपर्क किया, फिर भी उसका कोई पता नहीं चल पाया। काफी खोजबीन व थक हार के बाद जब कुछ जानकारी नहीं मिली। जिसके बाद घाघरा थाना पहुंच लिखित आवेदन दिया। लोगों से अपील की है कि उसकी मां कहीं दिखे तो इसकी सूचना घाघरा थाना को जरूर दें।

### उदरंगी में हुई पंचायत स्तरीय समीक्षा बैठक



**भंडरा।** भंडरा बीडीओ के आदेश अनुसार पंचायत भवन उदरंगी में समन्वय समिति की बैठक मुखिया परमेशर माहली की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों का समीक्षा बैठक की गयी। जिसमें विभिन्न विभागों से पंचायत में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी। जिसमें मनीष कुमार अग्रवाल प्रखंड को-ऑर्डिनेटर पंचायत सचिव महिपाल उरांव, आलोक लकड़ा, सहिया, जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका, स्वयंसेवक, शिक्षक गण उपस्थित हुए।

### नदिया आवासीय टीम बनी प्रतियोगिता की विजेता



**लोहरदगा।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत शनिवार को फुटबॉल मैच का आयोजन समाहरणालय मैदान में किया गया। जिसमें कुल 4 टीमों ने भाग लिया। फुटबॉल मैच का आरंभ उप विकास उपायुक्त जय ज्योति सामंथा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर डीडीसी ने खेल के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि खेल से हमारा तन मन दोनो स्वास्थ्य रहता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नदिया आवासीय फुटबॉल एवं द्वितीय स्थान पर नगर परिषद की टीम रही। विजय टीमों को अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी अरविंद कुमार लाल एवं प्रशासक, नगर परिषद जयपाल सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को कप दिया गया।

## बूथ को मजबूती देगी भाजपा की दो दिवसीय कामकाजी बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कैरो (लोहरदगा)।** कैरो भारतीय जनता पार्टी का दो दिवसीय कामकाजी बैठक का प्रथम दिन 30 सितंबर दिन शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के सढ़ाबे पंचायत अन्तर्गत डुमरटोली गांव में मंडल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की चित्र पर पुष्प अर्पित कर धूप दीप एवं वंदेमातरम के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक बूथ को मजबूत बनाना है। इस निमित उपस्थित जिला के पदाधिकारियों ने समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हो जाने का निर्देश दिया।

### कुआं में डूबने से वृद्ध महिला की मौत

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के पतागाई गांव में कुआं में डूबने से वृद्ध महिला सकीजा बीवी की मौत हो गयी। घटना की सूचना पुलिस को शनिवार को मिलने पर दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची। जहां मृतका के शव को कुएं से निकाल कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। जानकारी के अनुसार सकीजा बीवी शुक्रवार को 3 बजे अपने घर से निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल सका। शनिवार को दिन में 12 बजे घर से कुछ दूरी पर स्थित कुआं में उसका शव मिला।

## नाला में डूबने से महिला और सात माह की बच्ची की मौत

- शुक्रवार की शाम में महिला बच्ची को लेकर नाला में कपड़ा धोने गयी थी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बिशुनपुर थाना क्षेत्र के जमटी दीपाटोली गांव निवासी सूरज महली की पत्नी ललिता देवी ( 35 ) व एक बच्ची ( 7 माह ) की पैर फिसल कर नाला के पानी में गिरने से दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने सात माह की बच्ची को पीठ में बांधकर गांव के ही कुकुरडूबा नाला में कपड़ा धोने गयी थी। इसी दौरान अचानक ललिता का पैर फिसल गया और पानी भरे गड्ढा में गिर गयी। जिससे मां और बच्ची की पानी में डूबने से मौत हो गयी। स्थानीय चरवाहे ने शव को देख परिजनों को इसकी सूचना दी। जिसके बाद परिजनों ने पूरे घटना की जानकारी बिशुनपुर पुलिस को दी। पुलिस की पहल पर ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी से बाहर निकल गया। देर रात हो जाने से शनिवार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया।

# संकल्प सप्ताह के शुभारंभ कार्यक्रम का अधिकारियों ने देखा सीधा प्रसारण

- आकांक्षी प्रखंड डुमरी में होगा 7 दिवसीय संकल्प सप्ताह कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर के आकांक्षी ब्लॉकों के विकास हेतु एक सप्ताह के अभियान के तहत देश भर में संकल्प सप्ताह का दिल्ली स्थित भारत मंडपम से शुभारंभ किया। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और उनके विकास के लिए ब्लॉक स्तर पर मौजूद प्रशासन में सुधार करना है। इसके तहत कुल 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में काम किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने एनआईसी कार्यालय सभागार से देखा एवं जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी में भी उक्त कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बीडीओ, सीओ एवं अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मियों ने प्रखंड कार्यालय सभागार से देखा। संकल्प सप्ताह के आयोजित किए जाने से पहले देश भर के गांव और ब्लॉक स्तर पर चिंतन शिविर लगाए गये थे। जिसके तहत आकांक्षी प्रखंड डुमरी में भी उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक की गयी थी।



संकल्प सप्ताह के शुभारंभ का प्रसारण देखते डीसी व अन्य।

**खास बातें :** देशभर की मौजूदा स्थिति को देख संकल्प सप्ताह की शुरुआत की जा रही है। जिसके तहत 3 2023 से लेकर 9 अक्टूबर 2023 तक आकांक्षी प्रखंडों में कार्यक्रम होगा। 3 को संपूर्ण स्वास्थ्य - एक संकल्प (हेल्थ) के रूप में मनेगा। जिसमें आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर लगेंगे। जिसमें एनसी चेकअप, इम्यूनाइजेशन ड्राइव, एनसीडी स्क्रीनिंग, एनीमिया टेस्ट, निक्षय संबंधित स्वास्थ्य जांच शामिल होंगे। वहीं 4 अक्टूबर को पोषण परिवार- पोषण मेला (न्यूट्रीशन) के रूप में मनेगा। 5 को सभी पंचायत भवनों को केंद्रित करते हुए स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम होगा।

# मोटर वाहन दुर्घटना और बीमा क्लेम को ले कार्यशाला में लोगों को दी गयी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार( डालसा ) ने मोटर वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन न्यायालय परिसर स्थित सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी, लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा डालसा के प्रभारी सचिव अर्चना कुमारी, ओरियंटल बीमा कंपनी के प्रबंधक शिव कुमार ने किया।



कार्यशाला का उद्घाटन करते पीडीजे व अन्य पदाधिकारी।

**खास बातें :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि सड़क पर सावधानी अति महत्वपूर्ण है किंतु दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा का भी प्रावधान है। यदि क्लेमेंट ईमानदारी से मृतक या घायल की आर्थिक स्थिति को न्यायालय के समक्ष रखे तो पीड़ित पक्ष को जल्द न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों एवं पुलिस अधिकारियों को मोटर वाहन संसोधन अधिनियम 2022 के आलोक में मोटर वाहन दुर्घटना के पश्चात जल्द अनुसंधान पूर्ण कर आरोप पत्र समर्पित करने का आह्वान किया एवं दुर्घटना रिपोर्ट भी जल्द मोटर वाहन ट्रिब्यूनल को देने का आह्वान किया ताकि पीड़ित को जल्द मुआवजे की राशि दी जा सके। न्यायालय में दुर्घटना दावा के विभिन्न पहलुओं पर प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश ने भी अपने विचार रखे। इससे पूर्व उद्घाटन भाषण में आरक्षी अधीक्षक हारिश बिन जमां ने ऐसी कार्यशाला के निरंतर आयोजन पर बल दिया तथा अपने अनुभव साझा किये। कार्यशाला में विभिन्न थानों के 40 पुलिस अधिकारी, मोटर वाहन से जुड़े अधिवक्ता, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि, सदर अस्पताल के प्रतिनिधि एवं डालसा के पीएलवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डालसा के प्रभारी सचिव अर्चना कुमारी ने किया।

## स्पीड न्यूज

## बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर टंडवा बूथ अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** बूथ सशक्तिकरण अभियान कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी टंडवा मंडल के सभी शक्ति केंद्र के बूथ अध्यक्षों की बैठक स्थानीय नगर भवन में किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने की। बैठक में उपस्थित बूथ अध्यक्षों के नाम मोबाइल नंबर जन्म तिथि के त्रुटियों को सुधारते हुए सत्यापन किया गया। साथ ही निर्णय हुआ कि पंचायत संयोजक, सहसंयोजक व बूथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर बूथ को सशक्त किया जाएगा। गोविंद तिवारी जी ने बूथ अध्यक्षों को बताया कि पहले बूथ अध्यक्षों को कोई जनता नही था लेकिन वर्तमान आदरणीय जे पी नड्डा जी एवम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र भाई मोदी जी ने बूथ अध्यक्ष को सर्वोपरि माना है आने वाला समय में विधायक और सांसद के उम्मीदवार का चयन में भी बूथ अध्यक्षों की बहुत बड़ी भागीदारी होगी।बैठक में बूथ सशक्तिकरण मंडल प्रभारी सह पूर्व जिला अध्यक्ष नरेश सिंह जी भाजपा उपस्थित थे।

## पूरे राज्य में दिख रहा है हेमंत सरकार के कार्यों का असर : धीरज



माला बनाकर पहना कर पार्टी में शामिल कराते धीरज दुबे

**गढ़वा।** जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत ओखरगाड़ा पश्चिम पंचायत से मुखिया पद के पूर्व प्रत्याशी जोखू अंसारी व रौनक खान सहित 50 से अकि लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। सभी लोग दूसरे दलों का छोड़कर झामुमो में शामिल हुए। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता ीरज दुबे ने सभी को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान जोखू एवं रौनक के नेतृत्व में पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में उमेश कुमार राम, हीरा कुमार राम, चंदन कुमार रवि, असमुल्ला अंसारी, अटल बिहारी राम, अमित कुमार, ओम प्रकाश कुमार, प्रिंस कुमार, केश्वर कुमार राम, ब्रजेश कुमार भारती, रितेश कुमार, प्रेमचंद कुमार, मो. गुलजार खान, मो.एहसान, मो. शहादत, सोनू अंसारी, शाहिद अंसारी, विजय राम आदि का नाम शामिल है। मौके पर श्री दुबे ने कहा कि झामुमो में लगातार काफी संख्या में लोग शामिल हो रहे हैं। इससे झामुमो परिवार लगातार बड़ा हो रहा है। इन सभी लोगों को शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। ये लोग हेमंत सरकार की नीति एवं सिद्धांतों तथा गढ़वा विायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यों से प्रभावित होकर दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हुए हैं।

## शौर्य जागरण रथ का आज किया जायेगा भव्य स्वागत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत बरियारडीह चौक पर रविवार शाम 6 बजे शौर्य जागरण रथ का भव्य स्वागत किया जायगा। जिसे लेकर सारी तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। उक्त बातों की जानकारी विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष विद्यासागर पासवान व मंत्री पवन कुमार बर्णवाल ने संयुक्त रूप से दी। उन लोगों ने बताया कि शौर्य जागरण रथ का भव्य स्वागत को लेकर पूरे प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में तैयारी कर ली गयी गयी है।

## जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन की बैठक

**चतरा।** जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन की बैठक में औषधि निरीक्षक कैलाश मुंडा ने सभी औषधियों को चिकित्सक के पर्ची पर ही बेचने की बात कही है। इसके अलावा मेडिकल दुकानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने को कहा, ताकि जरूरत पड़ने पर कैमरा का अवलोकन किया जा सके। ड्रग इंस्पेक्टर ने जिले के सभी थोक व खुदरा दवा विक्रेताओं को झोलाछाप चिकित्सको को दवा नहीं देने की बात कही। साथ ही बेचे गये दवा का विवरणी रजिस्टर में अंकित करने को कहा। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री औषधि सुलभ केंद्र योजना के तहत कुल 60 दुकानदारों का अनुज्ञप्ति निर्गत किया गया है।

## सास ने किया बहु को घायल



**भवनाथपुर।** कतार थाना क्षेत्र के परती अच्छया टोला निवासी राकेश यादव की मां अदरी देवी ने अपनी बहु रीना देवी को बीती रात्रि रड व पत्थर से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर बगल के रहर के खेत मे फेंक दिया। घटना के पूर्व महिला ने अपनी बहन से दूरभाष पर घटना होने की आशंका व्यक्त की थी। जिस पर शनिवार को सुबह मझियावा बरछा बांा से मायके वाले आकर अपनी बहन को खोजबीन करने लगे। खोजबीन के पश्चात घर के बाहर रहर के खेत में बेहोशी के हालत में रीना मिली। जिसे भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां उपचार किया जा रहा है। घटना के बारे में रीना ने बताया कि वर्ष 2016 में हिन्दू रिति रिवाज के साथ राकेश यादव से शादी की थी। परन्तु कुछ वर्ष बाद ही पति पत्नी में विवाद होते रहा, जिसको लेकर श्री बंशीीर नगर महिला थाना में शिकायत की गई थी। बीते 19 सितम्बर को समझौता के बाद केतार अपने घर राकेश ले गया था। बीती रात्रि घर के सभी सदस्यों ने जान मारने के नियत से मारपीट कर मृत समझ कर बगल के रहर के खेत मे फेंक दिया। इस घटना की सूचना केतार थाना में लिखित रूप से किया गया है।

### जुर्माने की राशि नहीं देने पर आरोपी को भुगतना पड़ेगा 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के आरोप में पति को 17 साल सश्रम कारावास की सजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सतगावां थाना कांड संख्या 27/22, एसटी 07/23 दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने और साक्ष्य को छुपाने के लिए शव को जलाने के मामले की सुनवाई करते हुए जिला जज द्वितीय अजय कु सिंह की अदालत ने आरोपी पति सरवहना, माधोपुर, सतगावां निवासी बबलू यादव पिता सरयू यादव को दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही दस हजार का आर्थिक जुमार्ना भी लगाया है, इसके अलावे भादवी की धारा 201 में 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई, दोनों सजाएं अलग अलग चलेगी, वहीं जुमार्ने की राशि नही देने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना पड़ेगा।

गौरतलब हो कि जयनगर थाना क्षेत्र के योगियाटिलहा, सरमाटांड निवासी कौलेश्वर यादव पिता स्व लक्षु यादव ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुराल वालों पर अपनी विवाहित पुत्री ममता देवी की हत्या करने और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जला देने का आरोप लगाते हुए थाना में कांड संख्या 27/22 में मामला दर्ज कराया था, दर्ज मामले में मृतका के पिता ने कहा था कि वह अपनी पुत्री ममता देवी का विवाह 15 मई 2018 को सरवहना, माधोपुर, सतगावां निवासी बबलू यादव पिता सरयू यादव के साथ किया था, विवाह के समय अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिए थे, शादी के कुछ दिन बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए मृतका के पति बबलू यादव, श्वसुर सरयू यादव ,सास सुनीता देवी, ननद सुलेखा देवी, नीतू देवी पर अपनी पुत्री को प्रताड़ित करने व मारपीट किया करते थे, जिसके बाद सामाजिक स्तर से समझौता करने का प्रयास किया गया, परन्तु ससुराल वाले नही माने और मेरी पुत्री के साथ मारपीट करते रहे, इसी बीच 24 अक्टूबर 2022 को ससुराल वालों ने सूचना दिया कि उसकी पुत्री बीमार है, सूचना पाकर जब मैं माधोपुर स्थित पुत्री के ससुराल पहुंचे तो पता चला कि मेरी पुत्री का निधन हो गया है और उपरोक्त लोग उसके शव को जलाने गए है। मृतका के पिता ने उपरोक्त लोगों पर अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी पुत्री की हत्या करने और साक्ष्य मिटाने के नियत से शव को जलाने का आरोप लगाया था।न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक पीके मण्डल ने 9 गवाहों का परीक्षण कराया और माननीय न्यायालय से अभियुक्त को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की वहीं बचाव पक्ष से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश की, माननीय अदालत ने गवाहों व अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए, उक्त सजा सुनाई।

### दस हजार का आर्थिक जुर्माना भी लगाया गया



### पति के मरणोपरांत देवर ने किया था यौन शोषण

बताते चले कि पीड़िता ने मामले को लेकर न्यायालय में परिवाद पत्र दाखिल किया था, परिवाद पत्र संख्या 73/2019 में पीड़िता ने कहा था कि उसके पति का देहांत वर्ष 2017 में हो जाने के बाद उसके देवर रोहित साव ने उसके कमरे में घुस कर जबरन उसके साथ ब्लात्कार किया था, ससुराल वालों को इसकी जानकारी देने के बाद सास और श्वसुर ने अच्छा मुहूर्त देख कर रोहित के साथ उसका विवाह करवा देने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद आरोपी के द्वारा बार बार महिला के साथ जबरन यौन शोषण किया जाता रहा, इस बीच वह गर्भवती हो गयी और एक बच्ची को जन्म भी दिया।

### शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने वाले देवर को 14 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**कोडरमा।** शादी का प्रलोभन देकर जबर्दस्ती यौन शोषण करने तथा मारपीट करने के एक मामले की सुनवाई करते हुए जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने आरोपी युवक (देवर) डूमरदिहा, जामु, मरकच्चो निवासी रोहित साव को भादवी की धारा 376 (2) (I) में दोषी पाते हुए 14 वर्ष सश्रम कारावास सुनाई साथ ही आरोपी पर 25 हजार का आर्थिक जुमार्ना लगाया है, जुमार्ने की राशि नही देने पर आरोपी को दो वर्ष का साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी, इसके अलावे माननीय अदालत ने भादवी की धारा 323 में दोषी पाते हूए एक वर्ष सश्रम कारावास और एक हजार का आर्थिक जुमार्ना लगाया है, जुमार्ने की राशि नही देने पर आरोपी को 2 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी, दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी। न्यायालय में मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक पीके मण्डल ने 5 गवाहों का परीक्षण कराया और अदालत से अभियुक्त को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की वहीं बचाव पक्ष से अधिवक्ता मंटू सिंह ने दलीलें पेश की, माननीय अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात उक्त सजा सुनाई।

## अक्षरधाम मंदिर के प्रारूप में देखने को मिलेगा पंडाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** हिंदू पंचांग के अनुसार मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 15 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ हो रही है। इस दिन कलश स्थापना के साथ 9 दिनों तक लगातार मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा घरों और पूजा पंडाल में श्रद्धा भाव से की जाएगी। पूजा पंडाल बंगाल के कारीगर तैयार कर रहे हैं, पूजा पंडाल झुमरीतिलैया के अड्डी बंगला रोड में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, अड्डी बंगला के द्वारा इस बार स्थापना का शताब्दी वर्ष (100वां वर्ष) मनाया जा रहा है।

शताब्दी वर्ष को लेकर पूजा समिति के द्वारा आकर्षक पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। पूजा समिति के सचिव आलोक यादव ने बताया कि इस वर्ष अड्डी बंगला की दुर्गोत्सव काफी खास होगी। पूजा समिति के निर्णय के अनुसार इस वर्ष पूजा पंडाल में अक्षरधाम मंदिर का प्रारूप दिया जा रहा है। पूजा पंडाल के निर्माण में बंगाल के कारीगर जुटे हुए हैं।



सड़कों के साथ घरों को भी आकर्षक लाइटिंग से सजाया जाएगा। आलोक ने बताया कि पूजा पंडाल निर्माण की लागत करीब 750 लाख रुपए आ रही है। इसकी चौड़ाई 56 फिट और ऊंचाई 70 फिट होगी। इसे खालसा टेंट के द्वारा बंगाल के कारीगरों की मदद से अक्षरधाम का रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्गोत्सव पर दुर्गा मंडप के बाहर सड़क पर दोनों तरफ करीब एक हजार मीटर तक सड़क के साथ सभी घरों को भी आकर्षक लाइट से सजाया जाएगा। पूजा पंडाल एवं बाहर के परिसर में लाइटिंग में कुल 2 लाख 61 हजार रुपए की लागत आ रही है। वहीं आलोक ने बताया कि नवरात्र के पहले दिन से ही अड्डी बंगला मंडप परिसर में मेला की शुरुआत हो जाती है। वहीं उन्होंने कहा कि स्थापना के शताब्दी वर्ष पर इस बार नवरात्र के दौरान षष्टी से दशमी तक श्रद्धालु भक्तों के बीच निरंतर भोग का वितरण होगा।

आलोक ने बताया कि नवादा बस्ती निवासी बद्री पंडित के द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। प्रतिमा निर्माण में 55 से 60 हजार रुपए की लागत आ रही है। पूजा समिति में इस वर्ष सत्यनारायण प्रसाद, यादव रमेश हर्षधर, विशाल सिंह, आलोक सरकार, बबलू सोनकर, आलोक यादव, विक्की सलूजा, राकेश सिंह, सोनू सिंह, पियूष राज, विशाल कुमार, राजीव सिंह, शुभम सोनकर, अमित चौरसिया, सुजीत सैम, राहुल कुमार, अनिकेत सिंह, प्रिंस सिंह, ऋषि सोनकर, पियूष शर्मा, सुभांशु सिंह आदि के नाम शामिल हैं।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.प्रदीप बैठा की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रदीप बैठा ने फीता काट कर किया। मौके पर अमित कुमार, सूरज कुमार समेत कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### शौर्य जागरण रथ यात्रा के भव्य स्वागत के लिए जोरो की तैयारी

**डोमचांच (कोडरमा)।** अयोध्या में बन रहे प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर को लेकर पूरे भारत में हो रहे विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा शौर्य जागरण रथ यात्रा का आगमन 1 अक्टूबर दिन रविवार को संध्या 4 बजे डोमचांच में होने जा रहा है। जिसका स्वागत पूरे हिन्दू समाज के द्वारा सीएम हाई स्कूल डोमचांच में किया जाएगा।

## स्वास्थ्य मेला का आयोजन

### स्वास्थ्य मेले में 315 मरीजों का किया गया रजिस्ट्रेशन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में शनिवार को प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें सदर अस्पताल से डॉ. रविकांत कुमार सिंह एवं डॉ. सुरेन्द्र कुमार जेनरल फिजिशियन व सीएचसी सतगावां के चिकिस्ता पदाधिकारी सत्यनारायण भक्त, डॉ. केडी चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य मेला का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। स्वास्थ्य मेला में विभिन्न रोग से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। जैसे सामान्य चिकित्सा, बाल स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य, कुष्ठ रोग, आंखों की जांच, पोषण परामर्श, टीकाकरण, मलेरिया, फाइलेरिया नियंत्रण, टीबी नियंत्रण, संचारी गैर संचारी रोग, आयुष्मान भारत, डिजिटल हेल्थ सहित शिविर में स्टॉल लगाकर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य मेले में कुल 315 मरीजों की जांच की गई। वहीं डॉ. सत्यनारायण भक्त ने बताया की मेला में जांच किये गये लोगों को जांचोंपरांत जरुरत के अनुसार दवा भी वितरित किया गया एवं आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। मौके पर डॉ. टिकेश्वर नाथ, डॉ. विपुल कुमार, डॉ. सिरीन विनोद, डॉ. पियुष कुमार, विक्रम कुमार, विपुल कुमार, रोहित कुमार, अनुज कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### सेक्रेड हार्ट स्कूल में सेवानिवृत प्राचार्य को दी गई विदाई

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में शनिवार को सेवानिवृत्त प्राचार्य नवीन कुमार को विदाई दी गई। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने उनके कार्यकाल की सराहना की और कहा कि उन्होंने सेक्रेड हार्ट स्कूल में 5 वर्षों तक बेदाग सेवा दी है, जो किसी भी शिक्षक और प्राचार्य के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। उन्होंने कहा कि नवीन कुमार को अंग्रेजी की अच्छी जानकारी थी। उन्होंने कहा कि नवीन कुमार अनुशासन प्रिय और समय के पाबंद थे। वहीं अन्य शिक्षकों को भी उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षकों को अपनी गलतियों को सुधार कर अच्छा करने का प्रयास करना चाहिए।

## शौर्य जागरण यात्रा पहुंचा गढ़वा, हुआ भव्य स्वागत, उमड़ा जनसैलाब





स्वागत में शामिल लोग व स्वागत में उमड़ी जनसैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में आयोजित भव्य शौर्य जागरण यात्रा में विभिन्न क्षेत्र से भ्रमण कर आए रथ में उपस्थित सभी महात्मा व अतिथि को शहर के रंका मोड़ पहुंचने पर श्री राम नवमी पूजा महासमिति जेनरल के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

इस दौरान सभा में उमड़ी जनसैलाब के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष दौलत सोनी ने कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है कि आज अयोध्या से चलकर आए रथ का हम सभी को स्वागत करने का मौका मिला। महामंत्री उमेश कश्यप ने कहा कि बहुत ही खुशी की बात है कि पूरे भारत का भ्रमण कर शौर्य जागरण यात्रा गढ़वा पहुंचा। इतनी देर रात को भी हजारों की संख्या में राम भक्त पूरे हर्षोल्लास के साथ रथ का स्वागत करने के लिए सड़क पर खड़े हैं।

कहीं ना कहीं अपने आराध्य श्री राम भगवान के मंदिर में विराजमान होने के लिए सभी राम भक्त आतुर हैं एवं खुशी मना रहे हैं।

मौके पर मनीष केशरी, पंकज केशरी, मोहन स्वर्णकार, पिंटू कांस्यकार, रोहित कुमार, विशाल गुप्ता, राहुल मोदनवाल, सुनील गुप्ता, विमल केशरी, उमेश अग्रवाल, उमेश सहाय, विजय केशरी, पिंटू बाबू, टिंकू गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

एक नजर में

## मेरी माटी मेरा देश के तहत निकाली अमृत कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुन्दा (चतरा)।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत शनिवार को अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। सीआरपीएफ के कमांडेंट मनोज कुमार के निर्देश पर सहायक कमांडेंट चौधरी कलीम उल्ला के नेतृत्व में देश के वीर वीरांगनाओं, वीर शहीदों के सम्मान में सिकीदाग पंचायत के मदारपुर, पिंजनी, खपिया, मदारपुर, मेघरनिया, लुकुईया, बुटकुईया आदि गांवों में बड़ी संख्या बड़े, बुजुर्ग, बच्चे व महिलाओं मेरी माटी मेरा देश के तहत रैली निकाली गई। अमृत कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से सिकीदाग मुखिया अनिता देवी, समाजसेवी अखिलेश प्रसाद यादव उपस्थित रहें। वही उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भौरुडीह के बच्चों व शिक्षको ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने के सपनो को साकार करने को लेकर शपथ लिया। वही भक्ति गानों व भारत माता की जय व वन्दे मातरम के नारों के जयकार से सम्पूर्ण सिकीदाग गूंज उठा। शहीदों के सम्मान में बड़े, बच्चे, बुजुर्ग व महिलाओं ने सभी बढ़ चढ़कर भाग लिया और अमृत वाटिका के लिए मिट्टी एकत्रित किया।बतादें की शहीद वीरांगनाओं के सम्मान में नई दिल्ली में राष्ट्रीय वार मेमोरियल के पास एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाना है। जिसे लेकर देश भर से मिट्टी एकत्रित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सीआरपीएफ के एसआई रविन्द्र यादव, सुरेंद्र पासवान, शिवनन्द यादव, विनोद कुमार, आरके पांडेय, दिनेश शर्मा, सुमित रंजन आलोक, विष्णु प्रसाद एवं सीआरपीएफ ई 190 बटालियन के समस्त जवान मौजूद रहे।

## स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत रन फॉर मझिआंव कार्यक्रम का आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** सरकार एवं नगर विकास प्रबंधन के निर्देशानुसार मझिआंव नगर पंचायत में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत रन फार मझिआंव का आयोजन किया गया। कार्यपालक पदाकिारी शैलेश कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में सुबह सात बजे दौड़ने वाले छात्र एवं छात्राओं का पंजीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में राधाकृष्ण बालिका उच्च विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय मझिआंव के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। रन फार मझिआंव कार्यक्रम में महिला वर्ग में 143 छात्राएं पुराने डाक बंगले से बालिका उच्च विद्यालय तक 600 मीटर दौड़ीं। जबकि पुरुष वर्ग में छात्रों द्वारा पुराने डाक बंगले से न्यू बजाज शो रूम तक 1000 मीटर की दौड़ पूरी की गई। इस दौड़ में शीतल कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रीति कुमारी दुसरे एवं शोभा कुमारी तीसरे स्थान पर रही। इसी तरह पुरुष वर्ग में आनंद कुमार ने प्रथम, सोनू कुमार ने द्वितीय व राहुल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान छात्र व छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन कार्यक्रम कर लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इस कड़ी में एक अक्टूबर को सुबह दस बजे एक घंटा एक साथ कार्यक्रम के तहत एक घंटा श्रम दान कर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। दो अक्टूबर को रन फॉर मझिआंव कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों एवं सफाई मित्रों को नगर पंचायत के विवाह मंडप में सुबह 11 बजे सम्मानित किया जायेगा। दूसरी ओर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सभी कर्मियों ने सद्भावना टीम बनाकर वालीबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, नजीर अमित पाठक की टीम को प्रधान सहायक अनूप कुमार तिवारी, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने 2-1 से पराजित किया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार, विधायक प्रतिनिधि संजय कमलापुरी, एसआई रंजीत कुमार सिंह, नगर प्रबंधक राकेश कुमार पाठक, जितेश कुमार, प्रधान सहायक अनूप कुमार तिवारी, स्वच्छता मिशन प्रभारी राकेश कुमार श्रीवास्तव, संत कुमार, रामाशीष राम बिरेन्द्र चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दाल भात केंद्रों में टेबल कुर्सी समेत किया गया उत्तम व्यवस्था



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के बिभन्न क्षेत्रों में संचालित दाल भात केंद्रों में गरीब व असहाय लोगों के लिए उपायुक्त अबु इमरान के पहल से टेबल कुर्सी की व्यवस्था की गई है। जिससे जो लोग दाल भात केंद्र में भोजन करने आए उन्हें ठंडा गर्मी बरसात समेत अन्य ऋतु में जमीन पर बैठकर भोजन करना ना पड़े। वहीं उपायुक्त अबु इमरान ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया कि दाल भात केंद्र में साफ सफाई व खाद्य पदार्थ एवं भोजन योग्य सामग्री के गुणवत्ता का हमेशा ध्यान रखेंगे और समय समय पर जिले में संचालित सभी केंद्रों का औचक निरीक्षण भी करेंगे। अगर निरीक्षण के क्रम में संचालक द्वारा गुणवत्ता में कमी की जाती है या साफ सफाई में कमी देखी जाती है तो अविलंब उसके ऊपर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

## आम्रपाली महाप्रबंधक ने पदाधिकारी एवं कर्मचारियों को दिलाई पंच प्राण प्रतिज्ञा

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल के आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह नें महाप्रबंधक कार्यालय होन्हे में क्षेत्र के अधियाकारीयों एवं कर्मचारियों को पंच प्राण प्रतिज्ञा दिलाई क ततपश्चात श्री सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की हमेशा अपने देश की विरासत पर गर्व करना चाहिए और हमारा देश 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित बनने का सपना अवश्य ही साकार होगा।

# बच्चों की पढाई लिखाई पस्त, शिक्षक शराब के नशे में मस्त

## शिक्षक पर प्रतिदिन शराब के नशे में धूत होकर स्कूल आने का आरोप, शिक्षक को बदलने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**सरयू।** कहा गया है की शिक्षक बच्चों के भविष्य एवं राष्ट्र के निमार्ता होते हैं। परंतू इस कलयुग में यह एक कहावत बन कर रह गया है। यहां शिक्षक बच्चों के भविष्य तो दुर अपना भविष्य नहीं बना पा रहे हैं। इस डिजिटल युग में नौनिहाल बच्चों का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। और इस कार्य हेतू सरकार के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए अनेकों प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि गरीब परिवार के बच्चे बेहतर से बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सके। लेकिन क्या होगा जब शिक्षक ही शिक्षा देने में लापरवाही करें।

### क्या है मामला

उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पुरनी डबरी सरयू में दो शिक्षक पर 96 आदिवासी छात्र-छात्राएँ नामांकित हैं। जिसमें एक प्रधानाध्यापक रबिन्द्र सिंह एवं सहायक शिक्षक जितु उरांव हैं। जितु उरांव प्रतिदिन शराब के नशे में धुत होकर विद्यालय जाते है। विद्यालय जाना या न जाना शिक्षक के उपर ही निर्भर करता है। ना तो कोई रोकने या टोकने वाला है। उक्त शिक्षक की शिकायत वहां के ग्रामीणों के द्वारा कई बार बीआरसी में किया जा चुका है। परंतु अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं होने से शिक्षक की मनमानी और बढ़ती जा रही है।


बिना शिक्षक के पढ़ते विद्यार्थी।


शराब के नशे में धुत पड़ा शिक्षक

**छात्रों ने क्या कहा :** छात्रों ने कहा कि शिक्षक प्रत्येक दिन शराब पीकर विद्यालय आते है, और बाहर जाकर सो जाते हैं। विद्यालय से कब गायब हो जाते है पता नहीं चलता है। हमलोगों की पढाई सही समय से नहीं हो पा रहा है। परीक्षा में क्या लिखें समझ में नहीं आता है। हमलोगों के भविष्य का क्या होगा। वहीं छात्रों ने विद्यालय में दुसरे शिक्षक की मांग की है, ताकि पढ़ाई सही से कराया जा सके।

**ग्रामीणों ने क्या कहा :** धनेश्वर सिंह, सविता देवी समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पुरानी डबरी के उत्क्रमित प्रथमिक विद्यालय में सहायक शिक्षक जीतू उरांव के द्वारा बच्चों को शिक्षा नहीं दिया जाता है। सहायक शिक्षक शराब के नशे धूत हो कर जहां तहां पड़े रहते हैं। जिसके कारण विद्यालय के बच्चे इधर उधर घुमते रहते हैं। बच्चों की पढ़ाई लिखाई पुरी नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक जीतु उरांव के इस रवैये को देखते हुए हमलोगों ने एक माह पहले गारू बीआरसी ऑफिस में लिखित रूप से आवेदन देकर जांचोपरांत इस शिक्षक को विद्यालय से हटाने की मांग किया था। परंतु आज तक शराबी शिक्षक पर कोई कार्रवाई नहीं किया गया है। जिसके वजह से आज भी सहायक शिक्षक जितु उरांव अपने इस करतूत से बाज नहीं आ रहे हैं। वहीं ग्रामीण ने नौनिहाल बच्चों की भविष्य के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी से जांच कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### जिप सदस्य ने क्या कहा

जिप सदस्य बुधेश्वर उरांव ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा सहायक शिक्षक जितु उरांव के बारे में सूचना मुझे मिला है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पुरनी डबरी आदिवासी बहुल क्षेत्रांतर्गत आता है। इस विद्यालय में आदिवासियों के बच्चें पढ़ते है। शिक्षक की इस रवैया से बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। जाचोंपरांत शिक्षक के उपर कार्रवाई करने की अनुशंसा उच्चाधिकारी से कि जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### महिला ने यूरिया खाद खाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** एकीकृत प्रखंड बालूमाथ के गुखला बागी ग्राम में शनिवार की अहले सुबह चरिता देवी 30 वर्ष पति संतोष उरांव ग्राम गुखला बागी ग्राम डाढ़ा यूरिया खाद खाकर आत्महत्या का प्रयास किया है ।परिजनों द्वारा चरिता देवी को अचेतावस्था में बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। मिली जानकारी के अनुसार चरिता देवी का किसी बात को लेकर अपने पति के साथ मामूली विवाद हो गया था और वह गुस्से में आकर घर में रखे यूरिया खाद खा ली।

### मोटरसाइकिल से गिरकर पिता पुत्र घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ लातेहार पथ पर ओलहे पाठ कब्रिस्तान के समीप शनिवार को मोटरसाइकिल से गिरकर सुरेंद्र लोहार 35 वर्ष पिता जगदीश लोहार एवं उसका पुत्र प्रकाश कुमार 6 वर्ष पिता सुरेंद्र लोहार ग्राम ओलहे पाठ थानां बालूमाथ घायल हो गया। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ चिकित्सक डॉ सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई ।मिली जानकारी के अनुसार सुरेंद्र लोहार अपने पुत्र प्रकाश कुमार के साथ मोटरसाइकिल से अपना खेत घूमने गया था और वापस आने के क्रम में सड़क पर एकाएक कुत्ता गया और बचाने के क्रम में दोनों गिरकर घायल हो गये।

### सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत चला वाहन चेकिंग अभियान

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देशानुसार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण व जागरूकता को लेकर शनिवार को चंदवा में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान दर्जनो की संख्या में दो पहिया वाहन चालको से हेल्मेट, कागजात, ड्राईविंग लाईसेंस आदि कागजातो की जांच की गयी। जांच के क्रम में कई वाहन चालको को नियमो का उलंधन करते पकड़ा गया, जिन्हे सड़क सुरक्षा नियमो का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया। अभियान में चंदवा पुलिस के अधिकारी व जवान शामिल थे।

### तीन अक्टूबर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महुआडांड।** नीति आयोग भारत सरकार के आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आगामी तीन अक्टूबर को सम्पूर्ण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.अमित खलखो ने बताया कि शिविर में सभी तरह की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी। वही सभी स्वास्थ्य सहिया बहन, स्वास्थ्य कर्मी को अपने अपने क्षेत्र में प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों शिविर में लाने की अपील की गई है।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग हुए गंभीर रूप से घायल

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित एजामाड़ मोड़ के समीप राष्ट्रीय मार्ग 39 पर दिन शुक्रवार की रात्रि में मोटरसाइकिल सवार दो लोग सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान परदेसी लोहार भैंसादोन बालूमाथ और अशोक लोहार सोतम लातेहार के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों मोटरसाइकिल सवार दुर्घटना होने के बाद घायल अवस्था में सड़क के किनारे पड़े हुए थे। वहीं घटना की सूचना पाकर शिक्षक सह समाजसेवी गोविंद पासवान और मनिका थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका लाया जहां पर डॉक्टर उमेश कुमार ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया और स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया।

### हाई मास्कलाईट को दुरूस्त व सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था कराने की मांग

**चंदवा।** चंदवा शहर के इंदिरा गांधी चौक पर वर्षो से खराब पड़े हाई मास्क लाईट को दुरूस्त करने व चंदवा शहर की सड़को पर आगामी त्याहोर से पूर्व प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करते हुये स्ट्रीट लाईट लगाने की मांग हिन्डाल्को प्रबंधन से की है। शहर के दुकानदारों एवं प्रबुद्धजनो ने हिन्डाल्को प्रबंधक के पद नाम ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि इंदिरा चौक पर हाई मास्क लाईट के खराब होने के कारण शाम होते हीं अंधेरा छा जाता है, इंदिरा चौक होते दो-दो एनएच गुजरती है साथ हीं सीएमएम पथ भी जाता है।

### संकल्प सप्ताह का उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण देखा गया

**महुआडांड।** प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा आकांक्षी ब्लॉकों के लिए विशिष्ट कार्यक्रम संकल्प सप्ताह का उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण शनिवार को महुआडांड प्रखण्ड कार्यालय सभागार समेत प्रखंड के सभी पंचायत सचिवालयों में किया गया। प्रधानमन्त्री श्री नरेंद्र मोदी के इस कार्यक्रम को सीधे प्रसारण के माध्यम से प्रखंड कार्यालय के सभागार में उपस्थित महुआडांड एसडीएम नीत निखिल सुरीन, सीओ संतोष बैठा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डा. अमित खलखो, सीआई गौतम कुमार लकड़ा, महिला प्रवेक्षिका प्रिस्का कुजूर आदि समेत अनुमंडल कार्यालय कर्मी, प्रखंड सह अंचल कर्मी, आईसीडीएस कर्मी, राशन दूकानदार समेत काफी संख्या में सभी विभाग के कर्मी गण जुड़कर सीधा प्रसारण देखे।

## उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति (पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994) की बैठक संपन्न हुयी। बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिले में पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 के सफल क्रियान्यवयन हेतु वर्तमान में गठित जिला सलाहकार समिति तथा निगरानी समिति का पुर्नगठन करने को लेकर सिविल सर्जन, लातेहार को प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। संबधित समिति के गठन के पश्चात जिला अन्तर्गत संचालित किये जा रहे अल्ट्रा साउंड जाँच क्लिनिक में व्यापक अनुश्रवण एवं निगरानी किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में सिविल सर्जन के द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में जिला अन्तर्गत 07 अल्ट्रा साउंड क्लिनिक संचालित किये जा रहे हैं इनमे से 03 अल्ट्रा साउंड क्लिनिक के अनुबंध का नवीकरण तथा 02 नये अल्ट्रासाउंड केन्द्रों का प्रस्ताव प्राप्त है।

इस पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि निगरानी समिति का पुर्नगठन होने के पश्चात समिति संबंधित केन्द्रों का अनुश्रवण कर अपना प्रतिवेदन जिला सलाहकार समिति को समर्पित करेगी। ततपश्चात इस संबंध में निर्णय लिये जायेगें। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, डीआईओ लता रानी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।


बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य

## झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की कमिटी ने किया नेतरहाट आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** रूचि कुजूर और डॉ आभा वीरेंद्र आकिंचन की सदस्यता वाली झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की कमिटी ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। विगत दिनों बाल आयोग के संज्ञान में आया था कि विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के साथ मार पीट की घटना हुई थी। इस संबंध मे दैनिक अखबार में भी यह खबर छपी थी।झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य रूचि कुजूर और आभा वीरेंद्र आकिंचन ने दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्राचार्य शिक्षकगण और छात्रों से घटना की जानकारी प्राप्त किया साथ में विद्यालय और छात्रावास का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर लातेहार जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो, ज़िला सामाजिक कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी इत्यादि उपस्थित थे। इस संबंध में रूचि कुजूर ने बताया कि छात्रों के साथ इस तरह की घटना निंदनीय हैं और दोषी व्यक्ति के खिलाफ उचित कारवाई की जाएगी। आभा वीरेंद्र आकिंचन ने कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है और इसे आगे भी बनाये रखने की आवश्कता है।



## गांधी चौक पर लगा सोलर स्ट्रीट लाईट, लोगों में खुशी

**महुआडांड़।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गांधी चौक में सांसद मद से शुक्रवार को जिला परिषद सदस्य सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि इस्तेला नगेसिया, समाज सेवी मोहम्मद निजामुद्दीन, उदय सिंह, दिलीप प्रसाद बंधा राम आदि लोगों के उपस्थिती में सोलर स्ट्रीट लाईट लगाई गई। मौके पर जिप सदस्य सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि इस्तेला नगेसिया ने कहा कि गांधी चौक मुख्य बाजार में स्थित है। वहीं महुआडांड में बिजली लाईन हमेशा रहती नही है। सो इस सबको देखते हुए सोलर लाईट लगानी आवश्यक थी। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। वहीं सोलर लाईट लगाये जाने से लोगों ने काफी खुशी व्यक्त करते हुए लोकप्रिय सांसद सुनील सिंह को धन्यवाद दिया है।


स्ट्रीट लाईट को दिखाते लोग

## सरकार की संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना प्राथमिकता : भोगता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** राज्य के मंत्री सत्यानन्द भोगता शुक्रवार रात्रि लातेहार कार्यक्रम से चतरा लौटने के दौरान राजद कार्यालय पहूंचे जहाँ राजद प्रखण्ड अध्यक्ष लव कुश यादव सहित सैकडों कार्यकताओं ने मंत्री भोगता को माला पहनाकर स्वागत किया। इसके पश्चात माननीय मंत्री ने सभी कार्यकत्ताओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा की महागठबंधन की सरकार ने विकास के क्षेत्र मे झारखंड को बहुत मजबूत किया है। झारखंड वासियों के दिलो मे महागठबंधन की सरकार हेमंत सोरेन के प्रति प्यार है। आप सभी चट्टानी एकता के साथ क्षेत्र को मजबूत करें। आगामी होने वाले लोकसभा व विधानसभा के चुनाव मे महागठबंधन को मजबूत करने का अपील किया। राजद प्रखण्ड अध्यक्ष यादव ने मंत्री भोक्ता को आवेदन सौंपकर प्रखण्ड सह अंचल कमीर्यों पर मनमानी करने व प्रोटोकॉल के तहत मान सम्मान व कार्यकताओं के साथ दुर्व्यवहार करने सहित कई आरोप लगाते हुए कार्वाई करने की मांग किया है। वहीं साल्वे पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष राजीव भगत ने भी बारिखाप स्थित जतराटांड में भगवान कार्तिक उरांव के प्रतिमा व भवन निर्माण कराने की मांग को लेकर आवेदन सौंपा, मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, लाल आशिष नाथ शाहदेव सहित कई समर्थक मौजूद थे।


मंत्री का स्वागत करते कार्यकर्ता

## विहिप व बजरंगदल की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** आगामी 3 अक्टुबर को चंदवा में आहुत सौर्य जारगण रथ यात्राा कार्यक्रम की सफलता को लेकर शनिवार को स्थानीय जयहिंद पुस्तकालय प्रांगण में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल चंदवा की बैठक संपन्न हुयी। बैठक में 3 अक्टूबर को चंदवा में आहुत सौर्य जारगण रथ यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया। कार्यक्रम में जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर प्रचार प्रसार तेज करने समेत कई निर्णय लिये गये। बता दें कि सौर्य जागरण यात्रा कार्यक्रम के तहत 3 अक्टुबर को दिन के एक बेज से चंदवा के हाई स्कूल स्टेडियम में विशाल धर्म सभा कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में विकाश मित्तल, जयेश वरू, मोहिनीश कुमार, मनिष कुमार, रविराज, दारा सिंह, विकाश सावरिया, बबलू सोनी समेत कई लोग मौजूद थे।


बैठक में शामिल लोग

## पेंशन की राशि निकासी के लिए 80 वर्षीय वृद्ध महिला 22 किमी दूर से आई

**बारियातू ।** प्रखंड के अमरवाडीह अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र मनातु ग्राम निवासी 80 वर्षीय वृद्ध महिला सुकरी मसोमात को पेंशन योजना का पैसा निकालने के लिए ऑटो के सहारे बारियातू आई जहाँ पुत्र व बहु ने टांगकर (प्रज्ञा केंद्र )सीएसपी लाये, वृद्ध मसोमात सुकरी ने बताया कि मैं चलने-फिरने से पुरी तरह असमर्थ हूँ । मेरे गांव में पैसा निकासी के लिए न बैंक है और न ही कोई प्रज्ञा केंद्र की सुविधा है। जिस कारण हर तीन महीने पर मेरे पुत्र और बहु पेंशन की राशि निकासी करने के लिए किसी तरह बारियातू लाते हैं.बस स्टेंड से लगभग आधा किमी दूर टांगकर प्रज्ञा केंद्र लाते हैं। जहाँ प्रज्ञा केन्द्र में अंगुठा लगवा कर पैंशन की राशि का निकासी करते हैं। लम्बी दुरी से आने मे काफी कष्ट उठाना पड़ता है। मसोमात सुकरी ने उपायुक्त हिमांशु मोहन से गाँव में प्रज्ञा केंद्र की सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

## सड़कों पर आवारा पशुओं का आतंक, दुकानदार के साथ राहगीर भी परेशान

### लोग प्रखंड प्रशासन से कर रहे है पशु मालिकों पर कारवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय में आवारा मवेशियों का आतंक बना हुआ है। शाम ढलते ही सड़को और बाजारों में मवेशियों की भरमार लोगों के लिए परेशानी का सबब बनते जा रही हैं। इससे दुकानदार के साथ- साथ राहगीर भी परेशान है। वाहन चालक तो प्रतिदिन दुर्घटना का शिकार हो रहे है। बता दें कि बरवाडीह बस स्टेंड, मुख्य बाजार, आदर्श नगर मोड़, सुभाष चौक, बाबा चौक और बाजार शेड आदि जगहों में आवारा पशुओं का खुलेआम जमघट लगा रहता है। सैकड़ो दुकानदार सुबह अपनी दुकान खोलने से पहले पशुओं के मल मूत्र की सफाई करते देखे जा सकते है। सड़को पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा न केवल यातायात में समस्या पैदा कर रहा है, बल्कि सड़क से पैदल गुजरते राहगीरों की जान का सबब बना हुआ है। बरवाडीह की प्रमुख सड़कों पर सबसे ज्यादा गाय और सांड हैं। यहां लोग गाय तो पाल लेते है, लेकिन अधिकांश लोग दूध निकालने के बाद गायों को सड़क पर इधर उधर चारे के लिए मुंह मारने को छोड़ देते हैं।

सड़क पर और सार्वजनिक स्थलों पर मंडराते आवारा पशु लोगों लिए जान का खतरा बन गए है। गली मुहल्लो में भी आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। बरवाडीह के दुकानदारों और आम लोगों ने प्रखण्ड प्रशासन से पशुओं पर नकेल लगाने की मांग की है। दुकानदारों का कहना है कि प्रखण्ड प्रशासन आवारा पशुओं स्वामियों को कड़ी हिदायत दे ताकि लोगों की जानमाल सुरक्षित रहे और दुकानदार को परेशानी से निजात मिल सके।


आवारा पशु बने परेशानी का सबब

## एक नजर में

### खेलो झारखंड में बच्चों को खेलने हेतु जिला भेजने में की गई लापरवाही की अविलंब जांच हो: जिप उपाध्यक्ष

**बालूमाथ।** शिक्षा विभाग में कार्यरत बीआरपी निरंजन कुमार सिंह द्वारा खेलो झारखंड में आयोजक के रूप में लापरवाही बरतने एवं बच्चो को जिला मुख्यालय भेजने के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं कराए जाने को गंभीरता से लेते हुए लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने शनिवार को जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला खेल पदाधिकारी से वार्ता कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है उन्होंने कहा है कि जहां एक तरफ झारखंड सरकार खेलो झारखंड के तहत बच्चों की प्रतिभा को निखारने का काम कर रही है, वहीं बालूमाथ में हुई घटना निंदनीय है, बच्चों को अपने खर्चे पर जिला मुख्यालय आना पड़ा है, ऐसी सूचना मिल रही है कि बीआरपी निरंजन सिंह ने राशि की निकासी कर ली है। बावजूद बच्चों के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। बच्चों के साथ इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने दोषी कर्मी पर जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है। ज्ञात हो के निरंजन कुमार सिंह जिस प्रखंड में कार्यरत रहे हैं वहां अपने विभिन्न कारनामों के चलते बराबर सुर्खियों में रहे हैं मनिका प्रखंड में बीआरपी के पद पर रहते हुये बच्चों का पोशाक आपूर्ति करने के आरोप में तत्कालीन विधायक के अनुशंसा पर उसका स्थानांतरण हेरहंज किया गया था हेरहंज प्रखंड में भी 5 वर्षों तक इन्होंने कार्य किया वहां पर भी बेंच डेक्स सप्लाई, पोषक आपूर्ति समेत इनके ऊपर कई संगीन आरोप लगे लेकिन अपने उंचे पैरबी के बल पर आज तक बचते आए हैं। कुछ दिन पूर्व इनका स्थानांतरण बालूमाथ में हुआ है और यहां आते ही अपने कार्य मे लापरवाही एवं पैसे के गोलमाल में लग गए हैं ।जो चर्चा का विषय है।

### महुआडांड: वज्रपात से महिला हुई घायल बच्चे बाल बाल बचे, घर में लगी आग

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर पंचायत के सरनाटोली में घर पर बैठी महिला फुलमती देवी पति रुपेश महली वज्रपात होने से झटका लगने से घायल होकर बेहोश हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के रहने वाले ग्रामीणों ने प्राथमिक उपचार के रूप में गोबर का लेप लगाकर बेहतर इलाज के लिए महुआडांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये। जहां डॉक्टर अमित खलखो द्वारा इलाज किया गया। ब्रजपात का झटका घर में खेल रही छः वर्षीय नंदनी कुमारी को भी लगी। जो खतरे से बाहर है। ब्रजपात से घायल होने की सूचना मिलने पर हिन्दू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल एवं भाजपा नेता जमुना प्रसाद भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे एवं घायल महिला से मुलाकात कर स्वास्थ्य के संबंध मे जानकारी ली। तथा प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने की बात कही।

**कैसे हुई घटना घटित? :** सुबह 9 बजे आचानक मौसम खराब होते ही भारी बरसात के साथ वज्रपात होने लगा ।इस क्रम में वज्रपात होने से घर के बाहर बिजली के पॉल तार से होते हुए आसमानी बिजली मीटर से होते पूर घर में लगे बिजली तार पर दौड़ गई ।जिससे घर में बैठी महिला को झटका लगा। साथ ही घर के कुछ हिस्से में आग लग गई।

### मनिका प्रखंड में ग्राम वन समिति के गठन को लेकर ग्राम सभा का किया गया आयोजन

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित मनिका पंचायत सचिवालय के सभागार में ग्राम वन समिति का गठन को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जहां ग्राम सभा के बैठक में सभी के सर्व सहमति से ग्राम सभा की अध्यक्षता मिथिलेश पासवान के द्वारा किया गया। उक्त बैठक में मनिका मुखिया सतेंद्र कुमार सिंह एवं प्रवेक्षक सह पंचायत सचिव आत्मा सिंह के द्वारा ग्राम सभा के माध्यम से अध्यक्ष पद के लिए विशाल पासवान का नाम सर्व सहमति से पारित किया गया और सचिव पद के पंकज यादव सहित 15 सदस्य कमेटी बनाया गया। वहीं कमेटी में अमरदीप पासवान,योगेंद्र यादव,कल्टू पासवान,रमेश यादव,रानी देवी,श्याम सुंदर पासवान,श्यामलाल पासवान,राजदेव सिंह यादव,संजय यादव,केश्वो यादव,ललू राम,बीरबल यादव,हरेंद्र यादव,देवलाल सिंह,और मुनि राम को सदस्य बनाए गए। मौके पर उमेश यादव,टुनेश्वर यादव,विनोद यादव,गुडी देवी, समेत कई लोग उपस्थित थे।

# गणपति विसर्जन के जुलूस पर एसिड अटैक, दो लोग बुरी तरह झुलसे अंधेरे में आरोपी हुए फरार

एजेंसी

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में शुक्रवार शाम गणपति विसर्जन के जुलूस के दौरान कुछ अज्ञात बदमाशों ने तेजाब फेंक दिया, जिससे दो लोग बुरी तरह झुलस गए। अधिकारियों के मुताबिक घटना मोतिहारी के टाउन थाना क्षेत्र के मधुबन-छावनी चौक पर हुई। जब शुक्रवार शाम को इलाके से गणपति विसर्जन के लिए श्रद्धालु गुजर रहे थे। इस मामले पर मोतिहारी सदर के एसडीपीओ ने बताया कि जब मूर्ति विसर्जन के लिए जुलूस जा रहा था, तो कुछ असामाजिक तत्वों ने एसिड जैसा दिखने वाला तरल पदार्थ फेंक दिया। जिसमें दो लोग से घायल हो गए। पुलिस ने आगे की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी शामिल किया है। उपमंडलीय पुलिस अधिकारी ने कहा टीम ने यह पता लगाने के लिए नमूना एकत्र किया है कि यह तरल क्या है। चश्मदीदों के मुताबिक समस्या तब पैदा हुई जब मोतिहारी के मुख्य मार्ग से गुजरने के बाद भक्तों का एक जुलूस द्वारदेवी चौक से मधुबन छावनी चौक पहुंचा। तभी कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने श्रद्धालुओं पर तरल पदार्थ फेंका और फिर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। घटना से आक्रोशित लोगों ने जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मोतिहारी मधुबन रोड को घंटों जाम कर दिया। स्थानीय बीजेपी नेताओं के मौके पर पहुंचने और उन्हें शांत करने के बाद ही श्रद्धालुओं ने जाम हटाया। पूर्वी चंपारण के पुलिस अधीक्षककांतेश कुमार मिश्रा ने कहा, इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस तरह की घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है।



## फंदे से झूल गई दो सगी बहनें, एक की मौत

एजेंसी

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर में पारिवारिक विवाद में दो सगी बहनों ने खौफनाक कदम उठा लिया। खुदकुशी करने के इरादे से दोनों गले में फंदा डालकर झूल गईं। इस दौरान एक की मौत हो गई तो दूसरी सदर अस्पताल में इलाजरत है। उनके माता पिता घर पर नहीं हैं। घटना शहर के वार्ड-22 स्थित अंबेदकरनगर मोहल्ला की है। मृतका की पहचान अंबेदकरनगर निवासी किराना दुकानदार राजू केशरी की 18 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी के रूप में की गयी है। जबकि 20 वर्षीय पुत्री शालू कुमारी जख्मी है। बताया गया है घरेलु विवाद में शुक्रवार दोपहर दो सगी बहनों ने खुदकुशी का प्रयास किया। इसमें से एक की मौत हो गयी जबकि दूसरी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही नगर पुलिस मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंची। युवती का शव घर में बेड पर पड़ा मिला। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए ले जाने का प्रयास किया लेकिन घटना की सूचना पर पहुंची मृतक की बड़ी बहन ने शव ले जाने से रोक दिया। देर शाम पुलिस किसी तरह पोस्टमार्टम के लिए शव ले जा सकी। मृतका की बड़ी बहन का कहना था कि जबतक उसके माता-पिता नहीं आएंगे तबतक शव नहीं जाएगा। नगर थानाध्यक्ष विक्रम आचार्या ने बताया कि घरेलू विवाद में दोनों बहन के खुदकुशी करने के प्रयास करने की जानकारी मिली है। इसमें एक की मौत हो गयी, जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। परिजन के आवेदन पर कार्रवाई की जाएगी। बड़ी बहन सोनल कुमारी ने बताया कि घर में दोनों बहन ही थी। पिता शुक्रवार सुबह ही ट्रेन से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे। शुक्रवार को दोनों बहनों का चाचा से विवाद हुआ था। इसकी सूचना फोन पर बहन ने उसे दी थी। इसी दौरान चाचा ने उसकी दोनों बहन की पिटाई कर दी। इसके बाद यह घटना हुई। पता चलने पर वह घर पहुंची तो एक बहन की मौत हो चुकी थी, वह बेड पर पड़ी थी। वहीं दूसरे को बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल पहुंचाया गया। घटना कैसे हुई, इसके बारे में कुछ नहीं पता है।



## जहानाबाद में धूमधाम से मनाया गया सूफी महोत्सव

एजेंसी

**जहानाबाद।** बिहार के जहानाबाद में पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन की संयुक्त प्रावधान में काको में सूफी महोत्सव मनाया गया. सूफी संत हजरत बीबी कमाल के याद में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है. हजरत बीबी कमाल की दरगाह पर जिला पदाधिकारी रिची पांडे एवं स्थानीय विधायक रामबली सिंह यादव इत्यादि कई लोगों ने चादरपोशी कर अमन एवं शांति की दुआ मांगी. इस समारोह में स्थानीय कलाकार से लेकर बाहरी कलाकार भी कला प्रस्तुत करने के लिए आए थे. स्थानीय कम उम्र की कलाकार शिवानी भट्ट द्वारा गाने की प्रस्तुति कर लोगों को मन मोह लिया गया. उत्तर प्रदेश की कलाकार कविता सेठ द्वारा अपनी कला की प्रस्तुति कर समा बांधा गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में दर्शक एवं कई लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे. यह कार्यक्रम देर रात तक चला, जहां कलाकारों द्वारा कई तरह की कला प्रस्तुति कर लोगों को जमकर झुमाया गया. जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम की सारी व्यवस्था की गई थी. इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के सभी पदाधिकारी मौजूद थे. सुरक्षा की भी कड़ी व्यवस्था किए गए, इस कार्यक्रम में स्थानीय विधायक रामबली यादव, जहानाबाद के विधायक सुदय यादव, मखदुमपुर के विधायक सतीश दास, सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी और कई लोग मौजूद रहे.



## 20 वर्षीय विवाहिता पुष्पा की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। जिले के ठाकुर गंगटी थाना क्षेत्र के चजोरा गांव में 20 वर्षीय शादी शुदा पुष्पा देवी की मौत संदेहावस्था अवस्था में हुई। शुक्रवार की संध्या में उसकी मौत हो गई । मृतका की मां कंचन देवी ने अपने फर्दबयान में पुलिस को बताया की सात माह पूर्व माल मंडरो में मंदिर में पुष्पा और सुधीर की शादी हुई थी। अभी उसकी बेटी पुष्पा देवी 6 माह की गर्भवती थी। गर्भवती रहने की वजह से बेटी का सहयोग के लिए वे 5 दिनों पूर्व चजोरा गांव उसके घर पर आई थी। अभी एक दिन पूर्व अल्ट्रासाउंड जांच कर वापस आई थी। जिस समय पुष्पा की मौत हुई उस समय वे बेटी के घर पर ही थी किचन में कुछ काम कर रही थी। तभी कमरा बंद कर सुधीर ने पुष्पा की गला दबाकर हत्या कर दी। पुष्पा के गले में रस्सी आदि जैसा गला दबाया हुआ निशान भी है। और पुष्पा के कान से खून भी निकला है। मृतका की मां ने पुलिस को बताई कि सुधीर गोदरेज, फ्रिज आदि की मांग कर हमेशा पुष्पा को प्रताड़ित करते रहता था। जानकारी मिलने पर ठाकुरगंटी थाना प्रभारी रफीक आलम और सहायक विनोद शाह पुलिस बल के साथ चजोरा गांव पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर रखा। पुलिस के पहुंचने के पूर्व ही सुधीर राय और उसके भाई व घर के अन्य सदस्य फरार हो गए। मृतका की मां कंचन देवी के फर्दबयान पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया।



## बीस लाख की रंगदारी मांगने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। शुक्रवार को वादी नितिन कुमार भगत को फोन कर बीस लाख रुपए मांगने का और रकम नहीं चुकाने पर जान से मारने की धमकी दी गई । मामले की गंभीरता को लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए मेहरमा थाना प्रभारी को जांच के आदेश दिए। थाना प्रभारी पुअ नी सुनील गोंड ने तमाम साक्ष्य और संपर्क सूत्रों के आधार पर लड्डू यादव उम्र 22वर्ष पिता हृदय नारायण यादव ग्राम गोविंद पुर थाना मेहरामां जिला गोड्डा को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूलते हुए वो मोबाइल और सिम जो कांड में प्रयोग किया था उपलब्ध कराई ।इस कांड में एक नाबालिग भी संलिप्त था जिसे नियमानुसार उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया और लड्डू यादव को जेल भेज दिया गया । इस कांड के उद्भेदन में पुअ नी महेश कुमार और सशत्र बल के अन्य जवान भी शामिल थे ।



## लोक अदालत में 40 वादों के निष्पादन कर 18 लाख से अधिक राशि का हुआ समझौता

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में मासिक लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौता कर 40 मामले का निष्पादन करते हुए 18 लाख से अधिक राशि का समझौता हुआ।अंतिम शनिवार को लोक अदालत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार अनिल कुमार मिश्रा के अध्यक्षता आयोजित हुई। लोक अदालत में 2 बेंचो का गठन किया गया। इसकी जानकारी देते प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि लोक अदालत में न्यायालय में लंबित वादों के अलावा जिला में स्थित विभिन्न विभागों के फौजदारी संबंधी मामलों का आपसी सुलह-समझौता के आधार पर निपटारा किया गया। जिसमें बेंच नंबर 1 से डीजे थ्री लक्ष्मण प्रसाद, अधिवक्ता नीलकंठ झा एवं अनिता कुमारी शामिल रहे। बेंच नंबर 2 में जेएम वन सार्थक शर्मा, अधिवक्ता कामोद नारायण झा एवं धर्मवीर मिश्रा उपस्थित थे। दोनों बेंच में कुल 40 वादों का निष्पादन करते हुए 18,12,058 रुपये का समझौता किया गया।



## प्रतिनिधियों और ग्रामीणों का बेहतर समन्वय स्थापित हो:एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**शकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड नक्सलवाद प्रभावित माना जाता है, हालांकि हाल दिनों में नक्सली घटना पर अंकुश लगा है। इसके बावजूद पुलिस का यह प्रयास है कि पुलिस- प्रशासन के साथ पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों का बेहतर समन्वय स्थापित हो। इसी के मद्दे नजर शनिवार को शिकारीपाड़ा थाना परिसर में जिले के पुलिस पुलिस कप्तान एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार के नेतृत्व में पुलिस-पब्लिक सम्मेलन हुई। सम्मेलन में डीएसपी हेडक्वार्टर विजय कुमार, सीओ कपिलदेव ठाकुर, प्रखण्ड प्रमुख हुदु मरांडी, जिप सदस्य, मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान समेत ग्रामीणों ने भाग लिया। सम्मेलन में एसपी श्री खेरवार लोगों से अपनी समस्या को लेकर सीधे थाना आकर अपनी बात रखने की अपील की। उन्होंने किसी भी सुनी सुनाई बातें या अफवाह पर ध्यान नहीं देंने और बिचौलियों को हावी नहीं होने देंने की अपील की। एसपी ने कहा कि पुलिस-जनप्रतिनिधि और जनता के बीच बेहतर तालमेल से ही कानून व्यवस्था बेहतर तरीके से संचालित की जा सकती है। जिसका सीधा फायदा आम जनों को होगा। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि हम सभी के साथ मिलजुल कर बेहतर तालमेल कर एक भयमुक्त,शांत वातावरण का निर्माण हो। जो विकास की पहली सीढ़ी है। एसपी ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों और जनता से हमने अपील किया है कि आप पुलिस को अपना दोस्त समझे। जो भी समस्या है उसे लेकर सीधे बातचीत करें। अगर कोई शरारती या सामाजिक तत्व माहौल को खराब करना चाहता है तो इसकी सूचना हमें दें, ताकि उनके मंसूबे कामयाब नहीं हो सके। एसपी ने कहा कि हम सब का प्रयास होना चाहिए कि एक बेहतर समाज का निर्माण किया जाए। सम्मेलन के सफल आयोजन में इंस्पेक्टर सह शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी वकार हुसैन समेत पुलिस पदाधिकारियों का सराहनीय प्रयास रहा।



## झामुमो केंद्रीय समिति के निर्देश पर गोड्डा में महासचिव के साथ बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** शनिवार केंद्रीय समिति के निर्देशानुसार, गोड्डा जिला झारखण्ड मुक्ति मोर्चा समिति की बैठक, गांधी नगर दुर्गा मंडप के सामने नगर विवाह भवन गोड्डा में जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डेय जी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शिरकत करते हुए उपस्थित सभी केंद्रीय समिति सदस्य, जिला समिति सदस्य, मोर्चा संगठन के अध्यक्ष/सचिव, नगर कमिटीअध्यक्ष/सचिव एवं प्रखंड अध्यक्ष/सचिव से संगठन का हालिया जायजा लिया। साथ ही महासचिव विनोद पाण्डेय ने सदस्यता अभियान की गति को लेकर नाराजगी जताते हुए गोड्डा जिला से दो लाख सदस्यता लक्ष्य को हरहाल में हासिल करते हुवे प्रत्येक गांव से 25 युवाओं को सिद्धू कान्हू क्लब से जोड़ते हुवे बूथ कमिटी गठन करने का सक्त निर्देश दिया। उन्होंने हेमंत सरकार की सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, युवा रोजगार योजना, सभी पंचायत में दवा दुकान योजना, पशुधन योजना, किसान समृद्धि योजना, पुरानी पेंशन योजना, सिद्धू कान्हु क्लब योजना, हरा राशन कार्ड योजना आदि की विस्तृत जानकारी देते हुवे लोगो को लाभान्वित कराने और कारकर्ताओ को एक-एक व्यक्ति तक प्रचार प्रसार करने पर बल दिया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद सबों ने पाण्डेय के द्वारा दिए गए लक्ष को हासिल करने के लिए चलो गांव की ओर कार्यक्रम तय करते हुवे सभी प्रखंडों के अध्यक्षों से राय मशविरा कर प्रखंड पर्यवेक्षक नियुक्त कर तिथि वार सभी प्रखंडों पर बैठक आयोजित करते हुवे, बचे पंचायत समिति का गठन कर बूथ कमिटी गठन करने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्यरूप से पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, श्रवण मंडल, जिला सचिव मो. अजीमुद्दीन, कोषाध्यक्ष मृयुंजय सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य सुबल मंडल, विनोद मुर्मू, ताला बाबू हंसदा, कोशलेंद्र टुड्डू, डा. कयूम अंसारी, प्रोफेसर प्रेमनंदन मंडल, राजू हंसदा, बालमुकुंद महतो, संजीव मिर्धा, सुबाल मुर्मू, सुलतान अहमद, इरफान आलम, किंकर चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन हेमब्रम, नगर अध्यक्ष अजय कुमार देवा, नगर सचिव रोहित कुमार मुर्मू, नगर कोषाध्यक्ष सुमन मंडल, सुमेश्वर मेहतर, ध्रुव यादव, गणेश यादव, पोड़ैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर हसदा, सचिव मुन्ना भगत, सुनील हेंब्रम, महिला मोर्चा सचिव मेरी सोरेन, बिट्टू यादव, श्याम हेंब्रम, संतलाल मरांडी, किसान मोर्चा अध्यक्ष संजीव मिधा आदि दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे। इसकी जानकारी राजेश मंडल केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष गोड्डा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।



## विद्युत स्पर्शाघात से हुई एक युवक की मौत

**गोड्डा।** गोड्डा प्रखंड के भेड़ा भंडारकोली ग्राम का निवासी श्री राम मंडल पिता सुबोध मंडल अपने वर्तमान नवनिर्मित घर गुलजारबाग मोहल्ले के लकड़ी मिल के निकट घर में करंट लगने से मृत्यु हो गई परिजनों को पता चलते ही आनन फानन में सदर अस्पताल गोड्डा लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया मौके पर गोड्डा विधायक के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि जयशंकर सिंह स्वास्थ्य प्रतिनिधि गप्पू सिन्हा पहुंचकर प्रशासनिक कार्य एवं अस्पताल प्रबंधन से वार्ता कर सभी प्रक्रियाओं को पूरा कराते हुए घर भेजने का काम किया एवं परिवार जनों को इस दुख की घड़ी में हिम्मत दिया और कहा जो भी सरकारी लाभ होगा उसे जल्द से जल्द विधायक जी द्वारा दिलाया जाएगा और आर्थिक सहयोग भी किया जाएगा।

## कृषि और खाद्य प्रसंस्करण सम्मेलन का आयोजन

**गोड्डा।** उक्त कार्यक्रम के दौरान डॉ0 अमृत कुमार झा ने फसल हानि के उपयोग और वैश्विक भूख सूचकांक पर प्रकाश डाला गया। उद्योग विभाग से श्री श्रवण कुमार के द्वारा झारखंड में पीएमएफएमई (प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण) जैसी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम के दौरान डॉ0 मनोज कुमार सिंह ने पशुपालन योजनाओं एवं सुश्री नेहा कुमारी सिंह ने खाद्य प्रसंस्करण के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों की स्थापना के बारे में जानकारी दी। डॉ0 मोहसिना अंजुम के द्वारा मिट्टी परीक्षण और बाजरा के उत्पादन के महत्व के बारे में बताया गया।

## गोलीबारी में पुलिस ने किया एक अभियुक्त को गिरफ्तार

**खगड़िया।** एक प्रतिनिधि गंगौर पुलिस ने गोलीबारी मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्त स्व. ठाकुर यादव का पुत्र रामानंद यादव बताया जा रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि गत 28 सितंबर को बभनगामा गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच गोलीबारी की घटना हुई थी। हालांकि घटना में कोई हताहत या जख्मी नही हुआ था। उन्होंने बताया कि अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी जारी है।

## नि:शुल्क नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर लगा

**दुमका।** जिला अधिवक्ता संघ ने शनिवार को स्वास्थ्य जांच शिविर लगा अधिवक्ताओ का नि:शुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच कराया।स्वास्थ्य जांच भारती अस्पताल के द्वारा कराया गया। जांच शिविर का उद्घाटन भारती अस्पताल के प्रोराइट सह पूर्व नगर पर्षद अध्यक्ष अमिता रक्षित एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट किया। स्वास्थ्य जांच शिविर में 250 अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र जांच किया गया।शेष अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य जांच अगले जांच शिविर में होगा।

## बुजुर्ग ने किया किशोर के साथ अप्राकृतिक यौनाचार

**हैदरनगर पलामू।** थाना क्षेत्र के हैदरनगर से क्रूरता नीचता के हद पार करते हुए बुजुर्ग व्यक्ति के द्वरा एक नाबालिग किशोर के साथ अप्राकृतिक यौनाचार किए जाने का मामला प्रकाश मे आया है। वंही आरोपी 68 वर्षीय रामनारायण ठाकुर को ग्रामीणों ने जमकर पिटाई की है। जिससे वह घायल हो गया है। आरोपी एवं पीड़ित का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में करने के बाद पीड़ित नाबालिग को मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। साथ ही आरोपी को भी पुलिस हिरासत में इलाज मेदिनीनगर में किया जा रहा, घटना से ग्रामीणों में आरोपी के प्रति काफी आक्रोश है। पुलिस मामले की छान बीन में जुटी है। बताया जाता है कि आरोपी गांव के घर में अकेला रहता है। उसने किशोर को बहला फुसला कर घर में ले जाकर उसके साथ यौनाचार किया। किशोर को मेदिनीनगर सदर में ईलाज चल रहा है।

## जल सहियाओं ने पेयजल एवं स्वच्छता कार्यालय के समक्ष किया धरना प्रदर्शन



**पाकुड़।** झारखंड राज्य जल सहिया कर्मचारी संघ के बैनर तले पाकुड़ जिले भर के जल सहियाओं ने पाकुड़ पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल कार्यालय के समक्ष पांच सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना का नेतृत्व जिला मंत्री सेलियरा खातून की अध्यक्षता में कई गई। साथ ही मांगो को लेकर विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन सौपा गया। जल सहिया द्वारा निर्मित किए गए शौचालयो का बकाया राशि का भुगतान किया जाय ।जल सहियाओं को गांव में निर्मित शौचालयों का जियोटेगिग का बकाया राशि भुगतान,सभी जल सहिया को एसबीएम एवं जुम के तहत कार्य मे आय व्याय हेतु यूएसईआर आईडी दिया जाय, जल एवं स्वच्छता से संबंधित सभी योजनाओं का कार्य ठेकेदार को न देकर जल सहिया को दिया जाय । प्रखंड व जिला स्तरीय बैठक,कार्यशाला एवं विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने पर जल सहियाओं को यात्राभता एवं जलपान ,भोजन की व्यवस्था की मांग किया। धरना प्रदर्शन के दौरान कहा कि पेयलज एवं स्वच्छता प्रमंडल की और से जल सहिया को धोखा में रखकर बिचौलिया से काम करा रही है। इसकी जल्द जांच किया जाय पेयलज विभाग के कार्यलय में वर्षो से जमे कर्मियों को हटाया जाय ल कर्मियी के द्वारा मनमाने तरीके से कार्य न किया जाय धरना प्रदर्शन में सरिफा खातुन, गायत्री देवी, सुनीता देवी, नुरुप दास, मरांगमई हसादा, प्रमिला सोरेन रोजिना खातुन आदि जल सहिया शामिल थे।

## मदरसा गौसिया में जश्न ईद मिलादुन नबी कॉन्फ्रेंस का किया आयोजन



**पाकुड़।** आलमे इस्लाम का मोबारक माह बाराह रबीयूअवल के मौके पर आशिके रसूल जश्न ईद मिलादुन नबी मनाते है।इस मोबारक माह के मौके पर शुक्रवार की देर शाम हरिणडांगा मंसूरी टोला स्थित मदरसा अहलेसुन्नत गौसिया अशरफिया में जश्न ईद मिलादुन नबी कॉन्फ्रेंस का आयोजन नोजवान कमिटी के द्वारा किया गया। कॉन्फ्रेंस में स्थानीय वलमा कराम ने शिरकत की। महफिल का आगाज मदरसा दारुल कुरान नया टोला के हाफिज अबू नशर अशरफी ने कुरान पाठ से किया। मदरसा के छात्रों ने नबी के शान में नातिया कलाम पढ़ा। मो रियाज ने हुजूर की शान में नात का नजराना पेश किया। मदरसा अशरफिया चिस्तीया समशूल उलूम अजमेरी टोला के हाफिज मो इरशाद आलम ने मोहम्मद साहब के जिंदगी पर रोशनी डाली और लोगों को उनके द्वारा बताए रास्ते पर चलने की सलाह दी । उन्होंने कहा कि नबी के नक्शे कदम पर चल कर दुनिया और आखरत को कामयाब कर सकते है हरिणडांगा जामा मस्जिद के इमाम हजरत जिशान रजा ने कहा कि नबी जो पूरी दुनिया के लिए रहमत बना कर भेजे गए है, हमे चाहिए कि जो रास्ता नबी ने बताया है उसको मजबूती से पकड़े। उन्होंने कहा कि नमाज कायम करे। बेशक नमाज हमारे नबी के आंखों की ठंडक है। उन्होंने जो जीने का तरीका बताया है उसपर अमल करें।कामयाबी होगी अपनी जिंदगी को कुरान और हदीस के रोशनी में गुजारे । मौके पर तमाम आलमे इस्लाम की मगिफ्रत की दुआ की गई कॉन्फ्रेंस को कामयाब बनाने में पूर्व वार्ड पार्षद सलीम मंसूरी, नूर आलम पूर्व वार्ड पार्षद, रियाज अंसारी, मो जहीर, फिरोज मंसूरी, साजिद, जाफर, तौफीक ने अहम किरदार अदा की।

## नगर पंचायत कर्मी के निधन पर जताया शोक

**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत के ट्रैक्टर चालक अशोक चौधरी का निधन हो गया। इनके निधन पर कार्यालय के कर्मी समेत शहर के गणमान्य लोगो ने शोक जताया है। विदित हो कि कुर्मी टोला निवासी अशोक चौधरी हुसैनाबाद नगर पंचायत में सफाई ड्राईवर के रूप में कार्यरत थे । वंही शनिवार के उनके पैतृक आवास कुर्मी टोला स्थित हरहि नदी मुक्ति धाम श्मशान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इधर इस घटना से नगर पंचायत के कर्मियों व सहपाठियों में शोक की लहर हैं। शहर के पूर्व चेयरमैन शशि कुमार, कार्यपाल पदाधिकारी बिपुल सन्नी, नगर प्रबन्धक, नजीबुल्ला अंसारी, हिमानी बड़ा, लेखा पल रविकांत पटेल, सफाई जमादार अवदेश राम, विकास कुमार समेत शहर गणमान्य व्यक्तियों में एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, राज अली, पूर्व नगर अध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ छठन राम, उषा देवी, अनुज चौधरी, सुनील चौधरी, जगु चौधरी, दयानन्द चौधरी, समेत कई लोगो ने दु:ख व्यक्त किया हैं।

## पलामू जिला से सीआरपीएफ 134 को हटाने से उग्रवाद और अपराधी गतिविधि पनपेगा : रुद्र शुक्ला

मेदिनीनगर। पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी, प्रदेश कोऑर्डिनेटर प्रोफेशनल विंग, कांग्रेस मंत्री प्रतिनिधि वित्त सह खद्य आपूर्ति विभाग झारखण्ड सरकार रूद्र शुक्ला ने सीआरपीएफ 134 बटालियन को पलामू जिला से नहीं हटाए जाने की मांग को लेकर पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा से मुलाकात कर एक मांगपत्र सौंपा। मौके पर शुक्ला ने पुलिस महानिरीक्षक से पलामू जिला में ही सीआरपीएफ 134 बटालियन को यथावत रखने का आग्रह किया है। कहा कि पलामू जिला अंतर्गत सीआरपीएफ के 134 बटालियन एक लंबे अरसे से पलामू जिला के जीएलएकॉलेज हेड क्वार्टर, चक, मनातू, ताल, हरिहरगंज, डांगरा, कुकूकला आदि जगहों पर उग्रवादी और अपराधी गतिविधियों को रोकने के लिए तैनात किया गया है।

## पेज 1 का शेष

### मुश्ताक के साथ रकीबुल...

झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर वर्ष 2015 में सीबीआइ ने मामले को टेकओवर करते हुए जांच शुरू की थी। जांच पूरी होने के बाद आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2018 में चार्जशीट दायर की गयी थी। सीबीआइ की ओर से कोर्ट में 26 गवाह पेश किये गये थे। सुनवाई पूरी होने के बाद न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने 23 सितंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। **तारा शाहदेव का आरोप :** इसके बाद रकीबुल तारा पर लगातार धर्म परिवर्तन कर उसे इस्लाम कबूलने का दबाव बनाने लगा। तारा से ना सिर्फ उससे मारपीट की जाती थी बल्कि उसे मानसिक रूप से भी काफी प्रताड़ित किया जाता था। तारा शाहदेव के अनुसार उसे कई बार पालतू कुत्ते से भी कटवाया गया था। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसे कई कई दिन तक खाना भी नहीं दिया जाता था। रकीबुल और उसकी मां दोनों तारा को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। उसे धमकी दी जाती थी कि अगर वह अपनी शादी को बचाना चाहती है और सामान्य जीवन जीना चाहती है तो वह इस्लाम कबूल कर ले। रकीबुल की मां ने उसे सिंदूर नहीं लगाने सख्त चेतावनी दे रखी थी। तारा शाहदेव ने दहेज मांगने का भी आरोप लगाया था। 17 अगस्त 2014 को किसी तरह तारा ने अपने भाई को एक नौकर के मोबाइल से फोन किया और उसे पुलिस के साथ आने के लिए कहा। जिसके बाद पुलिस उसके ससुराल पहुंची और तारा शाहदेव को मुक्त कराया।

### खतियान आधारित स्थानीय नीति...

वहीं झारखंड, बंगाल, ओडिशा से आये पार्टी नेताओं ने इसपर बेबाकी से बातें रखी। किसानों के हाल, कृषि और सिंचाई की व्यवस्था और सरकारी तंत्र पर जमकर बोला। महाधिवेशन के दूसरे दिन सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक डॉ लंबोदर महतो, विधायक सुनीता चौधरी, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, उमाकांत रजक, डॉ देवशरण भगत, लोहरदगा प्रभारी नीरू शांति भगत, रौशन लाल चौधरी समेत पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में पार्टी नेता उपस्थित हैं। **32 हजार गांवों का प्रतिनिधित्व, आज राजनीतिक प्रस्ताव एवं जनसभा :** महाधिवेशन के आखिरी दिन, एक अक्टूबर को राजनीतिक प्रस्ताव पेश करने के साथ पार्टी के बाहर भाग्य कार्यक्रम तय किये जायेंगे। साथ ही संगठन एक चुनाव और राजनीतिक संकल्प की घोषणा होगी। आज ही जनसभा होगी। जिसमें राज्य के सभी 32 हजार गांवों का प्रतिनिधित्व होगा। इस जनसभा में काम से कम 1 लाख लोगों की भागीदारी होगी।

# आदित्य एल-1 मिशन : पृथ्वी से 9.2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है अंतरिक्ष यान

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** आदित्य एल-वन अंतरिक्ष यान अब पृथ्वी से 9.2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है। अब यह सन-अर्थ लैग्रेंज प्वाइंट (एल-1) की ओर अपना रास्ता तलाश रहा है।

शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि अंतरिक्ष यान पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से सफलतापूर्वक बचकर, पृथ्वी से 9.2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है। अब यह सन-अर्थ लैग्रेंज प्वाइंट 1 (एल-1) की ओर अपना रास्ता तलाश रहा है।



इसरो ने कहा कि यह लगातार दूसरी बार है, जब पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र के बाहर अंतरिक्ष यान भेजा गया है। पहली बार मंगल ऑर्बिटर मिशन के लिए अंतरिक्ष यान पृथ्वी के प्रभाव क्षेत्र से बाहर भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि भारत ने इतिहास रचते हुए दो सितंबर को सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को लांच किया था। पीएसएलवी-सी57 के जरिए लांच किया गया अंतरिक्ष यान धरती से 15 लाख किमी दूर अपने एल-1 प्वाइंट पर जायेगा और वहां से सूर्य की निगरानी करेगा। अब आदित्य एल-वन अंतरिक्ष यान एल-1 प्वाइंट से पांच लाख से अधिक किलोमीटर की दूरी पर है।

### क्या है लैग्रेंज प्वाइंट

**इसरो** के मुताबिक जिस जगह पर आदित्य एल-1 अंतरिक्ष यान जायेगा, उसे एल-1 यानी लैग्रेंज प्वाइंट वन (1) कहते हैं। यह दूरी पृथ्वी और सूर्य की दूरी का महज 1 प्रतिशत है। धरती और सूर्य के बीच लैग्रेंज प्वाइंट ही वो जगह है, जहां से सूर्य को बिना किसी ग्रहण या अवरोध के देखा जा सकता है। धरती और सूर्य के बीच पांच लैग्रेंज प्वाइंट है।

## स्पीड न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय

**बिलासपुर/नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में भाजपा की परिवर्तन महासंकल्प रैली में राज्य की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता भ्रष्टाचार से त्रस्त है। हर योजना में भ्रष्टाचार हावी है। छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस से परेशान है। रोजगार के नाम पर सिर्फ घोटाले ही घोटाले हैं। इसलिए जनता छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार को हटाने और भाजपा को लाने के लिए तैयार है। जनता ने राज्य में बदलाव लाने का फैसला कर लिया है।

### सीबीडीटी चेयरमैन नितिन गुप्ता का कार्यकाल नौ महीने बढ़ा



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन नितिन गुप्ता का कार्यकाल नौ महीने के लिए बढ़ा दिया है। सरकार की एक अधिसूचना में नितिन गुप्ता को उनकी निर्धारित सेवानिवृत्ति के दिन सेवा विस्तार दिया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने एक अक्टूबर 2023 से 30 जून 2024 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अनुबंध के आधार पर नितिन गुप्ता को सीबीडीटी चेयरमैन के रूप में फिर से नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा जिया की हालत नाजुक

**ढाका।** बांग्लादेश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया की हालत नाजुक है। 78 वर्षीय खालिदा जिया का पिछले 50 दिन से राजधानी ढाका के एवरकेयर अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनके स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है। इलाज के लिए परिवार उन्हें विदेश ले जाने की तैयारी में हैं। परिवार ने इसके लिए सरकार से अनुमति मांगी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है।

### पुंछ में एनआइए का छापा कई डिजिटल उपकरण और दस्तावेज जब्त

**पुंछ।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने राजौरी जिले के ढांगरी गांव में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों द्वारा किये गये हमले के सिलसिले में शनिवार को जम्मू संभाग के पुंछ जिले की मेंढर तहसील में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) के आवासीय परिसरों सहित पांच स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आपत्तिजनक डाटा और सामग्री वाले कई डिजिटल उपकरणों और दस्तावेजों को जब्त किया गया है।

# आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने बदल डाला 25 करोड़ से अधिक लोगों का जीवन : मोदी

## पीएम ने आकांक्षी ब्लॉकों के लिए 'संकल्प सप्ताह' का किया शुभारंभ

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत मंडपम में देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए संकल्प सप्ताह नामक एक अद्वितीय सप्ताह भर का कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने एस्पिरेशनल ब्लॉक्स प्रोग्राम पोर्टल भी लांच किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के शीर्ष 10 कार्यक्रमों की किसी भी सूची में आकांक्षी जिला कार्यक्रम स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने देश के 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक



लोगों का जीवन बदल दिया है। कार्यक्रम के लिए वैश्विक प्रशंसा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब आकांक्षी जिला कार्यक्रम की सफलता आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम का आधार बनेगी। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि एस्पिरेशनल ब्लॉक कार्यक्रम न केवल इसलिए बड़ी सफलता होगी, क्योंकि यह योजना अभूतपूर्व है, बल्कि इसलिए भी क्योंकि इसके लिए काम करने वाले लोग विलक्षण हैं। कार्यक्रम में 3 ब्लॉक लेवल अधिकारियों से बातचीत का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जमीनी स्तर पर काम करने वालों का मनोबल देखने के बाद उनका आत्मविश्वास कई गुना बढ़ गया है। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि वह जमीनी स्तर के अधिकारियों के साथ उनकी टीम के सदस्य के रूप में काम करना चाहते हैं और विश्वास जताया कि कार्यक्रम के लक्ष्यों को समय से पहले हासिल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, आकांक्षी जिला कार्यक्रम का प्रगति चार्ट मेरे लिए प्रेरणा बन गया।

वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के प्रण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित होने का मतलब विकसित महानगर और पिछड़े गांव नहीं हैं। उन्होंने कहा, 'हम उस मॉडल का पालन नहीं करते हैं, हम 140 करोड़ लोगों के साथ चलना चाहते हैं।'

# लड़ाकू विमानों ने दिखाये हैरतअंगेज करतब

## वायुसेना की 91वीं वर्षगांठ पर भोपाल में एयर शो

**भोपाल (हि.स.)।** भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने शनिवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के मशहूर बड़े तालाब के ऊपर मल्टी एयरक्राफ्ट फ्लाई पास्ट (एयर शो) में अपनी ताकत दिखायी। वायु सेवा के जांबाज फाइटर पायलट्स ने आसमान में हैरतअंगेज कलाबाजियां दिखाकर हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस मल्टी एयरक्राफ्ट फ्लाई पास्ट में शामिल हुए तथा वायु सेना के जांबाज जवानों के शौर्य, कौशल और विमानों के साथ किये गये अद्भुत प्रदर्शन की सराहना की। राज्यपाल पटेल तथा मुख्यमंत्री चौहान ने बड़े तालाब स्थित एमपी टूरिज्म के विंड एंड वेव्ज रेस्टोरेंट से वायुसेना का प्रदर्शन देखा।



भारतीय वायुसेना आगामी 8 अक्टूबर को अपनी 91वीं वर्षगांठ मना रही है। इसी उपलक्ष्य में देश के विभिन्न शहरों में वायुसेना द्वारा यह एयर शो किये जा रहे हैं। शनिवार को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में यह एयर शो हुआ। इसमें वायुसेना के 65 लड़ाकू विमान शामिल हुए, जिन्हें आसमान में उड़ाने में महिला पायलट भी शामिल रहीं। कुछ लड़ाकू विमान आगरा, ग्वालियर और गाजियाबाद से उड़ान भरकर भोपाल के बड़े तालाब के ऊपर कलाबाजियां कर रहे थे। इनमें खास तौर पर तेजस, आकाश गंगा, रुद्र, बादल, शमशेर, त्रिशूल, सारंग, जगुआर और सूर्य किरण फाइटर प्लेंस के प्रदर्शनों ने लोगों का दिल जीत लिया। एयर शो में चिनूक हेलीकॉप्टर ने भी हिस्सा लिया, जो लोगों के लिए खास आकर्षण था। इसके जरिए वायु सेना ने अपनी युद्धक क्षमता का धमाकेदार परिचय दिया। लोगों ने अपने मोबाइल फोन पर एयर शो का वीडियो भी बनाया। वायुसेना के अधिकारियों ने विमानों तथा हेलीकॉप्टरों से आकाश में विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में जगुआर, सुखोई, मिराज 2000 जैसे युद्धक विमानों और विभिन्न हेलीकाप्टरों से रोमांचक प्रदर्शन करते हुए तिरंगा, रूद्र, ध्वज, शमशेर, त्रिशूल, गजराज आदि संरचनाओं का निर्माण किया गया।

# अमेरिका के सामने शट डाउन का संकट

## ठप हो सकता है कामकाज

**वाशिंगटन (हि.स.)।** अमेरिका के सामने एक नया संकट मुंह बाए खड़ा है। अक्टूबर की पहली तारीख से अमेरिका में शट डाउन की आशंका के चलते पूरा कामकाज ठप हो सकता है। शट डाउन टालने के लिए अमेरिकी संसद में पेश तात्कालिक उपायों को मंजूरी न मिलने से स्थितियां खतरनाक मानी जा रही हैं।

दरअसल, जब-जब अमेरिकी सरकार की वित्तीय स्थितियों (फंडिंग) को लेकर गतिरोध पैदा होता है, अमेरिका में सरकार के शट डाउन होने की नौबत आ जाती




है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी स्थितियां बार-बार आ रही हैं। इन स्थितियों में सारे नेशनल पार्क बंद हो जाते हैं और केंद्रीय सरकार के करीब 40 लाख कर्मचारियों का वेतन रुक जाता है। साथ ही, अमेरिका की केंद्रीय सरकार की वित्तीय मदद से चलने वाले वैज्ञानिक शोध कार्यों समेत कई तमाम काम प्रभावित हो जाते हैं। इस बार एक अक्टूबर से शट डाउन का संकट एक बार फिर मुंह बाए खड़ा है। ऐसे में कुछ आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर केंद्रीय एजेंसियों से जुड़े ज्यादातर काम रुकने की आशंका जतायी जा रही है। अमेरिकी सरकार के शट डाउन को टालने के लिए अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में तात्कालिक उपायों को पेश कर मंजूरी मांगी गयी थी। इन उपायों को मंजूरी मिलने पर तीस दिन के लिए शट डाउन का संकट टल सकता था, किंतु हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव से इन उपायों को मंजूरी ही नहीं मिली। अब यदि 30 सितंबर की आधी रात तक फंडिंग बिल अमेरिकी संसद से पारित नहीं होता है, तो संघीय कर्मचारियों को भुगतान मिलना बंद हो जायेगा।

## भारत ने कनाडा को सुनायी खरी-खरी

**वाशिंगटन।** भारत के विदेशमंत्री डॉ एस जयशंकर ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान शुक्रवार वाशिंगटन डीसी में संवाददाता सम्मेलन में कनाडा को खरी-खरी सुनायी। आतंकवाद के मुद्दे पर आईना दिखाया। उन्होंने कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर हत्याकांड पर मचे राजनयिक और कूटनीतिक घमासान पर कहा कि पिछले कुछ बरसों से कनाडा में आतंकवाद, उग्रवाद और हिंसा का बोलबाला है। इसलिए खटास है। कनाडा के साथ मौजूदा तनाव को गतिरोध नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि मैं इसे गतिरोध कहूं या नहीं। क्योंकि, कनाडा ने इस बार आरोप ही कुछ ऐसे लगाये हैं।

## भारतीय भाषाओं और प्रौद्योगिकी का मेल असीमित संभावनाओं के द्वार खोलेगा : प्रधान

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को इस बात पर जोर दिया कि भारतीय भाषाओं और प्रौद्योगिकी का मेल देश के प्रतिभा समूह के लिए असीमित संभावनाओं के द्वार खोलेगा। प्रधान ने आज नयी दिल्ली में भारतीय भाषा उत्सव का शुभारंभ किया और दो दिवसीय प्रौद्योगिकी और भारतीय भाषा शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एनइपी-2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वर्तमान शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र से भारतीय भाषाओं में निहित एक सहज संक्रमण की सुविधा प्रदान करना और शिक्षा में भारतीय भाषाओं के लिए तकनीकी रूप से समृद्ध भविष्य के लिए पाठ्यक्रम निर्धारित करना है।

शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा कि दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक होने के नाते भारत का प्रौद्योगिकी के साथ बेहद करीबी और अविभाज्य संबंध है। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान को समझने के लिए दुनिया भर से विद्वान सदियों से आते रहे हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि प्रौद्योगिकी के माध्यम से भारतीय ज्ञान प्रणाली का प्रासंगिकीकरण संभव होगा।




# स्वर्ण जयंती क्लब : दिखेगी आदिवासी संस्कृति की झलक

## खबर मन्त्र का अभियान





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्रि को लेकर पूरे शहर में उत्साह चरम पर है। स्वर्ण जयंती क्लब दुर्गा पूजा समिति बरियातू में इस बार पूजा को लेकर विशेष तैयारी चल रही है। इस वर्ष अंडमान निकोबार में रह रहे आदिवासियों की संस्कृति के थीम पर निमार्ण कार्य चल रहा है। पंडाल का निमार्ण बंगाल से आए कारीगर कर रहे हैं। पंडाल में अंडमान निकोबार में रह रहे जनजाति की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगा। पंडाल के बाहरी स्वरूप में पहाड़, पेड़-पौधा आदि दिखेगा। जबकि, पंडाल के अंदर के भाग में आदिवासी संस्कृति का रहन-सहन, पर्व त्योहार आदि को कलाकृति के माध्यम से उकेरा जायेगा। इससे संबंधित मूर्ति, लगेगी और साज-सज्जा की जायेगी। करीब 15 फीट की माता की प्रतिमा होगी। माता को महिषासुर से संग्राम करते हुए दिखाया जायेगा। अन्य देवी-देवताएं माता के इर्द-गिर्द विराजेंगे। पूजा का कुल बजट 26 लाख रुपये का है। करीब 13 लाख रुपये पंडाल निर्माण में खर्च होंगे। पूजा के दौरान भोग का भी वितरण किया जायेगा।

### दूर दराज की संस्कृति से रू-ब-रू कराना हमारा उद्देश्य : सत्यम



स्वर्ण जयंती क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यम ने कहा कि अंडमान की जनजाति के विषय में बहुत कम लोग जानते हैं। जबकि, वहां की जनजाति की संस्कृति काफी हद तक झारखंड की जनजातियों से मेल खाती है। पंडाल के माध्यम से दूर दराज की संस्कृति से लोगों को रू-ब-रू कराया जायेगा।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा' : कचरा मुक्त भारत के लिए



**गजेन्द्र सिंह शेखावत**

**केंद्रीय जल शक्ति मंत्री**

भारत विविध सभ्यताओं का देश है। संस्कृति, परंपरा, धर्म और भाषा में विविधता के बावजूद विषम परिस्थितियों में भी एकजुट रहना ही हमारी पहचान है। एकता और जन-भागीदारी की यह ताकत आज हमारे देश के विकास को गति दे रही है। सामूहिक ईच्छा शक्ति से किसी क्षेत्र में किस तरह बदलाव लाया जा सकता है, हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया विश्व का सबसे बड़ा व्यवहार परिवर्तन अभियान स्वच्छ भारत अभियान (क्लीन इंडिया कैंपेन) इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लक्ष्य को पाने और स्थायी व सतत विकास को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन (रइट-ऋ) एक जनांदोलन बनकर उभरा है। यह अभियान स्वच्छता के लिए मात्र तत्कालिक उपायों को अपनाने तक ही सीमित नहीं है वरन यह शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े सभी मुद्दों का समाधान तलाशते हुए देश के सामने दीर्घकालीन दृष्टिकोण की नींव रखता है। और यह सकारात्मक परिणाम सरकार के सभी सम्बन्धित विभागों के उचित समन्वय और संयुक्त प्रयासों से संभव हो पाया है ।

हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणा के अकूत स्त्रोत आदरणीय प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शी सोच को प्रदर्शित करने वाले इस अभियान के उद्देश्यों को गति देने और उसके कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए हमारी पूरी टीम नियमित तौर पर राज्यों जिलों और गांवों को सम्बल प्रदान करने के लिए आवश्यक विभागीय यात्रायें कर रही है। उच्च स्तरीय समीक्षाओं के माध्यम से इस मिशन को सफल बनाने की दिशा में हम निरंतर प्रयासरत हैं। भारत को स्वच्छ बनाने के लिए की जा रही मेहनत और संकल्प का नतीजा है कि रइट-ऋ 2.0 के तहत देश के 4.4 लाख से अधिक गांवों ने स्वयं को डऊऋ ढह्म४२ घोषित किया हैं । इसके अतिरिक्त 11.25 करोड़ से अधिक घरेलू शौचालयों और 2.36 लाख सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन जैसी शानदार पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा स्वच्छता ही सेवा (रळर) अभियान है। यह मिशन के प्रति जन-भागीदारी को सुनिश्चित करने के साथ इसे जनांदोलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हम सभी विगत वर्षों में स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता और उसके परिणाम देख चुके हैं। रळरझ2022 के दौरान लगभग 10 करोड़ लोगों ने श्रमदान की विभिन्न गतिविधियों में स्वेच्छा से भाग लिया। इस बार उत्साहवर्धक बात यह है



कि इस वर्ष पखवाड़ा में अभी तक करीब 9 करोड़ लोगों ने श्रमदान कार्यक्रमों में भागीदारी दिखाई हैं । स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत इस वर्ष महज 12 दिनों में ही 20 करोड़ से अधिक लोगों ने श्रमदान की विभिन्न गतिविधियों में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की है, अर्थात औसतन प्रतिदिन करीब 1.67 करोड़ लोग इस अभियान का अंग बने हैं । यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। इस विशाल जन-भागीदारी के कारण ही हमने इस वर्ष एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड बनाया। लोगों के संकल्प का सुफल है कि डऊऋ ढह्म४२ गांवों की संख्या में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। देश में अब ऐसे डऊ-ऋ ढह्म४२ गांवों की संख्या 7% से बढ़कर 75% हो गई है।

स्वच्छता ही सेवा अभियान की शुरूआत इस वर्ष मेरे साथ मंत्रिमंडल में मेरे अनुभवी सहयोगियों केंद्रीय पंचायती राज और ग्रामीण विकास मंत्री आदरणीय श्री गिरिराज सिंह और केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री आदरणीय श्री हरदीप सिंह पुरी ने की। माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर इस वर्ष 15 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच इस अभियान को चलाया जा रहा है। इसका समापन एक अक्टूबर को सुबह 10 बजे से 11 बजे तक एक घंटा राष्ट्रव्यापी स्वैच्छिक स्वच्छता श्रमदान के साथ होगा। इस वर्ष यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन झ ग्रामीण और शहरी के संयुक्त तत्वावधान में पेयजल और स्वच्छता विभाग व शहरी और आवास मामलों का मंत्रालय संयुक्त पहल के रूप में चला रहा है।

मेरी स्पष्ट मान्यता हैं कि स्वच्छता ही सेवा कोई साधरण अभियान नहीं है। यह देश के सभी नागरिकों से स्वैच्छिक गतिविधियों के माध्यम से श्रमदान करने का आह्वान है। इसका उद्देश्य साझा जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना और स्वच्छता को लेकर सामूहिक दायित्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इस वर्ष यह अभियान 'कचरा मुक्त भारत' के संकल्प से जुड़ा है। हमारा उद्देश्य इस बात पर जोर देना है कि स्वच्छता हमारा सामूहिक दायित्व है और यह हम सबके दैनिक जीवन का अहम भाग होना चाहिए।

आज जब हम स्वच्छता ही सेवा अभियान की सफलता पर विचार कर रहे हैं, तो हमारे लिए इस असाधारण प्रयास के सभी पहलुओं की गहराई से अध्ययन करना भी बेहद जरूरी है।

अभियान के दौरान विजिबल क्लीनलिनेस अर्थात दृश्यगत स्वच्छता पर जोर देने के साथ ही इससे जुड़े समाज के गुमनाम नायकों, सफाई मित्रों, स्वच्छाग्रहियों, जल सहियाओं, आदि के कल्याण पर भी ध्यान दिया गया है। समाज में इन लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका की स्वीकृति के साथ और उनके उत्थान के लिए कार्य करना भी इस अभियान का सराहनीय पहलू है। ये वही लोग हैं जो हमारे समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए लगनशीलता से कार्य कर रहे हैं। 2023 सार्वजनिक क्षेत्रों के कायाकल्प के उद्देश्य से गतिविधियों की एक प्रभावशाली श्रृंखला के रूप में है। इसमें सार्वजनिक स्थानों की सफाई से लेकर स्वच्छता से जुड़े सभी उपकरणों का नवीनीकरण शामिल है। यह अभियान नदी तटों, जल निकायों, पर्यटन स्थलों और ऐतिहासिक स्मारकों की सफाई, प्राकृतिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दिखाता है। इन लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिहाज से पेयजल और स्वच्छता विभाग व आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के बीच सहयोगात्मक गठबंधन एक बेहतरीन मंच तैयार करता है।

ऐसे मौके पर स्वच्छता ही सेवा-2023 के माध्यम से अपनाए गए 'होल ऑफ गवर्नमेंट' दृष्टिकोण को रेखांकित करना भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस अभिनव दृष्टिकोण ने ऊऊहर और टङ्गळवअ के अलावा 59 सरकारी विभागों को 30,000 से अधिक गतिविधियां शुरू करने और पूरे देश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए अब तक 7.5 लाख से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाया है। इसके अलावा इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि समुदायों की अभूतपूर्व भागीदारी है। इसके तहत छात्रों, सरकारी कर्मचारियों और स्थानीय समुदायों सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने स्वच्छता के मुद्दे को संबोधित करने के लिए एकजुटता दिखाई है। स्त्रोत पर ही अपशिष्ट पृथक्करण के महत्व को देश के युवा समझ रहे हैं। इस समझ और जागरूकता के साथ वे अपने समुदायों में स्वच्छता का संदेश दे रहे हैं और स्वच्छता चैंपियन बन रहे हैं। इस अभियान से जुड़े सांस्कृतिक और अन्य विशेष कार्यक्रमों के जरिए स्वच्छता से जुड़े लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यापक जन-भागीदारी को बढ़ावा देने में अहम मदद मिल रही है।

यह अभियान इस वर्ष के लिए रळर पोर्टल के लॉन्च का भी साक्षी बना, जो इस पहल के तहत स्वैच्छिक कार्यों का विस्तृत रिकॉर्ड रखता है। इससे पारदर्शिता और जावबदेही भी सुनिश्चित हुई है, जो पहले इस तरह के अभियानों में देखने को नहीं मिलती थी। साथ ही नागरिकों और संगठनों के बेहतरीन प्रयासों से जुड़े रिकॉर्ड को संरक्षित रखने के लिए एक मंच भी तैयार हो गया है। रळर-2023 के साथ भारतीय स्वच्छता लीग के जुड़ जाने से इस अभियान में एक प्रतिस्पर्धी भावना का भी संचार हुआ है।

मैं देश के सभी नागरिकों से आग्रह और अपील करना चाहता हूं कि हमारे पूज्य राष्ट्रपिता के बताए रास्ते पर चलते हुए हम सभी श्रमदान की भावना को अपनाएं और एक अक्टूबर को स्वच्छता श्रमदान में स्वेच्छा से सक्रिय रूप से जुड़ें, अपने गांवों, कस्बों और शहरों को संपूर्ण स्वच्छ बनाने में श्रमदान करें।

जय भारत जय स्वच्छता

# समानता के लिए स्वच्छता का प्रशिक्षण



**भरत चन्द्र महतो**

**गांधीजी** की दक्षिण अफ्रीका से भारत की दूसरी यात्रा के दौरान, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में दुर्व्यवहार किए गए भारतीयों के मुद्दे की पैरवी करने के लिए कलकत्ता में कांग्रेस सत्र में भाग लिया। कांग्रेस शिविर की स्वच्छता की स्थिति भयानक थी। कुछ प्रतिनिधियों ने अपने कमरे के सामने बरामदे को शौचालय के रूप में इस्तेमाल किया, दूसरों ने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई। गांधी ने तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त की. जब उन्होंने स्वयंसेवकों से बात की तो उन्होंने कहा; ₹यह हमारा काम नहीं है, यह एक सफाईकर्मी का काम है।₹ गांधी ने झाड़ू मांगी और गंदगी साफ की। फिर उन्हें पश्चिमी कपड़े पहनाए गए। स्वयंसेवक आश्चर्यचकित थे लेकिन कोई भी उनकी सहायता के लिए आगे नहीं आया। वर्षों बाद, जब गांधी बने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मार्गदर्शक सितारे, स्वयंसेवकों ने कांग्रेस शिविरों में एक भंगी (सफाई कर्मचारी) दल का गठन किया, जहां एक समय ब्राह्मण भंगियों के रूप में काम करते थे।. हरिपुरा कांग्रेस में दो हजार शिक्षकों और छात्रों को सफाई कार्य के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया था। गांधी गंदगी और गंदगी साफ करने के लिए लोगों के एक समूह को अछूत करार देने के बारे में सोच भी नहीं सकते थे। वह भारत से अस्पृश्यता को समाप्त करना चाहते थे।

जब भी गांधीजी को थोड़ा सा भी सफाई का काम करने का अवसर मिलता, तो उन्हें खुशी होती। उनके लिए लोगों की स्वच्छता के मानक की कसौटी उनके शौचालयों की स्थिति थी। उन्होंने खुद को भंगी बताया और कहा कि अगर वह सफाईकर्मी बनकर मर सकें तो उन्हें संतोष होगा। उन्होंने रूढ़िवादी हिंदुओं से अछूतों के साथ उनका भी सामाजिक बहिष्कार करने को कहा।

**विचार मंत्र**

**डरबन में गांधीजी का घर पश्चिमी शैली में बनाया गया था। बाथरूम में पानी के लिए कोई आउटलेट नहीं था। उनके साथ रहने वाले क्लर्कों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कमोड और चैंबर-पॉट को साफ करना पड़ता था। उन्होंने अपनी पत्नी कस्तूरबा को भी ऐसा करने के लिए मजबूर किया।**

स्वच्छता पर जागरूकता पैदा करने के लिए मीडिया का उपयोगः

दक्षिण अफ्रीका में गोरे लोग भारतीयों को उनकी गंदी आदतों के कारण तुच्छ समझते थे। गांधी ने उनके क्वार्टरों का निरीक्षण किया और उनसे अपने घरों और आसपास को साफ रखने के लिए कहा। उन्होंने इसके बारे में सार्वजनिक बैठकों में बात की और अखबारों में लिखा। डरबन में गांधीजी का घर पश्चिमी शैली में बनाया गया था। बाथरूम में पानी के लिए कोई आउटलेट नहीं था। उनके साथ रहने वाले क्लर्कों द्वारा उपयोग किए जाने वाले कमोड और चैंबर-पॉट को साफ करना पड़ता था। उन्होंने अपनी पत्नी कस्तूरबा को भी ऐसा करने के लिए मजबूर किया। उन्होंने अपने छोटे बेटों को भी यह काम सिखाया। एक बार जब कस्तूरबा से उनकी जाति के क्लर्कों द्वारा उपयोग किए जाने वाले चैंबर-बर्तन को ले जाने के लिए कहा गया तो उन्होंने अपनी घृणा व्यक्त की। गांधीजी ने उसे डांटा और कहा कि यदि वह जातिगत पूर्वाग्रह का पालन करना चाहती है तो घर छोड़ दे। एक बार एक अछूत जोड़े को साबरमती आश्रम में प्रवेश देने के कारण उनके अपने ही समर्थकों द्वारा उनका सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया था।

गाँव के तालाबों का उपयोग नहाने, कपड़े धोने, पीने और खाना पकाने के लिए किया जाता है। कई गाँव के तालाबों का उपयोग मवेशियों द्वारा भी किया जाता है। भैंसों को अक्सर उनमें लोटते हुए देखा जाता है। आश्चर्य की बात यह है कि, गाँव के तालाबों का इस पापपूर्ण दुरुपयोग के बावजूद , गाँव महामारी से नष्ट नहीं हुए हैं। चिकित्सा साक्ष्य से पता चलता है कि गाँवों में शुद्ध जल आपूर्ति की कमी ग्रामीणों को होने वाली कई बीमारियों के लिए ज़िम्मेदार है।

# केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, राँची में हिंदी दिवस समारोह का आयोजन




**राजभाषा विभाग,** गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निदेर्शानुसार केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, राँची में श्री श्रीनाथ जोशी, महाप्रबंधक के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 14 सितंबर 2023 से 29 सितंबर 2023 तक ह्लहिंदी पखवाड़ाह्व मनाया गया। 29 सितंबर 2023 को ह्लहिंदी दिवस समारोहह्व का आयोजन किया गया। श्री श्रीनाथ जोशी, महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय, राँची ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कमल कुमार बोस, पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष, संत जेवियर्स कॉलेज, राँची की गरिमामयी उपस्थिति रही।

श्री बी.डी. कुजूर, उप महाप्रबंधक ने औपचारिक रूप से अपने स्वागत संबोधन से सभी का स्वागत किया। श्री करोलुस तिरू, मंडल प्रबंधक ने माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी एवं श्री प्रशांत कुमार सिंह, मंडल प्रबंधक ने केनरा बैंक के माननीय प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के. सत्यनारायण राजू जी के हिंदी दिवस के संदेश का वाचन किया।

मुख्य अतिथि डॉ. कमल कुमार बोस जी ने अपने व्यंग्यातमक शैली में हिंदी भाषा के महत्व के बारे में बताया तथा हिंदी कार्यांवयन पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमें हिंदी को जटिल बनाने की आवश्यकता नहीं है, कार्यालयी कार्यों में सरल हिंदी का प्रयोग किया जाए ताकि सभी इसे समझ पाएं।

श्री श्रीनाथ जोशी, महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि केनरा बैंक हिंदी व विभिन्न भारतीय भाषाओं के प्रयोग एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी से अपने दैनिक कार्यालयी कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने का आग्रह किया ।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि व कार्यपालकों ने हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं तथा केनरा बैंक राजभाषा अक्षय योजना एवं पुरस्कार योजना के विजेताओं को पुरस्कृत किया। श्री सुनील कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में राष्ट्रगान के गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर श्री ज्ञानेंद्र साहू, सहायक महाप्रबंधक; श्री मनोज कुमार, सहायक महाप्रबंधक; मंडल प्रबंधक श्री तपन कुमार दाश, श्री शिव शंकर तथा श्री आशीष मिश्रा और अंचल कार्यालय व शाखाओं के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

कृपया उपरोक्त समाचार को अपने बहु-चर्चित समाचार पत्र में सचित्र प्रकाशित करने का कष्ट करें।

आपके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई के लिए कृपया संलग्नक देखें ।

# गांधी जी की स्वच्छता संदेश में ही देश का विकास निहित है



**मृत्युजंय प्रसाद**

2 अक्टूबर, 2014 को भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर देशव्यापी स्वच्छता अभियान शुरू किया। स्वच्छ भारत की अवधारणा प्रत्येक परिवार को शौचालय, ठोस और तरल अपशिष्ट निपटान प्रणाली, गाँव की स्वच्छता और सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सहित स्वच्छता सुविधाएँ प्रदान करना है। हमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि के रूप में 2019 तक इसे हासिल करना है।

मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन राजनीति से परे, देशभक्ति से प्रेरित है, राजनीति से नहीं. उन्होंने लोगों से ' ना मैं गंदगी करूंगा, ना मैं गंदगी करने दूंगा' का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के हिस्से के रूप में एक वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाई , जो सिर्फ एक नारा नहीं है, बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। इससे लोगों की सोच गांधीजी के स्वच्छता के विचार की ओर मुड़ गयी। इसकी क्या जरूरत है? गांधीजी ने इस विचार को देश पर कैसे प्रभावित किया और कैसे संप्रेषित किया? इन सवालों के जवाब के लिए स्वच्छता के बारे में महात्मा गांधी के विचार जानना जरूरी है।

**स्वछता का महत्व:**

गांधीजी के नेतृत्व में भारतीयों को आजादी तो मिल गई, लेकिन स्वच्छ भारत का उनका सपना आज भी अधूरा है। महात्मा गांधी ने कहा था स्वच्छता स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने साफ-सफाई और स्वच्छता को गांधीवादी जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाया। उनका सपना सभी के लिए संपूर्ण स्वच्छता का था। शारीरिक खुशहाली और स्वस्थ वातावरण के लिए स्वच्छता सबसे महत्वपूर्ण है। इसका असर सार्वजनिक और व्यक्तिगत स्वच्छता पर पड़ता है। हर किसी के लिए साफ-सफाई, स्वच्छता, साफ-सफाई और खराब स्वच्छता स्थितियों के कारण होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में सीखना आवश्यक है। कम उम्र में सीखी गई आदतें व्यक्ति के व्यक्तित्व में समाहित हो जाती हैं। भले ही हम छोटी उम्र से ही भोजन से पहले हाथ धोना, दांतों की नियमित सफाई और स्नान जैसी कुछ आदतें विकसित कर लें, फिर भी हमें सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की कोई परवाह नहीं है।




गांधीजी ने स्वच्छता और अच्छी आदतों पर जोर दिया और अच्छे स्वास्थ्य से इसका घनिष्ठ संबंध बताया। किसी को भी सड़कों पर थूकना या अपनी नाक साफ नहीं करनी चाहिए। कुछ मामलों में थूक इतना हानिकारक होता है कि रोगाणु दूसरों को संक्रमित कर देते हैं। कुछ देशों में सड़क पर थूकना एक आपराधिक अपराध है। जो लोग पान और तम्बाकू चबाकर थूकते हैं उन्हें दूसरों की भावनाओं का कोई ख्याल नहीं होता। नाक से निकलने वाला थूक, बलगम आदि को भी मिट्टी से ढक देना चाहिए। ( नवजीवन दिनांक 2 नवम्बर, 1919)।

**परिवार और पश्चिम का प्रभाव:**

गांधी परिवार राजकोट में काफी मशहूर था. उनके पिता और दादा राजकोट और अन्य पड़ोसी राज्यों में दीवान (प्रधान मंत्री) के रूप में कार्यरत थे। एक प्रधान मंत्री के बेटे और एक प्रतिष्ठित बैरिस्टर होने के नाते, उन्हें शहर में घर-घर जाकर नालियों का निरीक्षण करने के लिए साहस की आवश्यकता होगी। आवश्यकता पड़ने पर गांधी नैतिक साहस दिखाने में शायद ही कभी असफल रहे।

उसके नगर में उका नामक मेहतर (सफाई करने वाला) सफाई का काम करता था। यदि गांधी कभी उका को छूते थे, तो उनकी मां पुतलीबाई उन्हें स्नान कराती थीं। गांधी, अन्यथा एक विनम्र आज्ञाकारी पुत्र, को यह पसंद नहीं आया। 12 साल का बेटा अपनी मां से करता था बहस; ₹उका गंदगी साफ करके हमारी सेवा करता है, उसका स्पर्श मुझे कैसे प्रदूषित कर सकता है? मैं आपकी अवज्ञा नहीं करूंगा, लेकिन रामायण में कहा गया है कि राम ने एक चांडाल (अछूत समझी जाने वाली जाति) गुहाक को गले लगाया था। रामायण हमें गुमराह नहीं कर सकती।₹ पुतलीबाई को अपने तर्क का कोई उत्तर नहीं मिला। उन्होंने कई पश्चिमी रीति-रिवाजों की आलोचना की लेकिन बार-बार स्वीकार किया कि उन्होंने स्वच्छता पश्चिम से सीखी है। वह भारत में उस प्रकार की स्वच्छता लाना चाहते थे।

यह आदत मुझमें इतनी पक्की हो गई है कि चाहकर भी मैं इसे बदल नहीं पाऊंगा। न ही मैं इसे बदलना चाहता हूं(नवजीवन 24 मई, 1925)। (वरीय अधिवक्ता सिविल कोर्ट रांची।)

# बापू स्वच्छता को ईश्वर से अधिक महत्वपूर्ण मानते थे



**निरंजन राम**

गांधीजी के समूह ने गांवों में जन संपर्क कार्यक्रम चलाया। तेंदुलकर लिखते हैं, सुबह के मार्च के अंत में, उनकी पार्टी के पुरुषों और महिलाओं का एक जत्था अपने साथ झाड़ू और कुदाल लेकर शिविर के पास गांव के हरिजन बस्तियों में गया। उन्होंने स्वच्छता की आवश्यकता, अपने आंगनों को साफ रखने, कूड़े को इधर-उधर उड़ने के बजाय दफनाने की आवश्यकता के बारे में बात की। जब गांधी बातचीत में लगे हुए थे, तो उनके साथ आए लोग स्वयं बस्ती की सफाई करने लगे। उन्होंने खुले में मलमूत्र को फैलने से रोकने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, क्योंकि इससे मक्खियाँ आकर्षित होती थीं और बीमारियाँ फैलती थीं।

यहां तक कि जब स्वास्थ्य के बारे में बात की गई और यह बताया गया कि बीमारी कभी-कभी अधिक खाने या गलत भोजन खाने से हो सकती है, और इसलिए आत्म-संयम के लिए कहा जाता है, तो वह ग्रामीणों को स्वच्छता और स्वच्छता पर शिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर देने से नहीं चूके। उन्होंने कहा, आश्रम का असली काम लोगों को यह दिखाना है कि वे बीमारी से कैसे बच सकते हैं।

लगभग एक शताब्दी पहले, 4 फरवरी, 1916 को, उन्होंने मदन मोहन मालवीय के निमंत्रण पर, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के उद्घाटन पर भाषण दिया था। एक बिंदु पर, गांधी ने कहा कि वह 'सुनकर सोचना' चाहते थे और विश्वनाथ मंदिर की अपनी यात्रा को याद करने लगे। भगवान के इस घर की गंदी हालत से निराश होकर गांधी ने कहा, क्या यह महान मंदिर हमारे अपने चरित्र का प्रतिबिंब नहीं है? आसपास के घर किसी भी मानक की परवाह किए बिना बनाए गए थे, गलियाँ टेढ़ी-मेढ़ी और संकरी थीं और निश्चित रूप से गंदी थीं। उन्होंने अपने दर्द पर जोर देते हुए कहा, मैं एक हिंदू के रूप में भावनापूर्वक बोलता हूं, उन्होंने पूछा कि क्या अंग्रेजों के देश से चले जाने के बाद मंदिर साफ-सुथरे होंगे। (यह भाषण द पेंगुइन बुक ऑफ मॉडर्न इंडियन स्पीचेजः 1877 टू द प्रेजेंट में पुनः प्रस्तुत किया गया है),एक बार, खादी को बढ़ावा देने के लिए अपने दौरे के दौरान , सफाईकर्मियों को एक सार्वजनिक बैठक में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई जहां गांधी को बोलना था। जब गांधी को इसके बारे में पता चला, तो उन्होंने आयोजकों से कहाः ह्लआप अपने पर्स और अपने पते रख सकते हैं। मैं केवल अछूतों के साथ बैठक करने जा रहा हूं। बाकी सभी लोग जो चाहें, वहाँ आएँ।

अपनी मृत्यु से दो साल पहले गांधीजी कुछ दिनों के लिए बंबई और दिल्ली में सफाई कर्मचारियों की कॉलोनी में रहे। वह उसी आवास में रहना चाहता था और उनके भोजन में भाग लेना चाहता था, लेकिन तब वह प्रयोग के लिए बहुत बूढ़ा हो गया था।

गांधीजी एक बार वायसराय के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करने के लिए शिमला गए। उन्होंने अपने एक प्रमुख सहकर्मी को भंगी क्वार्टर देखने के लिए भेजा। उन्हें बताया गया कि उन्होंने भंगियों को जानवरों के स्तर तक गिरा दिया है और वे कुछ तांबे कमाते हैं, लेकिन केवल अपनी मानवीय गरिमा की कीमत पर। ह्लएक भंगी को देखो , वह गंदगी से घिरा हुआ भोजन कर रहा है। यह किसी का दिल तोड़ने के लिए काफी हैह्व।

न तो मंदिर और न ही अन्य सार्वजनिक स्थान गंदगी से मुक्त हैं। न तो नेता और न ही नागरिक वास्तविक उपायों के साथ हमारे शहरों और कस्बों को साफ करने की समस्या से विशेष रूप से जुड़े हुए हैं - अनावश्यक खपत को कम करना, कचरे को कम करना, गंदगी को उसके निर्दिष्ट स्थान तक सीमित रखना, हमारी नदियों और झीलों को साफ करना और हमारे पर्यावरण के साथ अधिक सम्मान के साथ व्यवहार करना।(वरीय अधिवक्ता सिविल कोर्ट राची हैं।)

# एक सुदंर कविता

**किसी की सुंदर कविता**

**प्यार देकर जो हमे विदा हुए संसार से,**
**आओ उनका स्वागत करें आज से।**

**वो हुए पुरखों में शामिल,**
**जो कभी थे साथ में।**
**आज से नमन करेंगे,**
**हम मन के द्वार से।।**

**पितर चरण में नमन करें,**
**ध्यान धरे दिन रात।**
**कृपा दृष्टि हम पर करें,**
**सिर पर धर दे हाथ।।**

**ये कुटुंब है आपका,**
**आपका है ये परिवार।**
**आपके आशीर्वाद से,**
**फले-फूले संसार।।**

**भूल चूक सब क्षमा करें,**
**कृपा करें भरपूर।**
**सुख संपत्ति से घर भरें,**
**कष्ट करें सब दूर।।**

**आप हमारे हृदय में,**
**आपकी हम संतान।**
**आपके नाम से है जुड़ी,**
**मेरी हर पहचान।।**

**प्रेषक - शिवानन्द तिवारी**